सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 13.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-213 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025
23 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# चाय बेचने वाले की वजह से ट्रेन में फैली आग की अफवाह: पवार

- जलगांव रेल हादसे पर बड़ा खुलासा
- 13 मरे हुए लोगों में से 10 की हुई पहचान



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव के पास हुए रेल हादसे को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पुष्पक एक्सप्रेस एक ट्रेन में एक चाय वाले ने आग की अफवाह फैलाई, जिसके कारण लोगों में अफरातफरी सी मच गई और यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में 13 लोगों की जान चली गई।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जलगांव ट्रेन दुर्घटना एक अफवाह के कारण हुई। दरअसल, एक चायवाले ने ट्रेन के अंदर आग लगने की झूठी खबर दी थी, जिससे यात्री घबराए और ट्रेन से कूदने लगे। बता दें कि यह हादसा लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में हुआ था। कुछ यात्री, जिन्होंने अलार्म चेन खींचने के बाद ट्रेन से उतरने का निर्णय लिया था, बुधवार शाम को जलगांव जिले में बगल की पटरी पर बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में 13 लोग मारे गए और 15 लोग घायल हो गए। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने इस बात का खुलासा करते हुए कहा कि एक चायवाले ने पेंट्री से चिल्लाकर कहा कि ट्रेन के कोच में आग लग गई है। दो यात्री, जो उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती से थे, ने इसे सुना और दूसरों को यह अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने कहा कि डरे हुए यात्री खुद को बचाने के लिए ट्रेन से कूद गए। ट्रेन की गति तेज थी, जिससे एक यात्री ने अलार्म चेन खींच दी। जब ट्रेन रुकी, तो लोग उतरने लगे और वे कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्रियों की मौत हो गई और शव क्षत-विक्षत हो गए। साथ ही पवार ने कहा कि यह हादसा आग लगने की अफवाह के कारण हुआ था। 13 मरे हुए लोगों में से 10 की पहचान हो गई है, और जो दो यात्री अफवाह फैलाने वाले थे, वे भी इस दुर्घटना में घायल हो गए।

# विकसित भारत के लिए एकजुट रहें : मोदी

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रधानमंत्री ने आमजन से किया आह्वान

- पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी को किया नमन
- हमें खुद को वैश्विक स्तर पर बनाना होगा सर्वश्रेष्ठ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोगों से विकसित भारत के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी। सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि नेताजी ने आराम के दायरे से बाहर निकलकर देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। पीएम ने आगे कहा, वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे। इसी तरह, हम सभी को एक विकसित भारत बनाने के लिए अपने आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा। हमें खुद को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा। हमें उत्कृष्टता को चुनना होगा और दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि बोस देश के स्वराज (स्वशासन) पर पूरी तरह केंद्रित थे और कई पृष्ठभूमि के लोग इस उद्देश्य के लिए एकजुट हुए। उन्होंने कहा, अब हमें विकसित भारत के लिए एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को भारत की एकता के लिए बोस के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों से सावधान रहना होगा जो देश को कमजोर करना चाहते हैं और इसकी एकता को तोड़ना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने बोस के नाम पर अंडमान में द्वीपों का नामकरण, इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करना और उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाना जैसे कई फैसलों का हवाला दिया, जो उनकी विरासत को बढ़ावा देने के लिए उनके काम पर जोर देने के लिए उनकी सरकार की तरफ से लिए गए थे। उन्होंने कहा कि बोस को भारत की विरासत पर गर्व था। उन्होंने कहा कि विकास की तेज गति लोगों की प्रगति, सशस्त्र बलों को मजबूत करने और समग्र विकास के साथ-साथ चलती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, आधुनिक बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया जा रहा है और सशस्त्र बलों की ताकत अभूतपूर्व तरीके से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आवाज के रूप में उभरा है। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक वीडियो साझा करते हुए लिखा- आज पराक्रम दिवस पर मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### चुनावी रण में उतरे मुख्यमंत्री योगी, केजरीवाल को दे दी खुली चुनौती

# क्या केजरीवाल यमुना में डुबकी लगा सकते हैं

- 10 दिन में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में स्नान किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनावी मैदान में अब यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को किराड़ी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया। मेरी पूरी कैबिनेट में कुंभ में डुबकी लगाई।

क्या केजरीवाल की कैबिनेट यमुना में स्नान कर सकती है? उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के चलते आज मुझे यहां आने का अवसर मिला है, आज मुझे नजदीक से यहां की सड़कों को देखने का अवसर मिल रहा है। मैं कल ही प्रयागराज से लखनऊ आया हूं, इस सदी का पहला महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में भव्यता से हो रहा है।

योगी ने कहा कि आप अनुमान करिए कि 13 जनवरी से पौष पूर्णिमा से आज तक इन 10 दिनों में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के संगम में पावन स्नान किया है। आप प्रयागराज में जाएंगे तो शानदार सड़कें मिलेंगी, कहीं गंदगी नजर नहीं आएगी और बिजली पूरे समय मिलेगी। सड़क से लेकर रेल तक और हवाई तीनों की बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलेगी। अगर हम मुख्यमंत्री के रूप में और पूरी कैबिनेट के साथ संगम में स्नान कर सकते हैं, तो मैं केजरीवाल जी से पूछता हूं कि क्या वो और उनकी कैबिनेट यमुना जी में स्नान कर सकते हैं? केजरीवाल ने यमुना को गंदे नाले में तब्दील कर दिया है। दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है ये आज मैं खुद देख रहा हूं, ये छूट आपने एक व्यक्ति और उसके साथियों को क्यों दे दी है? दिल्ली में इतना कूड़ा हर जगह है कि पूरी राजधानी की दुर्गति हो गई है। आज हमारे वाहनों को यहां उसी सीवर के पानी से गुजरना पड़ा। आजकल अपने भाषणों में केजरीवाल बार बार यूपी की चर्चा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि आज यूपी पूरे देश में एक मॉडल के रूप में विकसित हुआ है। दिल्ली और नोएडा की सड़कों को स्वयं देखिए, दिल्ली और गाजियाबाद की सड़कों को देखिए, जमीन और आसमान का अंतर आपको स्वयं नजर आएगा।


## थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को मान्यता

**बैंकाक।** थाईलैंड में अब समलैंगिक जोड़े विवाह कर सकते हैं। गुरुवार को थाईलैंड में समलैंगिक विवाह समानता कानून को मान्यता दे दी गई। जिसके बाद थाईलैंड ऐसा करने वाला दक्षिण पूर्व एशिया का पहला देश बन गया है। इसके अलावा, एशिया में ऐसा करने वाला नेपाल और ताइवान के बाद तीसरा देश बन गया है। इस कानून को मान्यता देने के बाद अब 18 साल से अधिक उम्र का कोई भी जोड़ा वहां विवाह कर सकता है। इसे एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है।



# जनवरी में ही निकले पसीने

## टूटा 10 साल का रिकॉर्ड, बारिश भी न गिरा पाई तापमान



**नई दिल्ली।** राजधानी में जनवरी में ही सूरज ने मार्च माह जैसी गर्मी का अहसास करा दिया है। बृहस्पतिवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। 23 जनवरी को न्यूनतम तापमान बीते 10 वर्ष में सबसे अधिक रहा। यह 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जबकि 2015 में इसी दिन 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। बुधवार रात को हल्की बारिश होने के बाद भी तापमान में कोई बड़ी गिरावट नहीं आई है। मौसम विभाग की मानक वेधशाला सफदरजंग में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। बीते तीन साल बाद सबसे अधिक पांच दिन बारिश वाला महीना रहा। जबकि 2022 में इस माह सात दिन बारिश दर्ज की गई थी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर मध्यम स्तर का कोहरा और कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। ऐसे में आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। उधर, बृहस्पतिवार को लोगों ने धूप का आनंद लिया।

## हाई स्पीड में वाहन चलाने वालों की खैर नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर लगाम कसने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण नियम अधिसूचित किए हैं। ये नियम 1 जुलाई से लागू होंगे। नए नियमों के आने के बाद तेज रफ्तार गाड़ी चलाने वालों पर शिंकजा कसेगा। उपभोक्ता मामलों के विधिक माप विज्ञान प्रभाग ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण के नियमों को अधिसूचित किया है। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि नए नियम 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होंगे। नियमों के प्रावधानों का पालन करने के लिए उद्योग जगत को पर्याप्त समय दिया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमों में बड़ी संख्या में वकीलों के नाम जोड़े जाने पर जताई चिंता

- वकीलों के नाम 10 पन्नों में जबकि आदेश कुछ पन्नों का
- सुप्रीम कोर्ट ने तिहाड़ अधिकारियों के निलंबन को लिया वापस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी संख्या में वकीलों द्वारा मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पर चिंता जाहिर की है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा वकीलों के नाम 10 पन्नों में आते हैं, जबकि आदेश केवल कुछ पन्नों का होता है। सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अगर कोई वकील प्रभावी और सक्रिय तरीके से अदालत की मदद करता है, तो उसका नाम मामले में जोड़ने में कोई समस्या नहीं है। पीठ ने कहा कि हम मामले में कोई आदेश पारित नहीं कर रहे हैं कि अधिवक्ताओं के नाम आदेश में कैसे शामिल किए जाने चाहिए। लेकिन चूंकि आप बार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हम सुनवाई कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने यूनिटेक समूह के पूर्व प्रवर्तकों को कथित तौर पर सुविधाएं मुहैया कराने वाले तिहाड़ केंद्रीय जेल के एक अधिकारी को निलंबित करने का आदेश वापस ले लिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने छह अक्तूबर 2021 को दिया गया ये आदेश वापस लिया। इस आदेश में जेल में बंद यूनिटेक के पूर्व मालिकों को सुविधाएं देने आरोपों में तिहाड़ के अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया। बता दें कि इन अधिकारियों को दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना द्वारा की गई जांच के दौरान प्रथम दृष्टया संलिप्त पाया गया था।

### अटैक मामला — बांग्लादेशी होने के मिले सबूत

# सैफ के हमलावर ने कबूला अपना गुनाह

- पहचान छिपाने के लिए बदल लिया था हुलिया
- बांग्लादेश में बाइक टैक्सी चलाता था मोहम्मद शरीफुल



**मुंबई।** सैफ अली खान पर अटैक मामले में बड़ा अपडेट आया है। आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस को उसने बताया कि वह सिर्फ चोरी करने के मकसद से घर में घुसा था। मोहम्मद शरीफुल इस्लाम बांग्लादेश से है।

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को उसका बांग्लादेशी आईडी कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिला है। इसमें उसका नाम शरीफुल इस्लाम लिखा गया है। उसके पिता का नाम मोहम्मद रुहुल अमीन है। उसकी उम्र 31 साल दर्ज है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, शरीफुल इस्लाम सात महीने पहले अवैध रूप से दावकी नदी पार करके हिंदुस्तान में दाखिल हुआ था। पहले कुछ सप्ताह वेस्ट बंगाल में रहने के बाद नौकरी की तलाश में मुंबई आ गया। उसने एक स्थानीय व्यक्ति के आधार कार्ड का इस्तेमाल करके सिमकार्ड हासिल किया था। पुलिस ने कुछ दिन पहले ही आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने सैफ के घर पर क्राइम सीन रीक्रिएट किया था। सैफ पर जिस चाकू से हमला किया गया था पुलिस ने उसका तीसरा टुकड़ा भी बरामद कर लिया है। आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम ने बांद्रा लेक के पास चाकू का ये टुकड़ा फेंका था। पूछताछ में पुलिस को इस बारे में पता चला था ,जिसके बाद से पुलिस की टीम उस इलाके में गई और करीब डेढ़ घंटे की छानबीन के बाद पुलिस के हाथ वो टुकड़ा लगा। अब पुलिस इस मामले की आगे की जांच में जुटी है। सूत्रों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मोहम्मद शरीफुल वर्ली कोलीवाड़ा में एक सैलून में बाल कटवाने गया था। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए अपने बाल कटवा लिए थे और अपना हुलिया भी बदल लिया था। दरअसल, सैफ पर हमला करने के बाद आरोपी सोसायटी के एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद शरीफुल के पिता मोहम्मद रुहुल अमीन ने कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि उनका 30 वर्षीय बेटा मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद अप्रैल 2024 में काम की तलाश में भारत गया था।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ द्वारा

**‘परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,’**

विषय पर प्रदर्शित की जाने वाली झाँकी




**झाँकी की विशेषतायें**

(1) **झाँकी के प्रथम भाग** में अनेकता में एकता प्रदर्शित करते हुए एक ग्लोब के ऊपर एक ही परमपिता परमात्मा की ओर से युग–युग में भेजे गये अवतारों राम, श्रीकृष्ण, महात्मा बुद्ध, ईसा मसीह, मोहम्मद साहब, गुरू नानक देव तथा बहाउल्लाह को उस युग की आवश्यकता के अनुरूप दी गई मर्यादा, न्याय, सम्यक ज्ञान, करूणा, भाईचारा, त्याग और हृदय की एकता का संदेश देते हुए दिखाया गया है।

(2) **झाँकी के द्वितीय भाग** में एक ही छत के नीचे मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा, बौद्ध विहार, बहाई मन्दिर आदि विभिन्न पूजा स्थल दिखाये गये हैं, जो यह संदेश दे रहे हैं कि सभी धर्मों का स्रोत एक ही परमपिता परमात्मा है। इसी छत के नीचे सी.एम.एस. के बच्चे **"परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,"** गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर रहें है।

(3) **झाँकी के तृतीय भाग** में एक स्कूल को समाज के प्रकाश के केन्द्र के रूप में दिखाया गया है। इस स्कूल में एक बच्चे को विश्व नागरिक के रूप में विकसित करने के लिए उसे राम की मर्यादा, कृष्ण का न्याय, बुद्ध का सम्यक ज्ञान, ईशु की करूणा, मोहम्मद के भाईचारा, गुरू नानक देव जी के त्याग एवं बहाउल्लाह द्वारा दिये गये हृदय की एकता की शिक्षाओं को देते हुए दिखाया गया है।

(4) **इस झाँकी के चौथे एवं अंतिम भाग** में एक बच्चे को ग्लोब उठाये हुए दिखाया गया है जो सारे विश्व को **‘वसुधैव कुटुम्बकम्’** अर्थात **‘विश्व परिवार हमारा है’** की शिक्षा दे रहा है। हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य–4 (SDG 4) के अनुसार भारत एवं विश्व के सभी स्कूलों को विश्व नागरिकता की शिक्षा देनी है, जिससे बच्चे सारी वसुधा को कुटुम्ब मानते हुए उसे सुन्दर और सुरक्षित बनाने का प्रयास कर सकेंगे।

**झाँकी गीत**

परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,
सारे जग में गूँज उठे, जग जगत का नारा है।
चाहे हिन्दू, चाहे मुस्लिम, सिक्ख ईसाई हो,
रूसी, चीनी, अफ्रीकी हो चाहे थाई हो,
एक बाग के फूल हैं हम, ये चमन हमारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

नानक, ईसा, बुद्ध, मोहम्मद प्रेम का पाठ पढ़ायें,
ऊंच नीच का बन्धन तोड़ो, सभी सन्त बतलायें,
सत्य अहिंसा के फूलों से चमन संवारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

रामायण, बाइबिल, कुरान दे, श्रद्धा, प्रेम और भक्ति,
धर्म शास्त्र देते सबको, निष्काम कर्म की शक्ति,
अलग–अलग हैं धारायें, पर एक किनारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

एक चन्द्र है और एक सूरज, एक भूमि पर रहते,
एक ईश की छाया सब पर, भेदभाव क्यों करते,
हम एक ही थे, हम एक रहें, संकल्प हमारा है,
सारे जग में गूँज उठे...

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ

# हजारों की तादाद में डीएम ने बच्चों ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर गुरुवार को जिले के हजारों स्कूली छात्र



छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का न केवल संकल्प लिया बल्कि दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस मानव श्रृंखला में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक, शिक्षणेत्तर स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मानव श्रृंखला में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जो सड़क जागरूकता, देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाई। डीएम-एसपी ने मानव श्रृंखला के लिए निर्धारित रूट का भ्रमण कर उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह, एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी, पीटीओ कौशलेंद्र यादव, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में सड़क जागरूकता की भावना जगाना और जनभागीदारी की भावना से सड़क सुरक्षा माह व्यापकता से मनाना है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले में नवाचार के तहत कलेक्ट्रेट को केंद्र मानकर 10 किमी की परिधि में जोन ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित स्टेकहोल्डर समन्वित प्रयास करते हुए एक एकीकृत कार्यक्रम के तहत इस जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस जोन में दो एनएच, दो स्टेट हाईवे, चार प्रमुख जिला मार्ग और अन्य जिला मार्ग सहित शहरी क्षेत्र के मार्ग भी शामिल हैं। गाइडलाइन के अनुसार इंजीनियरिंग, जागरूकता, प्रवर्तन के साथ-साथ आकस्मिक चिकित्सा को व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे जीरो मृत्यु दर के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस अनुशासन की मिसाल थे, उनके जन्म जयंती पर सड़क सुरक्षा का संकल्प लिया जाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वाधीनता सेनानी और युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और आगे भी रहेंगे उनकी प्रासंगिकता आज भी है, भविष्य में भी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करते समय सुभाष चंद्र बोस की अनुशासन प्रियता को अपने ध्यान में रखना होगा इन विद्यालयों के बच्चे हुए शामिल जीआईसी, जीजीआईसी, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कुँवरखुशवक्तराय कन्या इ0का0, सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज, कृषक समाज इण्टर कालेज, डीएस कालेज, गुरूनानक इण्टर कालेज, गुरूनानक विद्यक सभा, पीके इण्टर कालेज, गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज, इस्लामियाँ इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इण्टर कालेज, सेंट डॉनबास्को स्कूल अजमानी पब्लिक स्कूल, पं0 दीन दयाल स0वि0मं0 इण्टर कालेज, ला मटीना इण्टर कालेज सहित सभी जिला मुख्यालय के विद्यालय कलेक्ट्रेट से लेकर विभिन्न मार्गो से होती हुई कई किमी तक बनाई गई मानव श्रृंखला में शामिल बच्चे खासा उत्साहित दिखे, इस दौरान वह हाथों में सड़क जागरूकता का संदेश देती तख्तियां लिए जागरूकता नारे लगाते नजर आए।

# नेताजी ने आजादी के लिए अपनी प्राणों की आहुति दीः अनुराग पटेल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूम धाम से मनाई गई द्य उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। लोहिया भवन पर एकत्र कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी ने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा तथा जयहिंद, दिल्ली चलो, जैसे नारों से लोगों में देशभक्ति की भावना को उजागर किया और स्वतंत्रता आंदोलन में कूदने की अलख जगाई, उनके द्वारा दिया गया। जय हिंद का नारा आज भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है आज हम इस महान योद्धा की सुभाष चंद्र बोस को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहा कि नेताजी ने आजादी के लिए अपनी प्राणों की आहुति दे दी नेताजी ने ब्रिटिश काल में इंडियन सिविल सर्विस में चौथा रैंक हासिल किया था परंतु उन्होंने नौकरी नहीं की बल्कि देश को अंग्रेजों से आजाद करने के लिए इस प्रतिष्ठित पद को ठुकरा दिया तथा शेष जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया। इस अवसर पर सपा नेताओं में अशोक कश्यप, संजीव कुमार मिश्रा उर्फ़ मुन्ना ने भी संबोधित किया और इस अवसर पर समाजवादी पार्टी नेताओं में अमित वर्मा, शेखू मिर्जा, मो अफजाल, रवि शंकर वर्मा, अनुराग त्रिवेदी, रामकुमार यादव, खुर्शीद अहमद, ऋषि राज गौतम, ध्रुव मौर्या, राशिद पठान, आशिफ अली, साहनवा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे लिए।

## अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 13/2025 धारा 69/351(2)/352 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त रियासत खान पुत्र साकिर खान निवासी ग्राम इमामीपुरवा थाना शारदानगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ओवरलोड गन्ना भरा ट्रक अचानक बीच सड़क पर पलटा

**लखीमपुर-खीरी।** नेशनल हाइवे 730 पर गुरुवार की दोपहर खुटार से गोला चीनी मिल लेकर जा रहा ओवरलोड गन्ना भरा ट्रक अचानक बीच सड़क पर भरभराकर गिर पड़ा। जिससे करीब दो घंटे तक हाइवे पर वाहनों की लंबी जाम लगी रही। गनीमत रही कि हाइवे पर निकल रहे कोई भी वाहन सवार व राहगीर ट्रक की चपेट में नहीं आया, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने मौके पर पहुंच क्रेन की मदद से ट्रक को हाइवे से हटवाया, तब जाकर हाइवे पर यातायात सुचारु रूप से शुरू हो पाया। इन दिनों नेशनल हाइवे 730 पर ओवरलोड गन्ना भरे ट्रक किसी बड़े खतरे का सबब बने हुए हैं। गुरुवार को दोपहर में थाना हैदराबाद के मुरादपुर गांव में बजाज हिन्दुस्तान चीनी मिल गोला गन्ना लेकर जा रहा ओवरलोड गन्ना भरा ट्रक किसी वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में बीच सड़क पर भरभराकर गिर पड़ा। इस दौरान कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी जाम लग गई। गनीमत रही कि हाइवे पर निकल रहे कोई वाहन व राहगीर ट्रक की चपेट में नही आया। नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

## विषैले पदार्थ के सेवन से किशोरी की हालत बिगड़ी

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी की विषैले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी ले जाया गया। क्षेत्र के ग्राम भैंठिया निवासी महादेव की 15 वर्षीय पुत्री प्रियंका की विषैला पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दोस्त के यहां से निमंत्रण कर वापस लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र के गांव ढसरापुर निवासी एक युवक दोस्त के यहां से निमंत्रण कर वापस लौट रहा था। रास्ते में गोला रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव ढसरापुर निवासी राजेन्द्र प्रसाद का 26 वर्षीय पुत्र लालू बुधवार की शाम एक दोस्त के यहां निमंत्रण में जाने की बात कहकर घर से मोटरसाइकिल से निकला था। उनके पिता राजेन्द्र को घटना की जानकारी रात करीब 11 बजे हुई कि सड़क हादसे में घायल लालू गंभीर हालत में जिला अस्पताल में हैं। परिजन जब जिला अस्पताल पहुंचे तब तक लालू की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में चारपाई पर पाया गया एक नवविवाहिता का शव

**लखीमपुर-खीरी।** पढुआ थाना क्षेत्र के गांव गड़रियापुरवा में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में चारपाई पर पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज की डिमांड पूरी न होने पर उसकी गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मझगई थाना क्षेत्र के गांव बिचपरी निवासी मृतका के पिता रामू ने बताया कि उन्होंने अपनी 22 वर्षीय पुत्री अर्चना की शादी नौ माह पहले पढुआ थाना क्षेत्र के गांव गडरियापुरवा निवासी जगजीवन पुत्र धनीराम के साथ की थी। उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार बिटिया को दान दहेज भी दिया। आरोप है कि ससुराली जनों द्वारा की जा रही दहेज की अतिरिक्त मांग को वह पूरा नहीं कर पाए। इसी के चलते उनकी बेटी की ससुराली जनों ने गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी गुरूवार की सुबह उनकी दूसरी बेटी को फोन पर हुई। सूचना पर जब वह बेटी के ससुराल पहुंचे तो अर्चना का शव घर में चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

## सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर मानव श्रंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा, मानव श्रंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित किये तथा भारत की आजादी के आन्दोलन में नेता जी के योगदान के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई एवं सड़क सुरक्षा मानव श्रंखला में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा अभियान में अधिक से अधिक योगदान करने की अपील की। इस अवसर पर डा0 जे0एन0 सिंह, प्रो0 एस0के0 पाण्डेय, प्रो0 नीलम त्रिवेदी, चीफ प्राक्टर प्रो0 सुभाष चन्द्रा, प्रो0 ज्योति पन्त, असिस्टेन्ट प्रोफेसर डा0 अमित सिंह, धर्म नरायण, योगेश दुबे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित करें।

## सर्द हवा चलने के कारण गलन बरकरार

**लखीमपुर खीरी।** बृहस्पतिवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। कोहरे का असर बुधवार रात से ही शुरू हो गया था। रात में हाईवे पर दृश्यता तीन-चार मीटर हो गई थी। इसके कारण वाहनों की रफ्तार थम सी गई। बृहस्पतिवार सुबह कोहरे के कारण वाहन लाइट जलाकर निकले। सर्द हवा चल रही है, जिसके कारण गलन भी बरकरार है।

# इंडो नेपाल बार्डर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे सीएमओ

*अवधनामा संवाददाता*

चार कर्मचारी गैर मिले हाजिर

लखीमपुर-खीरी ।इंडो नेपाल बार्डर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने सीएमओ पहुंचे चार कर्मचारी गैर हाजिर मिलने पर एक दिन का वेतन कटा और कारण बताओ नोटिस दी गयी। गुरुवार की सुबह दस बजे सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता लगभग 100 किलोमीटर दूर भारत नेपाल सीमा के निकट स्थित पीएचसी संपूर्णानगर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने पीएचसी खजुरिया, सबसेंटर खजुरिया और पीएचसी त्रिकोलिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले, वहीं त्रिकोलिया पीएचसी पर तैनात एमओ डॉ फ़राज़ की उनके अच्छे काम के लिए सराहना की। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि भारत नेपाल सीमा से लगी खीरी जिले की सीमाओं पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने को लगातार काम किया जा रहा है। इन्हीं के निरीक्षण को गुरुवार को सुबह 10 बजे पीएचसी संपूर्णानगर पहुंचे। यहां चार माह में सिर्फ 12 प्रसव ही कराए गए थे। इसे देखकर सुविधाओ में और अधिक सुधार के निर्देश दिए। वहीं पीएचसी खजुरिया में वार्ड बॉय अखिलेश और स्वीपर राकेश कुमार अनुपस्थित मिले। एमओ डॉ यूबी मौर्य और सीएचओ अपना कार्य करते हुए पाए गए। इसके बाद उपकेंद्र खजुरिया पहुंचे। एएनएम गुरुवार को आयोजित होने वाले क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। पीएचसी त्रिकोलिया में स्टाफ नर्स राजवंत कौर उपस्थित मिली। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वह अनियमित रहती हैं। इसमें सुधार के निर्देश दिए गए। इसी के साथ सीएचओ प्रीति यादव और फार्मासिस्ट सचिन भी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित समस्त कर्मचारियों के एक दिन के वेतन को रोकने के साथ कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी दौरान यह भी पाया गया कि पलिया- संपूर्णानगर मार्ग से त्रिकोलिया पीएचसी जाने वाले मार्ग को बनवाने की आवश्यकता है।

## बाइक से आने वाले अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार जिनके पास हेलमेट नहीं है उनको कार्यालय में नहीं मिलेगी इंट्री

### हेलमेट को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने नई पहल की

**लखीमपुर खीरी।** हेलमेट को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने नई पहल की है। बाइक से आने वाले अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार जिनके पास हेलमेट नहीं है उनको कार्यालय में इंट्री नहीं मिलेगी। 25 जनवरी से इसे लागू किया ज रहा है। इसको लेकर नोटिसें सभी पांच डिवीजनों के गेट पर चस्पा कर दी गई है। बताते चलें कि 26 जनवरी से बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा इसको लेकर डीएम ने सभी पेट्रोल पम्प चालकों को निर्देश दिया है। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड तरुणेन्दु त्रिपाठी ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने, सड़क हादसे व हादसों में मृत्यु दर को कम करने के लिए बाइक चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि कार्यालय में काम करने वाले सभी कर्मचारी, अधिकारी बाइक से आने वाले ठेकेदारों को हेलमेट के प्रयोग को लेकर जागरूक करने को 25 जनवरी से हेलमेट जरूरी किया गया है। सभी से अपील की गई है कि वह कार्यालय आएं तो हेलमेट जरूर लगाकर आएं। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंताओं ने कहा है कि बाइक से आने वाले वह कर्मचारी जो बिना हेलमेट के आएंगे उनको इंट्री नहीं दी जाएगी। उस दिन अनुपस्थत माना जाएगा। इसको लेकर सभी डिवीजनों में सूचना भी चस्पा की गई है।

## मशहूर शायर व अदीब डॉ. ताबिश मेहंदी का हुआ निधन

**लखीमपुर-खीरी।** उर्दू शायरी को नई ऊंचाइयां देने वाले मशहूर शायर व अदीब डॉ. ताबिश मेहंदी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनके निधन से उर्दू जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उर्दू और शायरी प्रेमियों ने डॉक्टर ताबिश मेहंदी को खिराजे अकीदत पेश की। बज़्में -सागरे हरम लखीमपुर के तत्वावधान में एक शोक सभा हुई। राजकीय विद्यालय हिंडोलना के प्रिंसिपल डॉ. कमाल अख्तर की अध्यक्षता में होने वाली इस शोक सभा में डॉक्टर मोहम्मद शफी सीतापुरी ने कहा कि दर्जनों किताबों के लेखक, शायर, समीक्षक और शोधकर्ता डॉ. ताबिश मेहंदी कई वर्षों से दिल्ली में रह कर साहित्य सेवा कर रहे थे। शोक सभा में निहाल रज़ा, शकील सागर, आसिफ खान, नफीस वारसी, नबील खान आदि ने डॉक्टर ताबिश मेहंदी के इंतकाल पर दुख व्यक्त किया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर किया सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** परिवहन विभाग के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में छात्र छात्राओं व एनसीसी कैडेट ने भारत के नक्शे में मानव श्रंखला बनाकर आम जनमानस कोयातायात के नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाया जा सकें।



स्थानीय दिल्ली रोड स्थित पाइन वुड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ट्रैफिक्र सिद्धार्थ वर्मा ने छात्र-छात्राओं एनसीसी कैड़ेटस व ट्रैफिक्र वार्डनो को यातायात के नियमों का स्वयं पालन करने व अपने अभिभावकों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर आयुक्त रमेश यादव, संभागीय परिवहन अधिकारी देवमनी भारतीय व वीके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एमपी सिंह व प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान, महासचिव सुधीर जोशी ने नेता जी सुभाष चन्द बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को देश सेवा के साथ-साथ सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सडक सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ.प्रवीण कुमार, अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय कुमार, एसीएमओ डॉ.कुणाल जैन, डा.योगेन्द्र दुधेरा, यातायात प्रभारी अमित तोमर, टीएसआई लोकेश कुमार, पी.टी.ओ केएन पाण्डे, पाइन वुड स्कूल की निदेशक श्रीमती संतोष गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ.संजीव जैन, बाल मनोवैज्ञानिक आँचल बजाज, विद्यालय के शिक्षक, एनसीसी केडेट्स, पुलिस एवं परिवहन विभाग के आरक्षी, परिवहन व्यवसायी एवं स्वयं सेवी संस्थानों से जुडे व्यक्ति मौजूद रहें।

## छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाला प्रोफेसर भेजा जेल

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली पुलिस ने गुरू शिष्य की परंपरा को तार-तार कर छात्रा के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में नामजद प्रोफेसर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 21 जनवरी को वादिया की तहरीर पर वादिया के कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार बिंद पुत्र राम किशून बिंद निवासी प्रसादका पुरा थाना सराय ख्वाजा जनपद जोनपुर हाल निवासी अनुभव गार्डन कस्बा व थाना नानौता द्वारा वादिया के साथ अश्लील हरकत करने, वादिया का पीछा कर जान से मार देने की धमकी देने की सूचना पर थाना गंगोह पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज महिला उपनिरीक्षक सुश्री राखी शर्मा, उपनिरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नानौता चौक के पास से मुखबिर की सूचना पर नामजद प्रोफेसर अजय कुमार बिंद को गिरफ्तार कर लिया।

# गन्ना क्रय केन्द्र से लोहे के बाट चोरी करने वाला आरोपी दबोचा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने गन्ना क्रय केन्द्र में चोरी के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से चोरी के 50-50 किग्रा के लोहे के 8 बाट बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् दिवस वादी दीपक भट्ट पुत्र राजपाल निवासी ग्राम रणदेवा थाना नकुड़ की तहरीर पर आरोपी कमल उर्फ गुड्डू पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम सांपला थाना नकुड़, सुखविन्द्र पुत्र मलकीत सिंह निवासी ग्राम शेखपुरा थाना सरसावा हाल निवासी मौ.राधास्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा व. अमनदीप पुत्र फ़कीर सिंह निवासी मौ.राधास्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा के खिलाफ सामान चोरी करने का मामला दर्ज किया गया था।

उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा सरसावा से तीनों वांछित आरोपियों कमल, सुखविन्द्र व अमनदीप को चोरी किये गये 50-50 किग्रा. के 08 लोहे के बाट सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी श्री शर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी कमल ने खुलासा किया कि वह सरसावा शुगर मिल के गदरहेड़ी गन्ना क्रय केन्द्र पर पूर्व में चौकीदार था। मुझे क्रय केन्द्र पर रखे बाटो की पूरी जानकारी थी।

## हींग की मंडी में गत्ते की शीट गोदाम में लगी भीषण आग, दमकलों ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू

**आगरा।** आगरा के हींग की मंडी स्थित गत्ते के गोदाम में गुरूवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटें ऊपर उठ रही थी और देखने में ही यह काफी विकराल लग रही थी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। आग से गत्ते की काफी शीटें जल गईं। खबर लिखे जाने तक नुकसान का आंकलन नहीं किया गया।

हींग की मंडी काफी घना और पुराना बाजार है। यहां जूते की दुकानें और गोदाम बने हुए हैं। मोहम्मद कामरान का यहां गत्ते की शीट का गोदाम है। गुरूवार को इसी गोदाम में आग लग गई। गत्तो की वजह से आग तेजी से उठी और देखते ही देखते विकराल हो गई। आसपास की दुकानों को बचाने के लिए लोगों ने खुद ही आग बुझाने की कोशिश की। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई। लगभग एक घंटे में दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा था। खबर लिखे जाने तक नुकसान का आंकलन नहीं किया गया। हालांकि 50 हजार रुपये का माल जलने की सूचना है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नागरा, बलिया, उत्तर प्रदेश में नया बैंकिंग आउटलेट खोलकर अपनी उपस्थिति का विस्तार किया



*अवधनामा संवाददाता*

**बलिया।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ नागरा, बलिया, उत्तर प्रदेश में अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन करने की घोषणा करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने उत्तर प्रदेश में कुल 215 बैंकिंग आउटलेट्स और देशभर में 1043 आउटलेट्स की उपस्थिति सुनिश्चित की है।नागरा, बलिया के निवासी बैंक की व्यापक बैंकिंग उत्पादों की श्रृंखला का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट और रिकरिंग डिपॉजिट शामिल हैं। बैंक विभिन्न ऋण उत्पादों की भी पेशकश करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक की इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के माध्यम से एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित किया जाता है।विस्तार पर टिप्पणी करते हुए श्री गोविंद सिंह, एमडी और सीईओ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, नागरा, बलिया में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के ग्रामीण समुदायों के लिए वित्तीय पहुंच को सुधारने में एक महत्वपूर्ण कदम है। बलिया, जो अपनी कृषि आधारित जड़ें और बढ़ती उद्यमिता की भावना के लिए प्रसिद्ध है, हमारी सेवाओं के लिए एक आदर्श नींव प्रदान करता है। छ्स्ल मॉडल के माध्यम से माइक्रो-लोन जैसे वित्तीय उत्पादों की शुरुआत के साथ, हम स्थानीय व्यापारों, किसानों और परिवारों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए संसाधनों का उपयोग कर सकें। ये बैंकिंग आउटलेट्स माइक्रो-बैंकिंग लोन प्रदान करेंगे, जो उन गरीब या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यापार विकास सेवाओं के लिए मिलेगा, जिन्हें वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। छ्स्ल मॉडल एक समूह-गैरंटी लोन मॉडल है, जिसमें व्यक्तियों को बिना किसी व्यक्तिगत संपत्ति या सुरक्षा के ऋण प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन और ऋण की तत्काल अदायगी के माध्यम से क्रेडिट अनुशासन को बढ़ावा मिलता है।ग्राहक विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सकते हैं, जैसे कि बैंकिंग आउटलेट्स, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, युनिफाइड पेमेंट इंटरफेस और कॉल सेंटर।इसके अतिरिक्त, बैंक डिजी ऑन-बोर्डिंग नामक टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन-सहायता मॉडल के माध्यम से ग्राहकों को बिना बैंकिंग आउटलेट पर जाए अपना खाता खोलने की सुविधा भी प्रदान करता है।

## बाबरिया गैग का सक्रिय सदस्य एवं 25,000 हजार का इनामिया शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**आगरा।** पूर्व दिनों में लगातार हुई अपराधिक घटनाएं के चलते अब आगरा पुलिस सख्त नजर आ रही है। इन दिनों आए दिन अपराधिओं की धड़पकड़ हो रही है। इसी कड़ी में थाना फतेहाबाद पुलिस टीम व सर्विलांस सेल पूर्वी जोन द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये नकबजनी में वांछित चल रहा बाबरिया गैग का सक्रिय सदस्य एवं 25,000 हजार रूपये के इनामिया शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 20 मार्च 2023 को नेमीचन्द्र पुत्र पूरन सिंह द्वारा थाना फतेहाबाद पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 19 मार्च 2023 की रात्रि घर से अज्ञात लोगों द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी की गयी। जिसमें घर में रखे अलमारी से सोने के जेवरात व 700000 रू चोरी हो गये। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना फतेहाबाद पर मु0अ0सं0 81/23 धारा 457/380 भादवि पंजीकृत किया गया था।

गुरूवार को थाना फतेहाबाद पुलिस द्वारा फिरोजाबाद तिराहे पर चैकिंग की जा रही थी। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि आपके थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 81/23 धारा 457/380 भादवि में वांछित व इनामिया अभियुक्त मुकेश पुत्र रामप्रसाद, जनपद इटावा के ग्राम पीपरीपुर धार व ग्राम धर्मपुर के मध्य स्थित बाँबी पण्डित के ईट भट्ठा पर छुपकर नाम बदल कर ईट निकासी का काम कर रहा है। थाना फतेहाबाद पुलिस टीम द्वारा उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए बदायूँ निवासी अभियुक्त मुकेश पुत्र रामप्रसाद को बाँबी पण्डित के ईट भट्ठा से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त का लंबाचोड़ा अपराधिक इतिहास है।

## सोसाइटी में कुत्ता रखने का विरोध, घर में घुसकर की गाली-गलौज, पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एक ओर जहां कुत्ते को लोग भगवान का रूप मानते और घर में अपने परिवार के सदस्य की तरह रखते हैं तो वही कुछ ऐसे भी लोग है जो इनको पसंद नहीं करते। ऐसे ही एक मामले में जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र की एक सोसायटी में कुत्ता रखने को लेकर लोगों में ठनी हुई है। सोसायटी के कुछ लोग यहां पर रहने वाली महिला का विरोध कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि कुत्ता रखने का विरोध करने वालों ने घर में घुसकर अभद्रता की। जब पुलिस से शिकायत की तो सुनवाई नहीं हुई, तो मैंने मुकदमा दर्ज कराने के कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर सीजेएम ने सिकंदरा थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज मामले करने के निर्देश दिए। वही सिकंदरा थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। साक्ष्य संकलन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिकंदरा थाना क्षेत्र की महिला निवासी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें पीड़िता ने बताया कि मैंने एक लैब्राडोर कुत्ता पाल रखा है। आरोप है कि 22 सितंबर 2024 को सुबह 10 बजे कुत्ते को अपने फ्लैट से बाहर निकाला था, तभी सोसायटी के आसपास में रहने वाले लोग आ गए। कहा कि सोसायटी में कुत्ता नहीं रख सकती हूं लोगों ने विरोध किया। मैंने सभी को समझाने का प्रयास किया कहा कि मैंने कुत्ते को रखने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी की हैं।

पीड़िता का आरोप है कि सोसायटी में रहने वाले आरएस पैलवार, रुचि, पवन बंसल, रजनीश तिवारी समेत कुछ अज्ञात लोगों ने हंगामा किया और अभद्रता की। मैं फ्लैट के अंदर गई तो आरोपी वहां भी आ गए और मेरी पुत्र वधु के साथ अश्लील हरकतें कीं। इस दौरान एक साल का नाती, जो पुत्र वधु की गोद में था, उसे फर्श पर गिरा दिया। जिससे मासूम के सिर में चोट लगी। जब मैंने पुलिस से शिकायत की तो वहां पर सुनवाई नहीं हुई। इसके साथ ही आरोपियों ने मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। अब देखना होगा की सिकंदरा थाना पुलिस द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

अवधनामा



# अवधनामा द्वारा 'एक शाम शहीदों के नाम' कवि सम्मेलन व मुशायरा का होगा आयोजन

- देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम में शामिल होंगी नामचीन हस्तियां
- मुख्य अतिथि अवधनामा के महाप्रबंधक और राज्यपाल द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार इरशाद सिद्दीकी होंगे




**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** विगत वर्षों की भांति अवधनामा के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम कवि सम्मेलन व मुशायरा इस बार गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी दिन शनिवार को शाम 8 बजे अस्करगंज मैदान में आयोजित किया गया है।

यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक मनव्वर रिजवी एवं कन्वीनर कंचन त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए महानगर की नामचीन हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधनामा के महाप्रबंधक और राज्यपाल द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार इरशाद सिद्दीकी होंगे।

कवि सम्मेलन व मुशायरा के माध्यम से कवियों और शायरों द्वारा कविता पाठ से देश पर मर मिटने वाले सेनानियों को नमन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया जायेगा। रिजवी और त्रिपाठी ने कहा कि एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में कवियों और शायरों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कवयित्री चेतना पाण्डेय, मृत्युंजय उपाध्याय, महेश श्रीवास्तव, सरिता सिंह, शाकिर अली शाकिर, अब्दुल्लाह जामी, निखिल पाण्डेय एवं डा. फरीद कमर को आमंत्रित किया गया है। जबकि कार्यक्रम में उस्ताद शायर बेताब हल्लौरी एवं नौशाद हल्लौरी के जेरे निगरानी में सभी प्रोग्राम संचालित होंगे। कार्यक्रम संयोजक मनव्वर रिजवी एवं कन्वीनर कंचन त्रिपाठी ने समस्त देश प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# सपा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ो सपाइयों ने फतेहगढ़ जिला कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर फर्रुखाबाद जिला अधिकारी के समक्ष गत दिनों अयोध्या के तथाकथित महंत राजू दास द्वारा अपने ट्विटर हैंडल्स से देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के खिलाफ अश्लील एवं अपमानजनक टिप्पणी की गई थी जिसके विरोध में आज जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कई वरिष्ठ सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ फर्रुखाबाद जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से यह मांग की गई की तथाकथित महंत राजू दास पर अति शीघ्र मुकदमा कायम करके गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इस टिप्पणी से स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के सैकड़ो अनुयाइयों में बेहद रोष एवं सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयत्न किया गया है। अतः समाजवादी पार्टी यह मांग करती है कि ऐसे बाबाओं के खिलाफ मुकदमा चलना चाहिए जिससे समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने वालों में रोक लगा सके। इस अवसर पर ज्ञापन देने के उपरांत जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा की नेताजी देश की एक महान विभूति थे जिनके करोड़ अनुयाई हैं उन्होंने एक छोटे से गांव से निकाल के बहुत लंबा सफर तय किया परंतु कुछ लोगों को उनकी सफलता से अत्यंत घृणा होती है और वह इस तरीके के असमाजिक एवं अश्लील बयान देते हैं जिसकी रोकथाम होनी चाहिए।अमृतपुर के प्रभारी एवं प्रदेश सचिव डॉ जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जब भी धरती पर महापुरुष जन्म लेते हैं तो उनके खिलाफ टिप्पणी करने वाले रावण भी पैदा होते हैं और यही कार्य इन तथाकथित महंत राजू दास ने किया है वह शासन एवं प्रशासन से मांग करते हैं कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। कायमगंज के विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर ने कहा की कई वर्षों से पिछड़ों के नेताओं के साथ अलग मानसिकता से व्यवहार किया जाता रहा है परंतु स्वर्गीय नेताजी एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने सभी समाज को बढ़ाने का काम किया है।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में राजकिशोर शुक्ल ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने लिए शासन ने सड़क सुरक्षा माह मनाने का निर्णय लिया जिसके लिए प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने स्टाफ के साथ बच्चों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। आकाश पाल ने बच्चों को यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से होने वाले जान माल की हानि से बचा जा सकता है। प्रार्थना सभा में देश के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानाध्यापक ने आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का महान स्वतंत्रता सेनानी बताया। उन्होंने कहा कि कल उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, परसों राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस समारोह रविवार को मनाया जाएगा। इसी बीच 25 जनवरी से 31 तक द्वितीय सत्र परीक्षा का आयोजन होगा जिसमें सभी बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर उप्र में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फर्रुखाबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक कायमगंज डॉ सुरभि, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फर्रुखाबाद के 422, अमृतपुर के 241, कायमगंज के183 कुल 846 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि, विधायक सदर प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रुखाबाद, उपायुक्त उद्योग फर्रुखाबाद, नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई राजवीर सिंह व संबंधित उपस्थित रहे।

## पराक्रम दिवस पर किया नेताजी को नमन स्टेडियम में बनाई मानव श्रृंखला सड़क दुर्घटना रोकने के लिए ली शपथ



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी फर्रुखाबाद श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज 23 जनवरी को स्वर्गीय ब्रह्म दत्त द्विवेदी स्टेडियम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाए जाने हेतु मानव श्रृंखला बनाई गई। कार्यकम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि श्री अरविंद कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात अन्य जनपदीय अधिकारियों द्वारा भी नेताजी को नमन किया गया। स्टेडियम में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नेताजी अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प होकर कार्य करते थे और अपने कार्यों में सफल होते थे , इसी प्रकार यदि हम सब सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए दृढ़ संकल्प होकर जागरूकता उत्पन्न करने का कार्य करें तो अपने जनपद को दुर्घटनाओं से मुक्त बना सकते हैं । वर्ष 2024 में 390 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु अत्यंत दुखद है, अतः हमें सामूहिक प्रयास करते हुए दुर्घटनाओं को शून्य करना है। अपने संबोधन के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा शपथ के उपरांत राष्ट्गान गाया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी छात्रों को अल्पाहार एवं सड़क सुरक्षा साहित्य वितरित किया गया।

# संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में भाजपाइयों ने किया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** भाजपा द्वारा संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है और पार्टी संगठन तथा जनप्रतिनिधि मिल कर दलित वोटरों को यह समझाने की कोशिश में लगे हैं कि विपक्षी सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा भाजपा सरकार पर संविधान और आरक्षण विरोधी होने एवं संविधान बदलने का प्रयास करने के जो आरोप लगाकर लोकसभा चुनाव में दलित मतदाताओं के वोट हासिल कर लिए थे वो कांग्रेस और सपा की कोरी शिगूफेबाजी थी। भाजपा इसके लिए कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

भाजपा के संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के तहत गोखले नगर में सभासद दंगल यादव के निवास से लेकर गांधीनगर स्थित वाल्मीकि बस्ती तक जनसंपर्क कर भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने पत्रक बांटते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। अभियान में शामिल विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं पार्टी नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने दलित मतदाताओं से कहा, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के मूल्यों एवं आदर्शों से प्रेरित होकर बगैर किसी भेदभाव के हर गरीब, वंचित, दलित, महादलित, पिछड़े वर्ग और महिलाओं के हितों और उनके हक के लिए भाजपा निरंतर कार्य कर रही है जबकि विपक्षी दल सिर्फ झूठी अफवाह फैलाने में लगे हुए हैं। विपक्षी दल ही सबसे बड़े संविधान विरोधी हैं। इस दौरान महेंद्र सोनी, नरेश वर्मा, दंगल यादव, बादाम कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा, ओपी कुशवाहा, दीपक गर्ग, अनिल अग्रवाल, प्रभंजन गर्ग, राघवेंद्र निरंजन, सौरभ पुरवार, मनीष नगरिया, विक्रम तोमर, विनोद सोनी, ब्रजेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र राठौर, वसंत अग्रवाल, प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कल्याणपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े गाँव की आपूर्ति जुगाड़ के सहारे

**अम्बेडकरनगर।** बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से करने के लिए मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद कल्याणपुर उपकेंद्र से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति जुगाड़ पर टिकी है। बरियावन बाजार मुख्य मार्ग से केशवपुर की तरफ जाने वाले संपर्क मार्ग पर गांव के निकट टूटा बिजली का खंभा जुगाड़ से रोका गया है। आए दिन बिजली कर्मी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा। इससे हर समय राहगीरों पर खतरा बना है। जय सिंह, अमर सिंह, अशोक कुमार, राहुल यादव, सुनील यादव आदि ने बताया कि टूटे खंभे की जगह पर दूसरा लगाने के लिए कई बार विभागीय कर्मियों से शिकायत की गई। लेकिन गंभीरता से नहीं लिया गया। अवर अभियंता अरबिंद सिंह ने बताया कि बिजली कर्मी को जानकारी के लिए भेजा जा रहा है, जल्द ही उक्त स्थान पर नया खम्भा लगाया जाएगा।

## सपा राष्ट्रीय छात्र सभा ने महंत राजू दास का पुतला फूंका



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी छात्र सभा के सदस्य अखिल कठेरिया के नेतृत्व में फतेहगढ़ बनखरिया में उत्तर प्रदेश के कई बार के मुख्यमंत्री रहे एवं भारत सरकार में रक्षा मंत्री रहे स्व मुलायम सिंह यादव पर अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी करने पर छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए अयोध्या के महंत राजू दास का पुतला फूंक दिया। इस अवसर पर अखिल कठेरिया ने कहा कि हम सबके सर्व मान्यता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव थे जो की देश के बहुत बड़े नेता थे ऐसे बड़े नेता पर तथा कथित संत के भेष में रावण जैसी टिप्पणी करना संपूर्ण संत समाज का अपमान करना है एवं नेताजी पर यह टिप्पणी हम समाजवादी लोग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष महिला सभा पूजा कठेरिया, एससी एसटी जिला सचिव जतिन कठेरिया, करण साहब, आयुष पाल, कुणाल कठेरिया अभिषेक शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने आकस्मिक निरीक्षण किया

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने राजकीय इन्टर कालेज के अतिरिक्त कक्ष एवं पुस्तकालय के निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरशन लि0, बस्ती द्वारा कराया जा रहा है तथा छत एवं भवन से सम्बन्धित ध्वस्तीकरण कार्य प्रगति पर है। बरामदे के छत में सरिया व शटरिंग का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में गैलेन्ट कम्पनी की सरिया लगायी जा रही है। इस परिसर के शौचालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। उन्होने निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के दृष्टिगत सहायक अभियन्ता द्वारा बोर्ड परीक्षा के दौरान बैरीकेटिंग करके निर्माण कार्य चालू रखने को कहा। प्रधानाचार्य, राजकीय इन्टर कालेज को उन्होने निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य की मानीटरिंग करें एवं बोर्ड परीक्षा के समय संस्था द्वारा बैरीकेटिंग करके निर्माण कार्य किया जायेगा, जिसमें इन्हें सहयोग प्रदान करें।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अंतर्गत पराक्रम दिवस पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रतियोगिता के लिए पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय को बनाया गया था नोडल सेंटर

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशन के क्रम में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए इस विद्यालय को नोडल सेंटर के रूप में चयनित किया गया था।

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 9 से 12 तक के 100 विद्यार्थी प्रतिभाग किए। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर चयनित विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी कुमार राय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान आराध्य द्विवेदी कक्षा 10 श्री रघुबर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर, अदिति श्रीवास्तवा कक्षा 9 पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय, क्रिमसन गुप्ता जवाहर नवोदय विद्यालय बांसी ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय बांसी, राजकीय इंटर कालेज नौगढ़, राजकीय बालिका इंटर कालेज नौगढ़, पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर, जवाहर इंटर कालेज, सिंहेश्वरी इंटर कालेज, रघुबर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर, सरला इंटरनेशनल स्कूल तथा सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल सिद्धार्थनगर के विद्यार्थी प्रतिभाग किए। कार्यक्रम के आयोजन में राधा बल्लभ मिश्र, श्रीमती यामिनी शर्मा व राम ललित ने सहयोग किया।

## महिलाएं शिक्षित-स्वावलंबी बन देश के विकास में योगदान दें : जितेन्द्र सिंह




**जौनपुर अवधनामा संवाददाता।** जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आज शाहगंज विधान सभा क्षेत्र के अनेक गांवों में आयोजित लोक चौपाल में सामाजिक समरसता की बयार में कंबल वितरित हुए। जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन द्वारा शाहगंज विधान सभा क्षेत्र के ग्राम गैरवाह, ग्राम बाँधगांव, ग्राम असैंथा नवरंग पट्टी, ग्राम संसार पट्टी, ग्राम घूरीपुर, ग्राम गुड़बड़ी सहित अन्य गांवों में आयोजित लोक चौपाल में जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आज जिस रफ्तार से देश आगे बढ़ रहा है, उसी रफ्तार से गांवों में भी विकास हो रहा है, आज आवश्यकता है कि गांव की हर महिला शिक्षित होकर स्वावलंबी बने और देश के विकास में अपना योगदान दें। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित लोक चौपाल में जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह ने युवाओं और बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों के साथ युवा पीढ़ी देश का भविष्य हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की, कि वह परिवार की भांति सामाजिक रूप से एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। लोक चौपाल कार्यक्रम के अवसर पर जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की अध्यक्षा ज्योति सिंह और उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने शाहगंज विधान सभा क्षेत्र के ग्राम गैरवाह, ग्राम बाँधगांव, ग्राम असैंथा नवरंग पट्टी, ग्राम संसार पट्टी, ग्राम घूरीपुर, ग्राम गुड़बड़ी सहित अन्य गांवों के गरीब -असहाय एवं निराश्रित लोगों को गर्म कंबल का वितरण किया।

## कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व संग्रह की संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहुत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली के वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही का ही समय है। ऐसे में प्राप्त लक्ष्य और अवशेष धनराशि के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। आबकारी एवं जीएसटी विभाग की खराब प्रगति पर उन्होंने माइक्रो प्लान तैयार कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि प्रवर्तन की कार्यवाही को बढ़ाया जाए। डीएम ने वाणिज्य कर की समीक्षा में मासिक लक्ष्य 167 करोड़ के सापेक्ष 110 करोड़ की वसूली होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए और मेहनत करने के निर्देश दिए। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा 63.67 करोड़ के सापेक्ष 55 करोड़ की प्राप्ति की गई जोकि लक्ष्य का 86 प्रतिशत रहा।

# आशाओं के कार्य का भौतिक सत्यापन जरूरी : डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा




**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया में अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र मणि ओझा की अगुवाई में आशा संगिनी,एएनएम व पर्यवेक्षक की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।समीक्षा बैठक के दौरान अधीक्षक ने लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का कम पंजीकरण होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अधीक्षक कहा कि सभी एएनएम एवं सभी संगिनी अपने क्षेत्र की आशा बहू के द्वारा किए जा रहे योग्य दंपति के गृह भ्रमण का सत्यापन करें। डॉ.शैलेंद्र मणि कहा कि एएनएम व संगिनी अपने भौतिक सत्यापन के दौरान ही आशा बहूओ को कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करें, जिससे आशा के कार्यो में गुणवत्ता लाई जा सके तथा लक्ष्य के सापेक्ष कार्य को पूरा किया जा सके। एचईओ राजीव त्रिपाठी ने एएनएम प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह के 1, 9, 16 व 24 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाली सेवाओं तथा निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान देने की बात की।बीएमसी सूर्यदेव सिंह व बीसीपीएम मेराज ने टीकाकरण से उदासीन परिवार की लाइन लिस्ट बनाकर टीका के लिए प्रेरित करने के लिए सलाह दिया। इस दौरान ध्रुव चंद, रीना, बीना, सोनिया, सुधा, आरती, शीला आदि उपस्थित रही।

## डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 47 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई। पूर्ण हो चुके कार्यो का टास्क फोर्स निरीक्षण कर नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही पूर्ण कराये, सभी विभागों को टास्क फोर्स द्वारा इंगित की गई कमियो को दूर कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश, यूपी आर0एन0एस0एस0 को फतेहगढ़ जिला कारागार में किये जा रहे कार्यो के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, पर्यटन निगम को पांचाल घाट पर किये जा रहे कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये, सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संवंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने नुमाइश की तैयारियों को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ शहर की लगभग 150 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक नुमाइश जिसकी राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी और ''अलीगढ़ महोत्सव'' के रूप में प्रदेश के साथ ही देश भर में अपनी एक अलग पहचान है। विगत वर्षो की ही भांति ''अलीगढ़ महोत्सव-2025'' को पूर्ण भव्यता के साथ जागरूकता कार्यक्रमों से परिपूर्ण करते हुए सभी आयुवर्ग के लोगों का स्वस्थ मनोरंजन किया जाएगा। उक्त उद्गार जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा नुमाइश मैदान भ्रमण के दौरान व्यक्त किए, वह गुरूवार को नुमाइश के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कृष्णांजलि नाट्यशाला, दरबार हॉल, कोहनूर मंच, कृषि कक्ष, उद्योग कक्ष सहित सम्पूर्ण नुमाइश परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियो को समय से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदर्शनी अवधि में आम जनमानस की सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने उद्यान विभाग को नीरज-शहरयार पार्क में ''फ्लॉवर शो'' एवं शिक्षा विभाग को दरबार हॉल में ''पुस्तक मेला'' लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ग्राम उच्चापल्ली गाटा संख्या 132 क रकबा 2530 वर्गमीटर की चैन डीड वही -1 क्रम 2250 जिल्द संख्या 1529 पेज 113 से 132 दिनांक 16/07/2013 वास्तव मे कही खो गई अगर किसी को प्राप्त हो तो कृपया सूचित करने की कृपा करें।

**अर्चना मिश्रा**
**पत्नी राम गणेश मिश्रा**
**उच्चापल्ली मिल्कीपुर जिला अयोध्या**
**मोबाइल 9076679344**

## सूचना

बुरी संगत व आचरण से तंग आकर हमने छोटे पुत्र जाफर से सभी संबंध विच्छेद कर उसे कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि किसी बैंक/ संस्था या व्यक्ति से जाफर कर्ज़ या सम्पत्ति बाबत कोई लेनदेन करता है तो लेन देन हेतु हम या परिवार जिम्मेदार ना होगा अपने कुकृत्य हेतु जाफर खुद ही ज़िम्मेदार होगा।

**सगीर अहमद पुत्र सद्दीक अहमद एवं आबदा पत्नि सगीर नि.582/2 नया बांस, सहारनपुर।**

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025



# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के



कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनिल कुमार वर्मा ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), अयोध्या का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती भी धूमधाम से मनाई गई।निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार वर्मा ने किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य और भोजन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। अपचारियों ने बताया कि स्वास्थ्य की नियमित जांच होती रहती है और भोजन मीनू के अनुसार दिया जाता है। साथ ही, शिक्षा के बारे में भी पूछताछ की गई, जिसमें बच्चों ने बताया कि उन्हें अच्छी शिक्षा दी जा रही है और कभी-कभी निबंध लेखन जैसे आयोजनों का भी आयोजन किया जाता है।इस दौरान, सहायक अधीक्षक को समुचित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अनिल कुमार वर्मा ने किशोर अपचारियों को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी और बताया कि यदि किसी किशोर को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या के एल0ए0डी0सी0एस0 के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।निरीक्षण के अंतर्गत, सचिव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की और सहायक अधीक्षक को निर्देशित किया कि किसी भी किशोर अपचारी को कोई भी समस्या न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं।

# अभाविप खेल के माध्यम से युवाओं का करती है उत्साहवर्धनः प्रवीण तिवारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के साकेत महाविद्यालय अयोध्या के खेलों भारत द्वारा नगर खेल कुम्भ के अंतर्गत एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन साकेत महाविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी,मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण तिवारी,विभागाध्यक्ष खेल विभाग पूनम जोशी विभाग प्रमुख डॉ नागेन्द्र प्रताप सिंह ,प्रांत शोध सह प्रमुख डॉ आलोक सिंह महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी साकेत महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष अनुराग शुक्ल ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेंद्र ने बताया एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बैडमिंटन के 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने महिला बैडमिंटन के पहले मैच की शुरआत फीता काटकर और टॉस कराकर की जिसमें अनुष्का ,श्रेया और आस्था ,प्रिया के बीच पहला मैच हुआ जिसमें पहले मैच में आस्था और प्रिया ने जीत दर्ज की।

पुरुष बैडमिंटन में पहला मैच आशुतोष,अनुभव और अभय, सचिन यादव के बीच हुआ जिसमें आशुतोष, और अभिनव ने बाजी मार कर जीत दर्ज। पुरुष बैडमिंटन फाइनल में आशुतोष ,अभिनव और राजदीप ,प्रांजल के बीच मैच हुआ जिसमें आशुतोष और अभिनव ने जीत दर्ज की वही महिला बैडमिंटन फाइनल में अनुष्का, श्रेया और दिव्यांशी, अनुराधा के बीच मैच हुआ। जिसमें दिव्यांशी,और अनुराधा ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने सभी प्रतिभागी का उत्साहवर्धन किया । एवं सभी प्रतिभागियों और विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र मेडल और सील्ड प्रदान की गई।

प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने बताया अभाविप खेलो भारत के माध्यम से ऐसी खेल प्रतियोगिता करा कर विद्यार्थियों के बीच मे समरस भाव भर रही है जिससे खेल के विधार्थी विद्यार्थी परिषद से जुड़ रहे है।

मुख्य वक्ता प्रवीण तिवारी ने शिकागो में दिए गए स्वामी विवेकानंद जी के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि जब एक विदेशी महिला ने स्वामी जी से आप जैसा एक पुत्र हमें चाहिए तो स्वामी जी ने




कहा में ही आप का पुत्र हूँ उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ऐसे पुत्रो को तैयार करने का काम करती है जो समाज मे राष्ट्रभाव की भावना से काम करते है।

## मजदूर सभा ने भरी हुंकार, मिल्कीपुर में सिर्फ अजीत प्रसाद

**अयोध्या।** उप चुनाव मिल्कीपुर के सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में सपा मजदूर सभा पूरी ताकत के साथ मैदान में ''मजदूर सभा ने भरी हुंकार, मिल्कीपुर में सिर्फ अजीत प्रसाद''।

यह विज्ञप्ति जारी करते हुए मजदूर सभा जिलाध्यक्ष कैलाश कोरी ने बताया कि मजदूर सभा जिला कमेटी के साथीगण डोर-टू-डोर जाकर समाजवादी पार्टी के द्वारा जनता के हित में किये गये कार्यों को जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रदेश सचिव/प्रभारी अवध जोन अखिलेश चतुर्वेदी के दिशा-निर्देश में मिल्कीपुर विधान सभा की ग्राम देवरिया, बारून बाजार, टकसरा, बसावाँ, सारी, कुचेरा बाजार, कुमारगंज, शाहगंज, अमावा, बिठला, छिप्पन का पुरवा आदि गांवों में सम्पर्क किया गया। जनता भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ मुखर हो चुकी है और वह अपने आपको समाजवादी पार्टी में ही अपना हित-निहित समझ रही है। जनता भाजपा को हराकर नफरत की भाषा को बन्द करना चाहती है। संविधान सुरक्षा मुख्य बिन्दु है। आम जनमानस, गरीब, मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान भाजपा की तानाशाही रवैये से आजिज आ चुकी है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी इस चुनाव में दूर-दूर नजर नहीं आ रहे हैं। जनता ने अपना रूझान सपा प्रत्याशी के पक्ष में दे दिया है अब सिर्फ चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु अपनी भूमिका का निर्वाहन करे।मजदूर सभा के प्रान्तीय सचिव अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि जनता ने मन बना लिया है मिल्कीपुर में साइकिल ही चलेगी।

## महन्त राजूदास की अशोभनीय टिप्पणी पर प्रदर्शन, नारेबाजी, लगाए मुर्दाबाद के नारे, फूंका पुतला



**शाहजहांपुर।** महाकुंभ में लगी समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायस सिंह यादव की प्रतिमा को लेकर अखिलेश यादव की एक्स हैंडल पोस्ट पर अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास ने अभद्र टिप्पणी करके बवाल खड़ा कर दिया है। उनकी इस टिप्पणी पर कई जिलों में सपाईयों द्वारा जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। महंत राजूदास की अशोभनीय टिप्पणी पर शाहजहांपुर में सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। यहां समाजवादी पार्टी छात्र सभा, युवजन सभा और लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महंत राजूदास के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और खिरनीबाग चौराहे पर महन्त राजूदास का पुतला फूंका। मांग की गई कि महंत राजूदास को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। इस मौके पर सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष उत्पल यादव, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव पार्थ यादव, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आकाश यादव, संदीप यादव, सौरभ सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, विवेक यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

## युवा व्यवसायी राकेश गुप्ता को मिला अवार्ड



**महाराजगंज।** जनपद के युवा व्यवसायी रॉयल इनफील्ड शोरूम के प्रोपराइटर राकेश गुप्ता को बुधवार को रेडिसन ब्लू द्वारा दिल्ली होटल में अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें टॉप डीलरशिप अपेरेंल अवार्ड तथा हाईएस्ट परबाइक अपेरेंल अवार्ड सेंट्रल रीजन में मिला। इस अवार्ड को इंडिया हेड अपेरेंल संगीत और हेड जूही ने दिया है। राकेश गुप्ता ने कहा कि महाराजगंज जैसे छोटे जिले में टॉप करना और एक साथ दो अवार्ड मिलना गौरव की बात हैं। उन्होंने कहा कि रॉयल इनफील्ड का उपयोगकर्ता सिर्फ हमारे लिए एक ग्राहक नहीं बल्कि एक बृहत परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में हमारे टीम का बहुत बड़ा योगदान हैं। उन्होंने लोगों लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि हम इस क्षेत्र में और बेहतर करने के प्रयास में हैं।

## कैंप लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं का बिल हुआ भुगतान

**महराजगंज (मिठौरा)।** विकासखंड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भगाटार में गुरुवार को गांव मे विद्युत विभाग की तरफ से कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण का प्रयास किया गया। इस दौरान बड़े विद्युत बिल बकाएदारों का और कभी भी भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि सरकार द्वारा विद्युत बकायादारों को राहत देने के लिए ओटीएस योजना के माध्यम से विद्युत बिल में सर चार्ज माफ़ी योजना चलाया जा रहा है। मगर अधिकाश उपभोक्ता इस छुट के योजना में भी अपने बाकी बिलो को जमा करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इस दौरान उपभोक्ताओं को बताया गया कि ओटीएस योजना में पंजीकरण कराकर अपने बाकी बिलों को जमा करके छूट का लाभ प्राप्त करें और विभाग का सहयोग करें। विद्युत विच्छेदन जैसी कारवाइयों से बचे मिठौरा उपकेंद्र के अवर अभियंता जुगनू अंसारी लांइमैन हरि नाथ यादव टीजी टू अभय कुमार संविदा लाइनमैन शाहिद, अरुण ,नितीन, पप्पू , सुज्जाक, मुर्तुजा ,आशुतोष मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरकार और नागरिकों के मध्य पारदर्शिता एवं विश्वास को मजबूत करता है सूचना का अधिकार कानूनः प्रो. अशोक राय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि विभाग में उत्तर प्रदेश शासन के प्रशासनिक सुधार अनुभाग के निर्देशाक्रम एवं कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के मार्गदर्शन में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, उत्तर प्रदेश सूचना अधिकार नियमावली 2015 एवं जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के प्रावधानों पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय ने विद्यार्थियों के बीच विभिन्न विधानों की महत्ता, उनके व्यावहारिक पहलुओं और समाज पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो सरकार और नागरिकों के मध्य पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत करता है। यह शासन में उत्तरदायित्व सुनिश्चित करता है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश अधिरोपित करने में सक्षम है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का संविधान लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना करता है, जिसमें शासन प्रणाली की पारदर्शिता और नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य मानी जाती है। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि नागरिक न केवल शिक्षित हों, बल्कि उनके पास ऐसी पारदर्शी और सटीक जानकारी उपलब्ध हो, जो शासन की प्रक्रिया को समझने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में सहायक हो।कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार सिंह ने अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अधिनियम लोकतंत्र को सशक्त बनाने का एक प्रभावी उपकरण है। इससे नागरिक अपने अधिकारों और सरकार की नीतियों की पारदर्शिता को समझने में सक्षम होते हैं।प्रत्येक लोक अधिकारी का निरंतर यह प्रयास होना चाहिए कि वह स्वप्रेरणा से, जनता को नियमित अन्तरालों पर संसूचना के विभिन्न साधनों के माध्यम से, अधिक से अधिक सूचना उपलब्ध कराने के लिए उपाय करें जिससे जनता को सूचना प्राप्त करने के लिए इस अधिनियम का कम से कम अवलंब लेना पड़े। डॉ. संतोष पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सूचना अधिकार नियमावली ने नागरिकों को सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बना दिया है। यह नियमावली प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाती है और आमजन को सशक्त करती है। डॉ. विवेक ने जनहित गारंटी अधिनियम 2011 पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अधिनियम सरकारी सेवाओं को समयबद्ध तरीके से प्रदान करने की गारंटी देता है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार होता है, बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों का समय पर लाभ मिलता है। डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि इन अधिनियमों का प्रभाव तभी संभव है जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उनका सही तरीके से उपयोग करें। यह जागरूकता शासन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और नागरिक सहभागिता की अपील के साथ हुआ। इस अवसर पर दिलीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नाली के अभाव से घरों का गन्दा पानी सड़को पर, ग्रामीण परेशान

*अवधनामा संवाददाता*

**सिद्धौर बाराबंकी।** विकास खंड बनीकोडर के ऊंचे का पुरवा मजरे टांडा गांव के लोग कीचड़ युक्त मार्ग से आने - जाने को विवश हैं। नाली के अभाव में घरों का पानी मार्ग पर बहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों को आने जाने में हो रही दिक्कत को देखकर ग्राम पंचायत टांडा के ऊंचे का पुरवा गांव में आज से करीब 6 वर्ष पूर्व श्रवण कुमार के घर से डामर रोड तक खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराया गया था। कुछ समय बाद मार्ग की ईंटें नीचे जमीन में धंसने लगी और मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया ।गांव के लोगों ने ग्राम प्रधान से मिलकर मार्ग की मरम्मत कराने का अनुरोध किया। इस पर ग्राम प्रधान द्वारा आज से एक वर्ष पूर्व नए सिरे से मार्ग का निर्माण करवाने की खातिर खड़ंजा मार्ग की ईंटें उखड़ा दी गई लेकिन आज तक मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया। ऐसे में ग्रामीणों को आने जाने में अब काफी परेशानी हो



रही है। गांव के श्रवण कुमार, हरिराम, राजकुमार, विश्वनाथ, शिव बाबू और राम कल्याण आदि ने बताया कि नए सिरे से मार्ग निर्माण की खातिर ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में लगे खड़ंजा मार्ग की ईंटें उखड़ा दी गई थीं लेकिन आज तक निर्माण नहीं कराया गया ।ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकास की व्यवस्था न होने से घरों का गंदा पानी भी इसी रास्ते पर बह रहा है जिससे मार्ग पर कीचड़ हो गया है ।ग्रामीण कीचड़ युक्त मार्ग से आवागमन करने को विवश हैं। ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

# पत्रकार मोहम्मद अतहर को दी गयी श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बहुत ही अच्छे स्वभाव के नेकदिल इंसान थे मोहम्मद अतहर। अपने कार्य व्यवहार से लोगों के दिल मे जो मुकाम बनाया वो सबके नसीब में नहीं होता है। उक्त विचार तारिक किदवाई जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन बाराबंकी ने वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद अतहर की ऑनलाइन-श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किये। बैठक को सम्बोधित करते हुए पत्रकार रत्नेश कुमार भावुक हो गए और फफक कर रो पड़े। उन्होंने कहा कि अतहर भाई जितने अच्छे पत्रकार थे उतने ही अच्छे सामाजिक व्यक्ति थे।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मास्टर अजीज ने कहा कि अतहर भाई सबकी मदद को हमेशा तैयार रहते थे। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं। साफगोई उनके चरित्र की विशेषता थी। इस मौके पर पत्रकार परवेज जलील किदवाई ने कहा कि हमारे बहुत ही अजीज मित्र थे। उनसे कोई भी बात बेझिझक कह लिया करते थे। कवि साहित्यकार पत्रकार प्रदीप सारंग महासचिव के संचालन में सम्पन्न श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार हशमत उल्ला, अशोक सैनी, दुर्गेश शुक्ला, सईद किदवाई, सदानंद वर्मा, हुमायूँ कबीर, सूरज सिंह, सोनू कुमार मोहम्मद आसिम, शिवराम गुप्ता, सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# सूरतगंज इलाके में बनी खराब सड़के, ब्लाक प्रमुख से की शिकायत



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** लाखों की लागत से क्षेत्र पंचायत द्वारा बनवाई गई इंटर लाकिंग सड़क व बाक्सिंग के किनारे अभी से बैठने लगे हैं। घटिया निर्माण कार्य के पीछे अवर अभियंता को जिम्मेदार माना जा रहा है जो बिना कार्य की गुणवत्ता परखे व साइड जाए भुगतान भी कर रहे हैं। कई कार्यो की शिकायत प्रमुख तक पंहुची है। तहसील रामनगर के बुढ़गौरा गाँव में क्षेत्र पंचायत सूरतगंज से एक इंटर लाकिंग सड़क अभी दो माह पहले बिजय बहादुर की बाग़ से गाँव की तरफ बनवाई गई है जो खराब गुणवत्ता की कहानी कह रही है। सड़क के किनारे अभी से बैठ रहे हैं।बताया जा रहा है कि नीचे मानक अनुसार इंट के रोडे व बालू डालकर कुटाई नहीं हुई और रोडे भी पीली इंट के पड़े। इसी तरह बक्सिंग भी कमजोर बनाई गई जिसके किनारे क्रेक हो रहे। बाक्सिंग के ऊपर डीपीसी सॉलिंगगिट्टी मौरंग की होनी चाहिए मगर वह भी नहीं करवाई तथा इंटो के ऊपर बालू डालकर कसाव भी नहीं दिया। अब उक्त सड़क अभी से जब खराब होने लगी तो वंहा के क्षेत्र पंचायत सदस्य ने इसकी शिकायत प्रमुख से की है। भुगतान होने से पहले जे ई आर ई डी को इसकी गुणवत्ता देखनी चाहिए मगर वह केवल फोटो खिंचाने तक सीमित रहते हैं।

कोई गुणवत्रा की जाँच पड़ताल नही करते।यही कारण है कि कंही उनके द्वारा कोई सड़क फिर से उखड़वाकर ठीक नहीं कराई गई बल्कि भुगतान कर अपने कमीशन से वास्ता रखा गया। यंही एक पक्का नाला भी सुल्तानापुर बार्डर पर बना था जिसे जल निकासी के लिए बनाया गया था मगर वह इस तरह ड्राइंग हुआ कि जल निकासी ही नही हो पाती।यह भी जब बन रहा था तो घटिया निर्माण की शिकायत हुई थी। नाले की तली बहुत खराब बनी है तथा बाहर कई जगह प्लास्टर तक नहीं है मगर भुगतान कर दिया गया। बताते हैं कि जेई की मिलीभगत से निर्माण कार्यो में कई जगह घटिया सामग्री लगाई गई मगर जांच नही की गई।

## शिक्षा निकेतन कालेज में नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई

**देवा बाराबंकी।** नेहरू युवा केंद्र बाराबंकी युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आजाद हिंद फौज के संस्थापक युग पुरुष नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन प्रतिभा शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज नरैनी विकास खंड देवा में पूर्व एनवाईवी सुरजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि इंद्र कुमार वर्मा प्रधानाचार्य प्रतिभा शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज नरैनी विकास खंड देवा व विशिष्ट अतिथि तुलसीराम चौहान जिला विशेष संपर्क प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद तथा वीरेंद्र कुमार जिला सहमंत्री विश्व हिन्दू परिषद अतिथियों ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक युग पुरुष नेता सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज समस्त भारत देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिवस मना रहा है।

# मानव व बाल तस्करी को लेकर एसएसबी कैंप में बैठक

## पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा संचालित सुरोखित शैशव कार्यक्रम




*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी एसएसबी कैंप परिसर में ग्रामीण सेवा समिति शाखा द्वारा संचालित सुरोखित शैशव कार्यक्रम के तहत उप कमांडेंट महावीर भांभू की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, बाल यौन शौषण, बाल तस्करी से बचाने के मुद्दों पर चर्चा किया गया ।कार्यक्रम में सुरक्षा एजेंसियों से बेहतर तालमेल कर मानव तस्करी को रोकने को लेकर गंभीरता से पहल करने बात पर बल दिया गया। इस मौके पर उप कमांडेंट महावीर भांभू ने कहा कि बाल श्रम में बच्चों को रेस्क्यू कर शिक्षा से जोड़ने के साथ बेहतर संचार माध्यम से समन्वय बैठा कर बाल अपराध रोकने की बात कही। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी एक वैश्विक समस्या है। इसे रोकने का सबसे बड़ा माध्यम नेटवर्किंग है। इसके लिए सभी स्वयसेवी संस्थाओं व सुरक्षा एजेंसियो को संयुक्त रूप से लोगो को जागरूक करना होगा। बाल संरक्षण अधिकारी श्रवण कुमार ने कहा कि स्कूल, विद्यालय में लडको को पाक्सो एक्ट के बारे में जागरूक करना अति आवश्यक है जिसके लिए पहल शुरू कर दी गई है। पीजीएस सदस्य बिना देवी ने कहा कि सूचना तंत्र को बिना मजबूत किए बाल अपराध को रोकन संभव नहीं है। बीओपी इंचार्ज इंस्पेक्टर जयंता घोष ने काउंसलिंग पर जोर देकर इसे रोकने की आवश्यकता पर चर्चा की। इस दौरान एसएसबी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# ठंड से बचाव के लिए मदरसे में वितरित हुआ कंबल



**महराजगंज।** प्रदेश में भीषण ठंड को देखते हुए लोग एक दूसरे की सहायता करने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गुरुवार को कस्बे के सिविल लाइन स्थित मदरसा जामिया रज़विया नूरुल उलूम में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को रजा हैंडलूम मुरादाबाद की तरफ से कंबल वितरित किया गया। हैंडलूम के प्रोपराइटर मोहतरम आली जनाब मोहम्मद अहमद साहब ने सर्द मौसम को देखते हुए अपनी जानिब से मदरसा जामिया रज़विया नूरुल उलूम सिविल लाइन, महराजगंज के ऐसे गरीब तलबा ( छात्र ) जो मदरसा के हॉस्टल (छात्रावास ) में रहकर तालीम हासिल कर रहे है नमाज जोहर कम्बल वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि मौसम काफी खराब है हम सभी को आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का ध्यान रखना होगा। इस मौके पर जामिया के नाजिमे आला आली जनाब शमसुलहुदा खां साहब के अतिरिक्त मदरसा के मोहम्मद शहाबुद्दीन कार्यवाहक प्रधानाचार्य, वरिष्ठ शिक्षक हाजी सैफुददोजा, मोहम्मद अख्तर हुसैन, एवं अन्य शिक्षकों में अमज़द अली, फारूक अब्बासी, सदरे आलम,हाजी असलम खां शराफत अली, हामिद रज़ा, अहमद सईद, कारी जावेद, कारी इरशाद, नूर आलम इत्यादि उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती सपा कार्यालय पर मनाई गई जयंती

**पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया**

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि देश को आजाद करने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अहम भूमिका रही उन्होंने %आजाद हिंद फौज% की स्थापना की। उन्होंने देश में जागृति लाने के लिए पूरे देश का भ्रमण किया। झारखंड के रांची, जमशेदपुर, देवघर और अन्य जगहों में आकर लोगों के बीच स्वतंत्रता का अलख जगाया, जिसका काफी सकारात्मक परिणाम हुआ और हमलोग 1947 में आजाद हुए। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का जन्म 23




जनवरी,1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था.वे एक महान देशभक्त, क्रांतिकारी,और स्वतंत्रता सेनानी थे. नेताजी ने भारतीय राष्ट्रीय सेना या आज़ाद हिंद फ़ौज का गठन किया था। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा के जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, डॉक्टर लालजीत वर्मा, सपा नेता लाल बाबू,संतोष पाल,डॉ सुहेल खान कॉट, नरवीर फौजी, पातीराम वर्मा, सचिन कनौजिया, खिज़र महबूब खान उर्फ चंदू, सुबहान अंसारी शमसुद्दीन सिद्दीकी, हफ़ीज़ अंसारी, असलम खान, जीशान खान, गुफरान खान, रोहित बहल, मोहम्मद हसन, उजैर खान, यावर बाबू, सचिन भोजवाल अभय शंकर, सत्येंद्र कुमार एडवोकेट, आरिफ खान, यश मौर्य, रमेश पाल आदि मौजूद रहे।

# समाज में समरसता को बढ़ावा देता है खिचड़ी सहभोज : सांसद

## बीआरसी परिसर में भाजपा नेता रामकुमार चिंकू यादव द्वारा आयोजित हुआ खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में नगर पंचायत स्थित बीआरसी परिसर में खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता रामकुमार उर्फ चिंकू यादव की ओर से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल क्षेत्रवासियों ने भारी संख्या में पहुंचकर खिचड़ी सहभोज ग्रहण किया है। सांसद ने कहा कि खिचड़ी सहभोज से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है।

आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सांसद जगदंबिका पाल ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती अवसर पर कार्यक्रम संबोधन में सांसद ने कहा कि हम सभी को जातियों में नहीं बंटना चाहिए बल्कि इससे ऊपर उठने की जरूरत है। घरों के अंदर भले ही हम विभिन्न जातियों में बंटे हो लेकिन बाहर निकलने पर हम सनातन धर्म के मानने वाले बनकर निकले। उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरे होने को लेकर बड़ी उपलब्धि बताया है। कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएं सभी के जीवन में खुशहाली ला रही है।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि सहभोज कार्यक्रम में सभी लोग एक साथ बैठकर जब भोजन ग्रहण करते है तो आपसी एकता को बल मिलता है। संघ प्रचारक राजीव नयन, अवनीश, संजय सिंह, कुंवर आनंद सिंह, अमरनाथ सिंह उर्फ सोनू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आयोजक राम कुमार उर्फ चिन्कू यादव ने सहभोज में शामिल सांसद जगदंबिका पाल सहित अन्य अतिथियों व उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन

**क्षेत्र के भारी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया खिचड़ी**

अनिल गौतम ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, विभाग प्रचारक राजीव रंजन, जिला प्रचारक अवनीश, वेद प्रकाश पांडे, सच्चिदानंद पांडे, युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, नितिन तिवारी, अजय सिंह, संजय सिंह, आनंद सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुमारी मोनी पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी जी त्रिपाठी, राम प्रकाश जायसवाल, मोनी पाण्डेय, सत्यनारायण यादव, कसीम रिजवी, नितिन त्रिपाठी, रमेश सोनी, अवधेश सिंह, शशि प्रकाश अग्रहरि, राजेश द्विवेदी, गौरव मिश्रा, श्याम सुंदर अग्रहरि, अज्जू सिंह, ऐनुलहक राजू, नफीस अख्तर, राजेश, आंगनवाड़ी महिला संगठन नेता प्रभावती, कुलदीप द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस ने पराक्रम दिवस के रूप में मनाया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

## सुभाष चंद्र बोस चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित किया श्रद्धा सुमन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत के महान सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गुरुवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। संघ के स्वयंसेवकों ने नगर क्षेत्र के सनई स्थित सुभाष चंद्र बोस चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

नगर बौद्धिक प्रमुख अभय त्रिपाठी ने कहा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की वीरता, त्याग और देशभक्ति ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी, इनके प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। इनका जीवन युवाओं में प्रेरणा का स्रोत है, निस्वार्थ सेवाभाव हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की सीख देती है। नगर कार्यवाह सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि नेताजी भारत की सामूहिक चेतना के प्रतीक हैं, जिस कालखंड में भारत का आम जनमानस विदेशी प्रताड़ना से जूझ रहा था उसे नेताजी के नेतृत्व ने देश की जनता को साहस और देशभक्ति से भर दिया। मनोज कुमार ने कहा अपने साहस और दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने अपने करिश्माई नेतृत्व से देश की युवा शक्ति को संगठित किया और विदेशी शासन की नींव हिला दी थी। इस अवसर पर जिला कार्यवाह शिवेंद्र, नगर प्रचारक मोहित, सह नगर कार्यवाह धनंजय रस्तोगी, हरिशंकर सिंह, मनोज, सुरेश रैना, दुर्गेश, सुभाष प्रहलाद, अमित श्रीवास्तव, सुभाष पांडेय, शिवा, विष्णु, विपिन, शिवपाल, दुर्गेश, संतोष व प्रदीप आदि की उपस्थिति रही।

# डीएम ने बॉर्डर सीमा क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किये जाने का दिया निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** बॉर्डर सीमा क्षेत्र के अंतर्गत अतिक्रमण मुक्त किये जाने के संबंध में जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता में सिद्धार्थ सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने बॉर्डर सीमा क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किये जाने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने उप जिलाधिकारी नौगढ़ और उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ को निर्देश देते हुए कहा कि 15 दिवस के अंदर समस्त कार्रवाई पूर्ण कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि गृह मंत्रालय के आदेशानुसार बॉर्डर क्षेत्र की 5 किलोमीटर की परिधि में अतिक्रमण मुक्त करना है। पुलिस व एस एस बी के जवानों के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कराये। दुकानदारों को नोटिस निर्गत कर कार्रवाई करें। धारा 67 की कार्यवाही जो पूर्ण हो चुकी है, उसको 15 दिवस के अंदर अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह, एसएसबी कमांडेंट उज्जवल विश्वास व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नो मैन्स लैंड के पास अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवाया



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर स्थित खुनुवा कस्बा में कुछ लोगो द्वारा प्लाटिंग के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसे वृहस्पतिवार को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर लगा कर खाली करवा दिया। खुनुवा बार्डर पर मेन रोड के पूरब नो मेन्स लैण्ड के समीप प्रापर्टी डीलरों द्वारा अबैध प्लाटिंग कर जमीन बेंचने का कार्य किया जा रहा है।जिसकी शिकायत लोगों व एस एस बी द्वारा द्वारा जिलाधिकारी व तहसील प्रशासन से किया गया था। तहसील प्रशासन ने सशस्त्र सीमा बल के मौजूदगी में प्लाटिंग जमीन का पैमाइश किया जों दिवाल का निर्माण गलत करवाया जा रहा था।जिस पर प्लाटिंग करनें वाले जिम्मेदारो को अवैध दिवाल कों तोड़नें की हिदायत दिया गया था। अतिक्रमण करनें वालें लोगों के द्वारा अवैध दिवाल ना तोड़ने की स्थिति में वृहस्पतिवार को तहसील प्रशासन सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ बार्डर पर बुलडोजर लेकर पहुंच गया और नो मेन्स लैण्ड के समीप अतिक्रमण कर रहे अवैध दिवाल कों ध्वस्त करवा दिया। इस दौरान एस डी एम, राहुल सिंह,लेखपाल मुश्ताक के साथ एस एस बी जवान मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर डीएम की अध्यक्षता में मानव श्रृंखला का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर गुरुवार को जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को एक साथ मानव श्रृंखला में

**डीएम ने मानव श्रृंखला में उपस्थित बच्चों को सड़क सुरक्षा का दिलाया शपथ**

सम्मिलित कराते हुए सड़क सुरक्षा शपथ दिलाये जाने का कार्यक्रम जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास खण्ड नौगढ़ में आयोजित किया गया।



सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाये जाने हेतु गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी उक्त कार्यक्रम के प्रारम्भ में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मानव श्रृंखला में उपस्थित बच्चों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक करते हुए निर्देशित किया गया कि निर्धारित आयु सीमा प्राप्त होने पर वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के उपरान्त ही वाहन का संचालन करें तथा वाहन संचालित करते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठक व्यक्ति को हेलमेट अवश्यक पहनेगे, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करे। गलत दिशा में वाहन न चलाये। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे। शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नही चलायेगे। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, क्षेत्राधिकारी नौगढ़ अरूणकान्त सिंह, परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य /अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला मुख्यालय के सनई चौराहे पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा भारत की आजादी के लिए नेताजी के द्वारा किया गया आह्वान- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा पूरे देश के लिए एक मंत्र बन गया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व ने आजादी के आंदोलन को एक नई दिशा दी थी, आज उनकी पावन जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी को कोटि-कोटि नमन अर्पित करता हूं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह,नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, संतोष शुक्ला, फूलचंद जायसवाल, महेंद्र लोधी, राजेश दूबे आदि लोग उपस्थित रहें।

# जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका

## 9वीं उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा एथलीट चैंपियनशिप 2024-25 का किया जा रहा आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 9वीं उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा एथलीट चैंपियनशिप 2024- 25 का आयोजन 1 से 2 फरवरी को बरेली में किया जा रहा है।

पैरा ओलंपिक एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के चयन समिति के द्वारा जनपद के एथलीट खिलाड़ियों का चयन किया जाना है जिससे खिलाड़ियों की सूची उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा एथलीट चैंपियनशिप के लिए भेजा जा सके। जिला पैरालंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति जी ने बताया कि 26 जनवरी 2025 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्धार्थनगर में जिला क्रीड़ा अधिकारी के देखरेख में खिलाड़ियों को चुना जाना है। जिले के जो भी दिव्यांग खिलाड़ी एथलीट में रुचि रखते हैं आप सभी से आग्रह है कि आप समय से जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्धार्थनगर में पहुँचे। दिव्यांग खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया 26 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक ही किया जाएगा।

सभी खिलाड़ियों से आग्रह कृपया आधार कार्ड जरूर लाये। अगर कोई खिलाड़ी किन्ही कारणों से समय से नहीं पहुँच पा रहा है और वह प्रतियोगिता में जाना चाहता है तो मोबाइल नंबर 9918022274 पर कॉल करके सूचित कर सकता है। उपरोक्त जानकारी पैरा ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति के द्वारा दिया गया।

# डूब गया वालीबाल का अंतर्राष्ट्रीय सितारा

**अवधनामा संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर वालीबाल टूर्नामेंट में सदैव शिरकत कर अपने खेल कला से लोगों का मनोरंजन करते रहे अंतरराष्ट्रिय वालीबाल खिलाड़ी जैनुल आब्दीन के निधन से सिद्धार्थनगर जिले के खेल प्रेमी गमगीन हैं। जगह जगह उन्हें श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम आयोजित हुए। अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी ज़ैनुलआब्दीन साहब गुरुवार को गोरखपुर के गोरखनाथ स्थित अपने आवास पर दोपहर 12बजे आखिरी सांस ली।वो करीब 85 वर्ष के थे।

गुरुवार की शाम को ही उन्हें गोरखपुर के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। ज़ैनुलआब्दीन साहब का जन्म 1940 में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के गहमर गावँ में हुआ था ।उनकी बचपन से ही वॉलीबाल खेल में रूचि थी। अपनी प्रतिभा के बल पर उत्तर प्रदेश की पुलिस सेवा में खेल कोटे से भर्ती होकर उत्तर प्रदेश की टीम में चयनित



हुए। उनके शानदार खेल के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भारतीय टीम में हुआ। उन्होंनें 1972 में भारत और वर्मा के टेस्ट मैच में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व भी किया। 31 दिसम्बर 1998 में 26 वीं वाहिनी पी0 ए0 सी0 जनपद गोरखपुर से कंपनी कमांडर के पद से सेवा निवृत्ति हो कर गोरखनाथ स्थिति अपने आवास पर रहने लगे थे। सेवानिवृत्त के बाद भी वो वॉलीवाल के प्रति समर्पित रहे।वालीवाल खेल के प्रोत्साहन हेतु जीवन के अंतिम दिनों तक समर्पित रहे। देश प्रदेश में आयोजित होने वाले वॉलीबाल के हर आयोजन में वो शिरकत करते थे। वॉलीबॉल खेल को आगे बढ़ाने में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नही जा सकता है। वे भारत नेपाल सीमा पर स्थिति कस्बा बढनी, सिद्धसर्थनगर, उत्तर प्रदेश के अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में हर साल आया करते थे। वे वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में कई वर्षो तक तदर्थ प्रशिक्षक भी रहे । स्व. मेज़र डॉक्टर एन0 डी0 शर्मा जिन्हे वॉलीवाल खेल का भीष्म पितामह कहा जाता है वो भी ज़ैनुल अब्दीन साहब से बहुत प्रभावित रहते थे। उनकी ईमानदारी एवं लगन को देखते हुये डा शर्मा ने उनको कई बार प्रदेश की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर ग्रुप में चयन कर्ता के रूप में नामित किया था उनके जनाज़े में बड़ी तादाद में वॉलीबाल खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, खेल प्रेमियों ने हिस्सा लिया। उनके निधन पर विष्णु सिंह, संकटा सिंह, ज़हिरूल्ला खान, अजय राय, मुकेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विनोद सिंह, कानपुर के सुनील कुमार तिवारी, राजेश दुबे, धीरेंद्र सिंह बलरामपुर के मो. हसन कुरैशी, लखनऊ के संजय सिंह, अंतराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी मो. इलियास, आनन्देश्वर पांडेय गाज़ीपुर के जुगनू वारसी, बस्ती से बंस गोपाल मिश्रा, सिद्धार्थनगर के मु इब्राहिम, अकील अहमद, निज़ाम अहमद, सगीर ए खाक़सार, जुग्गी राम राही, विनय शर्मा, जमाल अहमद, ओमकार गुप्ता, करम हुसैन इदरीसी, आदि ने खिराज ए अकीदत पेश किया है।

# किसी भी दशा में आवास के पात्र न हों वंचित : आलोक दत उपाध्याय

## भनवापुर के महानुआं खास व मन्नीजोत में बीडीओ ने किया आवास सर्वे का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य का बृहस्पतिवार को बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वेयर को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दसा में आवास के पात्र लाभार्थी वंचित ना हो। ब्लाक क्षेत्र के महानुआं खास गांव में पंहुचे बीडीओ ने गांव में हो रहे सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गांव के सर्वेयर से मिलकर अब तक किए गए सर्वे के लाभार्थियों के घर खुद सत्यापन किया। इसी क्रम में मन्नीजोत गांव में पंहुच कर प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे कार्य का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर उपस्थित सर्वेयर को निर्देशित करते हुए कहा कि समय पर सर्वे कार्य पूर्ण करें साथ ही किसी कारण से लाभार्थी का नाम सर्वे सूची में नहीं दर्ज हो पाया तो उसका नाम सूची में डालें। निरीक्षण के दौरान गोविंद पाण्डेय, नसीबुल्लाह खान, अज्ञाराम, जयकृष्ण ओझा आदि उपस्थित रहे।

# सावधान! शार्ट कट में पैसा कमाना, कही मुसीबत न बन जाए

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** साइबर क्राइम को रोकने के लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है, लोग अब जागरूक भी हो रहें हैं। लेकिन साइबर अपराधी अब अपना रास्ता बदलने लगें हैं और पूरे देश में शार्ट कट में लाखों रुपए कमाने वाला आफिस खोल कर बेरोजगार लोगों को नौकरी देने के नाम पर फंसा कर बंधक बना लेते हैं। जिससे जहां बेरोजगार युवक युवतियों तो फंसते ही है साथ मे परिवार अपने बच्चों को छुड़ाने के चक्कर में लाखों गंवा देता है और किसी से कहता भी नहीं। ऐसा ही कुछ मामला शोहरतगढ क्षेत्र का प्रकाश में आया है।

शोहरतगढ़ क्षेत्र के चोडार गांव से नौकरी के चक्कर में कानपुर शहर गया एक युवक ठगों के चक्कर में फस कर बंधक जैसे घटना का शिकार हो गया। घर से पैसा मंगवाया फिर भी ठगों के चंगुल से नही छूट

**महीने में 15 से 25 हजार रुपए कमाने के झांसा में फंसता हैं बेरोजगार**

रहा था, लेकिन जब बात सामने आयी तो कुछ समाजसेवियों के सूझबूझ से ठगों के चंगुल से निकल कर अपने गांव आ कर लोगों को आपबीती सुनाई। क्षेत्र के इसी गांव का एक युवक बनारस से भाग कर आया। क्षेत्र के नडौरा, लुचुइया, चिल्हिया, दत्तपुर, नियाव गांव के युवाओं ने ऐसे ही गिरोहों के चंगुल से छूटकर कर घर आने पर लोगों से जो बताया वो सुनकर सब दंग हो गये। बनारस से भाग कर आया एक युवक ने बताया कि पहले ये लोग मोबाइल नंबर पर फोन कर के एक अच्छी नौकरी देने के नाम पर अपनें पते पर बुलाते हैं, फिर ट्रेनिंग देने के नाम पर दूसरे जगह खाली मकान या बिल्डिंग में शिफ्ट करते हैं। जहां सीसीटीवी कैमरे के निगरानी रहने के साथ इनका निजी सिक्योरिटी गार्ड होता है जों किसी को बाहर नही निकलने देता। फिर ये लोग खेला शुरू करते हैं। सबसे पहले सभी से कहते हैं कि अपनें बेरोजगार मित्र, रिस्तेदारो कों बुलाओ कि हम अच्छी नौकरी करते हैं यहां आ जायें उनका सेलरी के रूप में 22 हजार रुपए महीना मिलेगा। फिर घर वालों से पैसा मंगवाते हैं कि ट्रेनिंग का फीस देना है खाना, पानी, कमरें का किराया फिर जब तक लड़कों के परिवार से पैसा नही आता तब तक फोन करवातें रहते हैं। अपनें सामने ही फोन करवातें है जिससे इनका राज ना खुलें फिर फोन कों अपनें कस्टड़ी में कर लेते हैं।जब एक लड़कों के घर वालें पचासों हजार भेज कर तंग हो जातें हैं तो कहते हैं।ऐसा काम छोड़कर घर वापस आ जाओ तो वहां का मैनेजर आने नहीं देता।कहता कि अपनें जगह पर दो लोगों को बुलावों फिर जानें देंगे। जहां पर रखतें हैं वहां का पता भी नहीं बताते।जब भी मकान या ट्रेनिंग सेंटर पर कोई खतरा का एहसास होता तो रातों रात बन्द गाड़ी से दूसरे जगह लड़कों को शिफ्ट कर दिया जाता। वहां से बाहर जाना या दूसरे से बात करना एलाउड नहीं होता। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनका आफिस हर शहर में हैं और ये सरकार से पंजीकृत भी होते हैं। फिर ये लोग बेरोजगारो कों लिखा पढ़ी के दौरान एग्रीमेंट करते हैं और फिर पैसा कैसे कमाया जाय या प्रशानालिटी डबलपमेन्ट का ट्रेनिंग देते हैं। ट्रेनिंग में जैसे साइक्लोजी, सोच,मौका, पैसा के बारे में गहराई से जानकारी देते हैं कि नियम क़ायदा कानून के दायरे में रहकर पैसा कैसे कमाया जाता है।अपने बचाव का पूरा हथकंडा अपना कर कुछ और खेला करते हैं। खैर सभी लोग ऐसे नहीं है लेकिन ज्यादातर लोग ऐसे ही है जो शार्ट कट में पैसा कमाने के नाम पर लोगों को फंसाते हैं फिर उन्हें कंगाल करके शार्टकट में अपनें लाखों कमा लेते हैं।ये जांच का विषय है अगर पुलिस चाहें तो शहरों में ऐसे जगहों यानी ट्रेनिंग सेंटर को चिन्हित कर छापेमारी कर लोगों से पूछताछ करे तो मामला खुल कर सामने आ जायेगा।क्योकि कुछ लोग ऐसे फंसे हैं जो अपनें परिवार, मित्रों, अफसरो, किसी को भी कुछ बतानें से शर्म महसूस कर रहे हैं,या फिर उनके ऊपर किसी का दबाव रहता है।जिससे गांव व शहर के ऐसे जाल में फंसे हुए नौजवान आजाद हो जायेंगे। क्षेत्र के लोगों के साथ बेरोजगार युवको, युवतियों को भी जागरूक होना चाहिए कि बाहर जानें से पहले ऐसे लोगों के बारे में सहीं जानकारी निकलने के बाद ही जाना चाहिए। पैसा कमाने के लिए मेहनत करना पड़ता है। अगर कोई बगैर मेहनत के पैसा देने का लालच देता है तो समझिए कि आप को फसा कर कोई गलत काम करवायेगा, जिससे आप अपनें फंसेंगे फिर दूसरे को भी फंसायेंगे। शासन-प्रशासन को चाहिए कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही करें अगर देखा जाए तो हर क्षेत्र से कोई ना कोई इस धंधे में फंसा है जिसे बाहर निकालनें की जरूरत है।

# डिवाइडर से टकराने पर बाइक सवार महिला की मौत

**अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बरियावन बाजार के पास डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से भयभीत बाइक चालक युवक बाइक छोड़कर निकल गया। उसे भी हल्की चोटें आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने चली गयी।मंगलवार की रात विश्व प्रसिद्ध किछौछा दरगाह से जियारत कर लौट रही वाराणसी के जैतपुरा निवासिनी शबनम खातून (30) वर्ष अपने रिश्तेदार बसखारी निवासी वारिस के साथ अकबपुर की तफर जा रहे थी। इसी बीच बरियावन बाजार के पास इंडियन मैरिज हाल के पास पहुंचे थे तभी सामने से आ रही रोडवेज बस के लाइट की चमक से युवक की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक पर बैठी महिला सड़क पर गिर पड़ी। सड़क पर गिरने की वजह से महिला का सिर फट गया जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

# आग लगने के कारण घर में रखा सामान जलकर खाक

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेतवर में ध्रुव कुमार के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग घर में रखे लाखों का सामना जल कर खाक हो गया। घटना बुधवार देर रात की है। ध्रुव कुमार का परिवार रोज की तरह भोजन कर घर की लाईट बुझाकर बरामदें में सोने चले गये। थोडें देर बाद घर में से धुआं झरोखे के रास्ते बाहर आने के बाद आंख खुल गयी तो देखा घर में रखा कपड़ा, गद्दा, रजाई, अनाज, अटैची में रखा अन्य सामान धूं धूं जल रहा है। शोर करने पर अगल बगल के लोग आग बुझाने का प्रयास किया तब तक घर में रखा पूरा सामान जल कर खाक हो गया। ध्रुव ने बताया कि बड़े लड़के के शादी के सामान सहित तमाम कागजात रखा था सब जल कर खाक हो गया।



## ट्रंप के 'आपातकाल' फैसले

राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमरीका की दक्षिणी सीमा, मैक्सिको बॉर्डर, पर आपातकाल घोषित कर दिया। वहां सेना भेजने की भी घोषणा की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के लिए अवैध घुसपैठियों का मुद्दा सबसे संवेदनशील है। अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश तक अमरीका छोड़ कर ही दम लेगा। इनमें करीब 18,000 भारतीयों पर भी तलवार लटकी है, जो अवैध प्रवासी हैं। मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का काम तेज किया जाएगा। राष्टपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी यह दीवार उनकी पहली प्राथमिकताओं में थी। मैक्सिको खाड़ी का नाम जल्द ही बदल कर 'अमरीका की खाड़ी' किया जाएगा। अमरीका में जो ड्रग तस्कर, माफिया किस्म के लोग सक्रिय हैं, उन्हें राष्ट्रपति ने 'आतंकवादी' घोषित कर दिया है। अमरीका पनामा नहर पर कब्जा करेगा। ट्रंप ने घोषणा की है कि हमने पनामा नहर 'तोहफे' के तौर पनामा को दी थी, लेकिन चीन इसका संचालन कर रहा है। हमने चीन को यह नहर नहीं दी थी, लिहाजा हम इसे वापस ले रहे हैं। क्या कब्जे की नीयत अमरीका-चीन में नए टकराव का सबब नहीं बनेगी? राष्टपति ट्रंप ने 'एनर्जी इमरजेंसी' भी घोषित कर अपना मकसद साफ कर दिया है। अमरीका ऊर्जा-उत्पादन को बढ़ावा देगा और दुनिया के देशों को इसका निर्यात करेगा। अमरीका 'ग्रीन न्यू डील' को समाप्त करेगा। विद्युत-वाहनों की अनिवार्यता रद्द की जाएगी। इन वाहनों पर सबसिडी भी खत्म की जाएगी। पेट्रोल-डीजल की गाडियों को प्रोत्साहन देकर 'ऑटो उद्योग' को दोबारा जिंदा करेंगे। दूसरे देशों को समृद्ध बनाने के लिए अपने नागरिकों पर टैक्स लगाने के बजाय विदेशों पर अधिक टैरिफ और कर लगाएंगे। राष्टपति ट्रंप ने सबसे महत्वपूर्ण घोषणा यह की है कि अमरीकी सेना स्वतंत्र रूप से अपने मिशन पूरे करेगी, लेकिन दूसरे देशों के युद्धों, टकरावों में अब सेना शामिल नहीं होगी।

ट्रंप का संकेत स्पष्ट है, क्योंकि अमरीकी सेना विदेशी जमीन पर हस्तक्षेप करती रही है, लेकिन पराजित होकर, खाली हाथ उसे लौटना पड़ा है। ट्रंप के मुताबिक, हमारे लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा करना पहली प्राथमिकता है। अमरीका दुनिया भर में अमन-चैन और स्थिरता का पक्षधर है। नए राष्टपति अब 'शांति-पुरुष' की छवि बनाकर नोबेल पुरस्कार हासिल करना चाहते हैं? बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के आगाज पर कई संकेत दिए हैं कि वह आपातकाल, आक्रामक, परिवर्तनकारी, भिन्न, सौ फीसदी अमरीका फर्स्ट और युद्ध-विरोधी नीतियों के साथ आगे बढ़ेंगे। वह अमरीका को दोबारा मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ बनाना चाहते हैं। अमरीका में महंगाई, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी को कम करना चाहते हैं, ताकि अमरीका फिर से 'महान देश' बन सके। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन उनकी बगल में, दूसरी कतार में ही, बैठे थे और राष्ट्रपति ट्रंप उनकी सरकार की छीछालेदर कर रहे थे। ऐसा देश 'महान लोकतंत्र' नहीं बन सकता। ट्रंप ने 20 जनवरी को अमरीका का 'मुक्ति दिवस' घोषित किया। आखिर अमरीका किनसे मुक्ति पा रहा है? राष्टपति ट्रंप बहुत जल्दी में लगते हैं। बताया जा रहा है कि वह करीब 200 आदेशों पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। क्या उनमें भी अधिकतर फैसले 'आपातकाल' किस्म के होंगे? बहरहाल हमारा बुनियादी सरोकार अमरीका, भारत, चीन के अंतर्संबंधों और समीकरणों पर है। राष्ट्रपति ट्रंप निकट भविष्य में भारत या चीन की यात्रा कर सकते हैं। भारत-प्रवास का कार्यक्रम अप्रैल में संभावित बताया जा रहा है। बहरहाल, ट्रंप के कदमों से सभी पक्षों के लोग घबराहट और चिंता की स्थिति में हैं।

## ट्रम्प प्रशासन पर प्रभाव अधिक रहेगा तेलुगुभाषी का!


के. विक्रम राव

भारतीयों का दबदबा रहेगा ट्रंप प्रशासन पर। मनचले डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति की शपथ लेते वक्त कहा मेरी इच्छा थी कि हसीन उषा बाला चिलकूरी वान्स को अपना उपराष्ट्रपति प्रत्याशी नामित करूं। ट्रंप का कथन था उषा प्रथम एशियन-अमेरिकी सनातनी-विप्र महिला हैं। निर्वाचित उपराराष्ट्रपति वांस से कहीं अधिक विवेकशील और चुंबकीय हैं। उनकी ब्याहता उषा हैं। मगर संविधान के नियम के तहत केवल अमेरिका में जन्मा ही चुनाव लड़ सकता है। चालीस-वर्षीय लेखक, वकील और पूर्व सैनिक (ईराक़ युद्ध में थे) जेम्स डेविड वान्स ने तेलुगुभाषी, आंध्र माता-पिता की संतान उषा से पिछले दशक (2014) में विवाह किया। दोनों तब ओहयो राज्य के विधि विश्वविद्यालय में सहपाठी थे। उषा के माता-पिता चेन्नई में वैज्ञानिक थे। उषा के मित्र उन्हें किताबी कीड़ा और नेता कहते थे। वे पत्रकार भी रहीं। येल लॉ जर्नल की संपादक थीं। मीडिया की स्वतंत्रता के संघर्ष में सक्रिय थीं। उषा का परिवार ब्राह्मण विद्वानों का है। उनके दादा पंडित चिलुकुरी बुच्चिपापय्या शास्त्री कृष्णा जिला के साईपुरम ग्राम में संस्कृत पंडित और वेदशास्त्री रहे। उनकी विशाखापत्तनमवासी दादी ने भगवदगीता का अंग्रेज़ी अनुवाद किया था। वकील उषा के मुवक्किलों में पैरामाउंट फिल्म तथा वाल्ट डिज्नी हैं। उषा की शादी 2014 में केंटक्की हुई जब वे अमरीका के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स की सहायिका थीं। निवर्तमान उपराराष्ट्रपति कमला हैरिस से उषा का साम्य बस इतना है कि पड़ोसी राज्य तमिलनाडु की श्यामला हैरिस की इस पुत्री की तरह उषा भी दक्षिण भारतीय मूल की हैं। फर्क इतना कि कमला के पिता अफ्रीकी मूल के अश्वेत थे जब कि उषा के माता-पिता तेलुगू विप्र वर्ण के हैं। ईसाई से विवाह करने के बावजूद उषा के परिवार में वरलक्ष्मी व्रत रखा जाता है। यह करवाचौथ और छठ के समकक्ष है। एक खास विषमता और। कमला ने अपनी (चेन्नई में जन्मी) मां श्यामला से इडली-दोसा बनाना सीखा था। बाइडन के चुनाव-अभियान में कार्यकर्ताओं को परोसा था। शपथ ग्रहण के उत्सव में डोनाल्ड ट्रंप ने टिप्पणी की थी कि उषा अपने पति से कहीं अधिक चतुर और क्रियाशील हैं। इसका आधारभूत कारण भी है। उषा के पूर्वज थे अठारहवीं सदी में पश्चिम गोदावरी तटीय वडलूरू ग्राम के चिलुकुरी चातुष्टय पंडित भ्रातावर्ग अद्वितीय विद्वान थे। अर्थात् ट्रंप-प्रशासन को आंध्र के विप्र समाज का ज्ञान भी प्राप्त होगा। भारत भी लाभान्वित रहेगा।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा।**

# देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड


मनोज जोशी



मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगल काल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिश काल के दौरान विकसित भूमाप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है। गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है।

भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आस-पास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के ना रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है।

**ड्रोन आधारित हवाई इमेजरी- सिटी सर्वे :** कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से 5 सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र 2 लाख रुपये प्रति किमी 2 की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगरपालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्च स्तरीय सटीकता में 5 प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है।

शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी। शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आएगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी।

**शहरी नियोजन और संपत्ति कर :** कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है। भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिए गए हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है। राज्यों और यूएलबी को जीआईएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है।

दस लाख की आबादी वाले शहर में इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं लगेगी। यह गहन प्रयास है जिसमें धन का इतना महत?व नहीं है। भारत अगले 5 वर्षों में हवाई इमेजरी के सरल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शहरी भूमि रिकॉर्ड सुव्यवस्थित करने, संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन और शहरी नियोजन समाधान तथा बाढ़ शमन उपायों को विकसित करना चाहता है।

# निजी हो या सरकारी शिक्षा संस्थान, शिक्षा का गुणवत्ता स्तर हो एक समान

**राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की, कि अक्टूबर 2024 तक केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5,182 शिक्षण पद रिक्त हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण पदों के लिए रिक्तियों की दर 35 प्रतिशत से अधिक है, यहां तक कि आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों में भी शिक्षकों की कमी है, जो कुछ मामलों में 46 प्रतिशत तक है। फिलहाल पदभरती की राह देखते महाराष्ट्र राज्य के सरकारी अकृषक विश्वविद्यालयों में 1200 और महाविद्यालयों में 11000 स्वीकृत पद रिक्त हैं।**


डॉ. प्रितम भि. गेडाम



मनुष्य के जीवन की आधारशिला उसकी शिक्षा होती है, आज के आधुनिक युग में हम सभी शिक्षा का मोल बखूबी समझते हैं। दुनिया में किसी भी क्षेत्र का सर्वोच्च स्थान हम शिक्षा की योग्यता के आधार पर हासिल कर सकते हैं। साक्षरता और उच्च शिक्षा में लगातार वृद्धि के साथ, दुनिया भर में शिक्षा प्रणाली नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। देश में भी नई शिक्षा प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए नित नए उपक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। तकनीकी ज्ञान, कौशल, मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। हम दिन ब दिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली के सुदृढ़ता का बखान तो कर रहे हैं, फिर भी भारत देश से विदेश पढ़ने जानेवाले विद्यार्थियों की संख्या हर साल बढ़ती ही जा रही है। 2024 में लगभग 13, 35,878 भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे थे, 2023 में 13,18,955 छात्र थे, जबकि 2022 में 9,07,404 छात्र थे। जबकि इस तुलना में हमारे देश में विदेश से आने वाले छात्रों की संख्या बेहद कम है, जो ज्यादातर छात्र विशेषकर नेपाल, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से भारत आते है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2021-22 रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर के 170 देशों के कुल 46,878 विदेशी नागरिक/छात्र भारत में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में केवल 40,431 विदेशी छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत आए। देश के बड़े शहरों और महानगरों के कुछ निजी शिक्षा संस्थान तो पांच सितारा होटल जैसे प्रतीत होते हैं। हाल ही में मैंने देश के महँगे स्कूली शिक्षा की वार्षिक फीस की जानकारी ली थी, जिससे पता चला कि हमारे देश में कुछ निजी स्कूल की वार्षिक फीस 15-20 लाख रुपये तक भी है। देश में सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली सेवा सुविधाओं का अध्ययन करने पर पता चलता है की, आज भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी जगत शिक्षा के आधारभूत सुविधाओं से वंचित है। आज भी दुर्गम भागों, पहाड़ी क्षेत्रों में स्कूली बच्चे नदी, नाले, जंगली क्षेत्र पार करके स्कूल जाते है, क्योंकि पक्की सड़क, पुल या सरकारी परिवहन की सुविधा नहीं है। बहुत से सरकारी स्कूल में कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, खेल सामग्री, मैदान, पर्याप्त मेज कुर्सी, यांत्रिक उपकरण, बिजली, पिने का शुद्ध पानी भी नहीं है। अनेक स्कूल भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे बहुत बार जानलेवा हादसे होने की खबरें भी देखने-सुनने को मिलती हैं। अक्सर देखा जाता है कि, काबिलियत होते हुए भी बेहतर सुख-सुविधाओं की कमी के कारण प्रतिभावान बच्चे अपने लक्ष्य से दूर रह जाते है।

राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की, कि अक्टूबर 2024 तक केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5,182 शिक्षण पद रिक्त हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण पदों के लिए रिक्तियों की दर 35 प्रतिशत से अधिक है, यहां तक कि आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों में भी शिक्षकों की कमी है, जो कुछ मामलों में 46 प्रतिशत तक है। फिलहाल पदभरती की राह देखते महाराष्ट्र राज्य के सरकारी अकृषक विश्वविद्यालयों में 1200 और महाविद्यालयों में 11000 स्वीकृत पद रिक्त हैं। दिसंबर 2023 तक, शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के सरकारी स्कूलों में 8.4 लाख शिक्षक रिक्तियां थी। 2023 के शुरुआत में एक प्रमुख दैनिक के मुताबिक, देश में लगभग 1.2 लाख स्कूल एकल शिक्षक द्वारा चलाए जाते रहे हैं। सभी भारतीय स्कूलों की तुलना में यह अनुपात 8 प्रतिशत है, यह संख्या दर्शाती है कि छात्रों की बड़ी संख्या के कारण एक ही शिक्षक पर अत्यधिक बोझ है। कर्नाटक सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने 19 दिसंबर, 2024 को विधानसभा को सूचित किया कि कर्नाटक राज्य में शिक्षकों के 59,772 रिक्त पद हैं। कर्नाटक राज्य के लगभग 6,158 सरकारी स्कूलों में एक-एक शिक्षक हैं, जो 1.38 लाख छात्रों की जिम्मेदारी संभालते है। 530 स्कूलों में 358 शिक्षक है परंतु यहां कोई छात्र नहीं हैं, राज्य के सरकारी शालाओं में छात्रों के नामांकन में भी गिरावट जारी है।

लगभग 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ देश की शिक्षा प्रणाली भी उतनी ही विशाल है। डेलॉइट की येएसएसई 2023 रिपोर्ट के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में, भारत में प्री-प्राइमरी स्तरों सहित स्कूल में 26.52 करोड़ छात्रों का नामांकन था। देश में औसत छात्र-शिक्षक अनुपात 23:1 है। लद्दाख जैसे कुछ केंद्र शासित प्रदेश में अनुकरणीय अनुपात 7:1 तक कम बताया है, जबकि बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों ने क्रमशः 45:1, 33:1 और 29:1 के उच्च अनुपात की सूचना दी है, जो क्षेत्रीय असमानताओं को उजागर करता है। लगभग 7.7 प्रतिशत प्री-प्राइमरी, 4.6 प्रतिशत प्राइमरी और 3.3 प्रतिशत अपर-प्राइमरी स्कूल ऐसे शिक्षकों को नियुक्त करते हैं जो आवश्यक योग्यताएं पूरी नहीं करते हैं। निजी स्कूलों में 69 प्रतिशत शिक्षक और कई सरकारी शिक्षा संस्थानों में संविदात्मक शर्तों पर शिक्षक काम करते हैं, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि परिणामस्वरूप, उन्हें नौकरी की सुरक्षा या वित्तीय स्थिरता नहीं मिलती है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिकतर शिक्षक रिक्तियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रित है, जहाँ खराब बुनियादी ढांचा और मूलभूत सुविधाओं की कमी एक चुनौतीपूर्ण कार्य का वातावरण पैदा करती है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार द्वारा भर्ती किए गए लगभग 40 प्रतिशत शिक्षकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की कमी है। विश्व आर्थिक मंच 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90वें स्थान पर है। भारत के शिक्षा मंत्रालय 2021 के अनुसार, भारत के सभी सरकारी स्कूलों में से केवल 4.8 प्रतिशत के पास पर्याप्त बुनियादी ढांचा है, जिसमें कक्षाएँ, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब शामिल हैं, इसने शिक्षा के क्षेत्र में एक असमान स्तर का खेल तैयार किया है, शहरी क्षेत्रों के छात्रों के पास ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की तुलना में बेहतर संसाधन और अवसर हैं।

देश के सरकारी शिक्षण व्यवस्था में योग्यतापूर्ण शिक्षकों के पद रिक्त होने की समस्या बहुत है, जिससे कार्यरत शिक्षकों पर अधिक भार पड़ता है, जिस कारण विद्यार्थियों के शैक्षणिक गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा बुरा असर पड़ता है ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अभी भी बहुत दूर है, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल जैसे शिक्षा संस्थान एक विशेष स्तर, नीति-नियम, गुणवत्ता बनाये हुए हैं, लेकिन बहुत से राज्य सरकार और स्थानीय सरकार द्वारा संचालित स्कूल बुनियादी सुविधाओं की कमी से भी जूझते नजर आते हैं। विश्व की उच्चतम शिक्षा संस्थानों के जब नाम लेते हैं तो देश के संस्थान कहीं नहीं दिखते। देश के नब्बे प्रतिशत से अधिक सरकारी कर्मचारी अपने बच्चों को निजी शिक्षा संस्थानों में ही पढ़ाने को प्राथमिकता देते है, आखिर ऐसा क्यों होता है?

# क्या वास्तव में जनप्रतिनिधि वेतन या पेंशन के हकदार हैं

**यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस पूरी व्यवस्था में जनता की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनने से पहले उनके कार्यों, नैतिकता और उनकी सेवा भावना का मूल्यांकन नहीं करती। अक्सर यह चयन जाति, धर्म, या व्यक्तिगत लाभ के आधार पर किया जाता है। यह प्रवृत्ति उन प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करती है, जो जनसेवा से अधिक स्व-सेवा में रुचि रखते हैं।**


बलदेव राज भारतीय




भारत एक गौरवशाली लोकतांत्रिक गणराज्य है, जो इस माह अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हमारा संविधान, जो लोकतंत्र की नींव और नागरिक अधिकारों का संरक्षक है, लागू हुए 75 वर्षों का ऐतिहासिक पड़ाव पूरा कर चुका है। हालांकि, विषय विचारणीय है कि संविधान में उल्लिखित आदर्श और सिद्धांत, जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करना था, उनके अर्थों को समय-समय पर स्वहित में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति भी उतनी ही पुरानी हो गई है। यह प्रवृत्ति संविधान के मूल उद्देश्य और राष्ट्र निर्माण के सपने को धूमिल करने का कार्य करती है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यहां शब्दों की परिभाषाएं अक्सर अपने-अपने लाभ के अनुसार गढ़ी जाती हैं। यह विचित्र बात है कि जनसेवा और जनसेवक जैसे शब्द, जिनका सीधा अर्थ होता है निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करना। परन्तु इनके अर्थ का उपयोग अक्सर सत्ता और लाभ अर्जित करने के लिए किया जाता है। यह विश्लेषण इस बात पर केंद्रित है कि किस प्रकार जनता के प्रतिनिधि के रूप में चुने गए जनसेवक वास्तव में वेतनभोगी कर्मचारी बन जाते हैं और पांच साल की सेवा के बाद भी पेंशन जैसी सुविधाओं के अधिकारी होते हैं।

लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन इस विश्वास के साथ करती है कि वे उनके अधिकारों और कल्याण के लिए कार्य करेंगे। ये प्रतिनिधि संसद (लोकसभा) या राज्य विधानसभाओं में जनता की आवाज़ बनते हैं। इन्हें जनसेवक कहा जाता है, लेकिन व्यवहार में इनका कार्य सेवा से अधिक सुविधा और लाभ की ओर झुका हुआ प्रतीत होता है। जब कोई व्यक्ति किसी सरकारी या निजी संस्थान में नौकरी करता है, तो उसे निश्चित वेतन और भत्ते दिए जाते हैं। यह वेतन उसके कार्य और प्रदर्शन के आधार पर तय होता है। इसी तरह, जनप्रतिनिधियों को भी वेतन और अनेक प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। ये भत्ते जनता के पैसों से, यानी करदाताओं के धन से आते हैं। इस प्रकार, इन प्रतिनिधियों का मूल उद्देश्य जनसेवा न होकर एक प्रकार की नौकरी का स्वरूप ग्रहण कर लेता है। यहां परिभाषा का एक बड़ा अंतर्विरोध सामने आता है। यदि कोई व्यक्ति जनसेवक है, तो उसे निस्स्वार्थ भाव से कार्य करना चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि जनसेवक के रूप में चुने गए प्रतिनिधि अपने पांच साल के कार्यकाल के दौरान वेतन, भत्ते, यात्रा भत्ते, आवासीय सुविधाएं, और अन्य कई प्रकार के लाभ प्राप्त करते हैं। यह सब इस बात की ओर संकेत करता है कि वे सेवक से अधिक वेतनभोगी कर्मचारी की भूमिका में हैं।

यदि हम इसे एक साधारण कर्मचारी के संदर्भ में देखें, तो एक आम सरकारी कर्मचारी को पेंशन प्राप्त करने के लिए कम से कम 20-30 वर्षों तक सेवा करनी होती है। लेकिन जनता के चुने गए प्रतिनिधि केवल पांच वर्ष की सेवा के आधार पर पेंशन के अधिकारी बन जाते हैं। क्या यह व्यवस्था न्यायोचित है?

पेंशन का उद्देश्य है कि सेवा निवृत्त होने के बाद व्यक्ति को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाए। यह उन लोगों के लिए है जो वर्षों तक निरंतर और समर्पित रूप से कार्य करते हैं। लेकिन जब यह सुविधा पांच वर्ष के सीमित कार्यकाल के लिए भी दी जाती है, तो यह न केवल संसाधनों का दुरुपयोग है, बल्कि इसे नैतिकता और न्याय की दृष्टि से भी गलत कहा जा सकता है। भारत जैसे देश में, जहां बड़ी संख्या में लोग निर्धनता रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं और लाखों युवा रोजगार के अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वहां जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार की सुविधाएं लेना कहां की समझदारी है? वैसे भी जिस देश में महात्मा गांधी ने तब तक तन पर एक धोती पहनना ही स्वीकार किया था, जब तक कि समस्त लोगों के तन न ढांपे जा सकें, तो उन्हें अपना आदर्श मानने वाले हमारे जनप्रतिनिधि किस मुंह से इतनी सुविधाएं स्वीकार कर रहे हैं?

यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस पूरी व्यवस्था में जनता की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनने से पहले उनके कार्यों, नैतिकता और उनकी सेवा भावना का मूल्यांकन नहीं करती। अक्सर यह चयन जाति, धर्म, या व्यक्तिगत लाभ के आधार पर किया जाता है। यह प्रवृत्ति उन प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करती है, जो जनसेवा से अधिक स्व-सेवा में रुचि रखते हैं। आज जनप्रतिनिधि की आय पांच वर्ष के भीतर ही करोड़ों में पहुंच जाती है। पता नहीं जनसेवक बनते ही उनके घर कौन सा कल्पवृक्ष उग आता है कि वे जो भी इच्छा प्रकट करते हैं, वह तुरंत पूरी हो जाती है। धन की वर्षा होने लगती है, आगे पीछे चाटुकारों की फौज घूमने लगती है और ऊपर से भविष्य की कोई चिंता नहीं रहती। पेंशन इत्यादि सभी सुविधाओं का इंतजाम जो हो जाता है। जनता को यह समझने की आवश्यकता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि उनकी सेवा के लिए हैं, न कि अपने व्यक्तिगत लाभों के लिए। इसके लिए जागरूकता, शिक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

जनप्रतिनिधियों की पेंशन व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। यह व्यवस्था इस तरह होनी चाहिए कि केवल उन जनप्रतिनिधियों को पेंशन मिले, जिन्होंने लंबे समय तक जनता की सेवा की हो और जिनका योगदान स्पष्ट और उल्लेखनीय हो, जो धरातल पर दिखाई देता हो। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिनिधियों को मिलने वाले वेतन और भत्ते केवल आवश्यकताओं तक सीमित हों, न कि उन्हें विलासिता का साधन बना दिया जाए। भारत को अन्य लोकतांत्रिक देशों की व्यवस्था से प्रेरणा लेनी चाहिए। कई देशों में, जनप्रतिनिधियों को पेंशन की सुविधा केवल तभी दी जाती है, जब वे कई वर्षों तक सेवा करते हैं और उनके योगदान को समाज के लिए उपयोगी माना जाता है। इसके अतिरिक्त, वहां जनता के पैसों का दुरुपयोग रोकने के लिए सख्त कानून और नीतियां लागू की गई हैं। शब्दों की परिभाषाएं और उनका व्यवहारिक उपयोग समाज की नैतिकता और न्याय का प्रतिबिंब होते हैं। जनसेवा और जनसेवक जैसे शब्दों का सही अर्थ तभी सिद्ध हो सकता है, जब ये निःस्वार्थ सेवा और समर्पण के साथ जुड़े हों। यह आवश्यक है कि जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन सोच-समझकर करे और यह सुनिश्चित करे कि वे सही मायनों में सेवा के लिए प्रतिबद्ध हों।

# महाकुम्भ में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी

■ गुरुवार दोपहर स्नानार्थियों की संख्या ने पार किया 10 करोड़ का आंकड़ा, ■ लाखों श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों ने किया संगम स्नान



■ महाकुम्भ 2025 में संगम स्नान कर रहे श्रद्धालुओं की संख्या का बना रिकॉर्ड

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। गुरुवार को महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने नया इतिहास बनाते हुए 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। दोपहर 12 बजे का डेटा जारी होते ही स्नानार्थियों की संख्या 10 करोड़ का फिगर पार कर गई। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। स्नान पर्व पर यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोग आने वाले हैं। महाकुम्भ की शुरुआत में ही 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार कर जाना सरकार के सटीक अनुमान की ओर संकेत दे रहा है। प्रयागराज में श्रद्धालुओं / स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ही दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो 23 जनवरी तक 10 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। सर्वाधिक 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था, जबकि पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पावन डुबकी लगाई थी। इसके अलावा प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान कर रहे हैं।

### करोड़ों की भीड़ के बावजूद शहरी जीवन पर नहीं पड़ा असर

महाकुम्भ में जहां एक ओर करोड़ों लोगों की भीड़ संगम स्नान के लिए पहुंच रही है तो वहीं प्रयागराज शहर का आम जनजीवन प्रतिदिन की तरह सुचारू रूप से चल रहा है। स्नानार्थियों का किसी तरह का कोई दबाव शहरी जीवन पर नहीं पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने सिर्फ प्रमुख स्नान पर्वों के दिन कुछ बंदिशें लगाई हैं, जबकि बाकी दिन स्कूल, ऑफिस, कारोबार अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। इससे शहरवासियों में भी खुशी की लहर है।

## कश्मीरी पंडितों सहित बाहरी हिन्दुओं को भी कश्मीर में बसाना चाहिए: पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती




शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि कश्मीर में कश्मीरी पंडितों सहित बाहरी हिंदुओं को बसाना चाहिए। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। शंकराचार्य ने महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 संगम लोअर मार्ग स्थित अपने शिविर में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित एवं राष्ट्र धर्म व आध्यात्म से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं के उत्तर के क्रम में उक्त वक्तव्य दिया।

शंकराचार्य ने कहा कि कश्मीरी पंडितों को वहां से विस्थापित होने के लिए बाध्य किया गया। समाधान के रूप में कश्मीर में 50-60 किलोमीटर का जिला बनाया जाए जहां विस्थापित कश्मीरी पंडितों को सुविधा सुरक्षा स्नेह पूर्वक के बसाया जाय। फौज से सेवानिवृत्त हुए देशभक्त फौजियों को भी कश्मीर में बसाने पर विचार करना चाहिए ये कश्मीर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है। मानवता के पक्षधर मुस्लिमों को आवाज उठानी चाहिए कि विभाजन के बाद स्वतंत्र भारत में मुस्लिम सम्मानित सुरक्षित हैं जितना अरब देश, पाकिस्तान और बांग्लादेश में नहीं और इसे हिंदुओं की उदारता समझना चाहिए न कि दुर्बलता। ऐसा पूरे विश्व में प्रचारित होना चाहिए जो मानवता के पक्षधर मुस्लिम हैं। रामसेतु से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में शंकराचार्य ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राम सेतु को तोड़ने का प्रयास किया अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किंतु रामसेतु से टकराकर वे मशीनें खुद नष्ट हो गई और रामसेतु की रक्षा हुई। सनातन सिद्धांत हर देश काल परिस्थिति में सिद्ध और विजयी है।

हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया।

इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी श्री निर्विकल्पानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र वृंदावन, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रम्हचारी, ह्षिकेश ब्रह्मचारी, राजेश चैतन्य ब्रम्हचारी सहित बड़ी संख्या में शिष्यगण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कुम्भ मेला अधिकारी ने किया मीडिया कैंपों का निरीक्षण



मेला अधिकारी विजय किरण आनन्द गुरुवार को महाकुंभ क्षेत्र के लाल सड़क पर स्थित लोकल मीडिया कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे। बता दे कि मीडिया कैंप में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर

पत्रकारों द्वारा तमाम शिकायत मिल रही थी। जिसको देखते हुए मेला अधिकारी ने आज पत्रकारों से मिलकर कैंम्पों में फैली अव्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लिया। बताते चले कि महाकुम्भ -2025 के सकुशल आयोजन एवं उसके प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया को भी वहां जगह दी गई है। जहाँ से मीडियाकर्मी समाचार संकलन कर उसको प्रसारित करते है। ऐसे में मेला का दूसरा प्रमुख स्नान पर्व आने वाला है। बावजूद इसके मीडियाकर्मियों को क्षेत्र में मिले कैम्पों की हालत दर से बदत्तर है। जिसकी आवाज लगातार पत्रकारों द्वारा उठाया जा रहा था। जिसको मद्देनजर रखते हुए मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द आज मीडिया कैम्पों का निरीक्षण करने पहुचे। जहाँ उन्होने लोकल मीडिया कैम्प नम्बर 2 और 36 क्रमशः जीवन एक्सप्रेस एवं तालमेल एक्सप्रेस को जाकर देखा । कैम्पों की स्थिति देखकर मेलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी सम्बधिंत अधिकारियों को 1 दिन में सभी अव्यवस्थाओं को सही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर एक दिन में कार्य ना किया गया तो तत्काल हमको अवगत कराएं, एवं जहां भी कोई रूकावट आएं हमसे सीधा सम्पर्क करे।

## मॉडल हर्षा के विरोध में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से अभद्रता

■ युवा संन्यासी ने जमकर किया हंगामा



अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** निरंजनी अखाड़े की ओर से इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया को अमृत स्नान में साथ लेकर जाने के एलान से नाराज संन्यासी ने निरंजनी अखाड़े में हंगामा किया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी से अभद्रता करते हुए फैसला वापस लेने को धमकाने लगा। वहां मौजूद संतों ने किसी तरह युवा संन्यासी को काबू में कर पुलिस के हवाले किया।बुधवार दोपहर बारह बजे अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी निरंजनी अखाड़ा छावनी में बने चेहरा-मोहरा में शिष्यों से चर्चा कर रहे थे। उसी समय एक युवा संन्यासी पहुंचकर हर्षा रिछारिया को रथ पर बिठाकर स्नान कराने के फैसले को गलत ठहराते हुए इसका विरोध करने लगा। फैसला वापस लेने की मांग करने लगा। महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा गिरि ने जब उसे रोकने की कोशिश तब उनके साथ भी अभद्रता की। शोर-शराबा सुनकर दर्जनों साधु-संत भी जमा हो गए। श्रीमहंत शंकरानंद, श्रीमहंत ओमकार गिरि, श्रीमहंत दिनेश गिरि ,श्रीमहंत राधे गिरि आदि ने उसे शांत कराने की कोशिश की लेकिन, वह धर्म एवं परंपरा के खिलाफ बताते हुए फैसला वापस लेने पर अड़ा रहा। चोहरा-मोहरा में मौजूद संतों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सचिव श्रीमहंत राम रतन गिरि के मुताबिक आरोपी ने महामंडलेश्वर स्वामी अन्नपूर्णा भारती से भी अभद्रता की। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मेला प्रशासन से लिखित शिकायत की है। अभी तक युवा संन्यासी की पहचान नहीं हो सकी है।

## हत्यारे आरपीएफ कांस्टेबल को मानसिक रोगी बताने का प्रयास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने 2023 में ट्रेन में अपने वरिष्ठ अधिकारी सहित 3 मुस्लिम यात्रियों के हत्यारे आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी को मानसिक रोगी बता बचाने के प्रयास का आरोप लगाया है। अकोला जेल में बन्द चेतन सिंह चौधरी को महाराष्ट्र सरकार और रेलवे विभाग ने मानसिक रोगी बताया है। सेशन कोर्ट ने चेतन चौधरी का ठाणे मेंटल हॉस्पिटल में मानसिक स्थिति की जांच कराने का आदेश दिया है। श्री आलम ने कहा कि चेतन चौधरी ने आदिवासी समाज से आने वाले टीकाराम मीणा सहित तीन मुस्लिमों की हत्या भाजपा के मुस्लिम विरोधी नफरती प्रचार का परिणाम था। इसलिए उसे मानसिक तौर पर बीमार नहीं कहा जा सकता। हत्यारे की कही बातें उसके राजनीतिक विचारों को दर्शाती हैं। अगर यह बोलना पागलपन है तो संघ और और भाजपा से जुड़े लाखों लोगों को पागल माना जाएगा, क्योंकि वे ऐसे ही नारों और भाषणों से मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैला कर वोट लेते हैं। श्री आलम ने कहा कि चार्जशीट में डेढ़ सौ से अधिक गवाहों के बयानों में यह बात आई कि हत्यारे ने कपड़े और टोपी के आधार पर संभावित शिकारों की पहचान कर उनकी हत्या की। यह भी रिकार्ड पर आया कि उज्जैन के वहीद खान नामक ऑटो चालक ने वर्ष 2016 में चेतन सिंह पर धर्म के आधार पर प्रताड़ित करने और आतंकवाद के आरोप में फंसाने की धमकी दी थी, जिसके खिलाफ आरपीएफ में शिकायत दर्ज करायी थी।

## विद्युत वितरण कम्पनियों के निजीकरण के विरोध हो रहा है प्रदेश व्यापी आन्दोलन: नीरज




अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आव्हान पर ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफपूर्वान्चल एवं दक्षिणान्चल विद्युत वितरण कम्पनियों के निजीकरण हेतु प्री बिडिंग कान्फ्रेन्स के विरोध में प्रदेश व्यापी आन्दोलन के तहत जनपद-आजमगढ़ के विद्युत कर्मचारियों, विद्युत अभियन्ताओं एवं संविदा कर्मियों ने आज वृहस्पतिवार दिनांक 23 जनवरी 2025 को बाँहों पर काली पट्टी बाँधकर विभागीय कार्य सम्पादित किया तथा भोजन अवकाश के समय हाइडिल कार्यालय, सिधारी, आजमगढ़ के बाहर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। निजीकरण विरोधी नारे लगाते हुए ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण किसी भी हालत में नहीं होने देंगे। सरकार को चेताया कि निजीकरण से भयानक दुष्परिणाम होंगे। प्रभु नारायण पाण्डेय प्रेमी, संयोजक. विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, आजमगढ़ ने कहा कि आज लखनऊ में कन्सल्टेन्ट नियुक्ति हेतु होने वाली प्री बीडिंग कान्फ्रेन्स का तीव्र प्रतिकार विरोध प्रदर्शन के द्वारा किया जा रहा है। ऊर्जा प्रबन्धन बड़े पूँजीपतियों उद्योगपतियों से साँठ-गाँठ कर प्राइवेट कम्पनियों को बिजली से अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के लिए बिजली का निजीकरण करने पर आमादा है तथा औद्योगिक अशान्ति का माहौल बनाये हुए है। सैयद मुनौव्वर अली, बिजली कर्मचारी नेता ने कहा कि कन्सल्टेन्ट कारपोरेट घरानों से होते हैं, और कन्सल्टेन्ट ऐसा आर0एफ0पी0 डाक्यूमेन्ट तैयार करते हैं, जो सम्बन्धित कारपोरेट घरानों को माफिक हो। यह एक प्रकार से मिली भगत का खेल है, जिसको रोका जाना ऊर्जा क्षेत्र के हित में आवश्यक है। बिजली सस्ती होनी चाहिए और यह सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से ही सम्भव है। ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण गरीब जनता को पुनः ष्लालटेन युग में लाने, विद्युत उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण करने, बेरोजगारी को बढ़ावा देने, प्रदेश के विकास में अवरोध उत्पन्न करने का कुचक्र है। सभा की अध्यक्षता ई0 उपेन्द्र नाथ चौरसिया ने की तथा सम्बोधन मुख्य रूप से श्री ष्रभ नारायण पाण्डेय प्रेमी, ई0 रवि अग्रवाल, ई0 उपेन्द्र नाथ चौरसिया, ई0 ईशान दत्त मिश्रा, ई0 विक्रम वीर सिंह, सैयद मुनौव्वर अली, धर्मू प्रसाद यादव, रोशन यादव, नीरज त्रिपाठी, अशेष सिंह आदि ने सम्बोधित ने सम्बोधित किया तथा संचालन प्रभु नारायण पाण्डेय ष्प्रेमीष् ने किया।

### कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गयी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**लखनऊ।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर श्री राय ने कहा कि नेताजी का देश की आजादी में बहुत महत्वपूर्ण अप्रतिम योगदान है। श्री राय ने कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए तत्कालीन सबसे बड़ी आईसीएस की नौकरी छोड़ देश को गुलामी की बेडियों से आजाद कराने के लिए कई देशों से संबंध बना आईएनए का निर्माण किया। नेताजी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री राय ने कहा कि आज भाजपा के लोग पंडित नेहरू और नेताजी के संबंधों पर सवाल खड़े करते हैं। वह दूसरे के घरों में तांक-झांक करते हैं क्योंकि उनके किसी भी नेता का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं रहा। नेताजी और पंडित नेहरू के संबंधों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आईएनए में एक विंग का नाम नेहरू ब्रिगेड था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ही थे जिन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को महात्मा के नाम से सम्बोधित किया था।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विभूतियों को किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में उपभोक्ता हितों में लड़ाई लड़ने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के चेयरमैन अवधेश कुमार वर्मा सहित अनेको विभूतियों को किया सम्मानित। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा यह सम्मान प्रदेश के उपभोक्ताओं का है आने वाले समय में निजीकरण की लड़ाई को इस सम्मान से और बल मिलेगा।

रंग भारती एवम उत्तर प्रदेश नागरिक परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश की 74 वी वर्षगांठ पर आयोजित 40 वे स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश के बिजली क्षेत्र में उपभोक्ताओं के हितों में व्यापक सुधार करवाने 5 साल तक अपने तर्कों और विधिक लड़ाई लड़के दरों में कोई बढ़ोतरी न होने देने सहित लगातार जनहित में उपभोक्ता हित मे संघर्ष करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के चैयरमैन अवधेश कुमार वर्मा को रंग भारती एवम उत्तर प्रदेश नागरिक परिषद अध्यक्ष श्री श्याम कुमार ने साल उढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर धर्म किशोर रंग भारती सम्मान से समानित किया। इस कार्यक्रम में अनेको विभूतियों को भी किया सम्मानित किया गया।




इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक को भाग लेना था वह दिल्ली चुनाव में होने के नाते नहीं पहुंच पाए उन्होंने अपना संदेश देते हुए सभी सम्मानित विभूतियां के उज्जवल भविष्य की कामना की उनके संदेश को रंग भारती के अध्यक्ष श्याम कुमार ने सबके सामने रखा।

### सुदामा चरित्र की कथा सुन भक्त हुए भाव-विभोर हुए श्रोता

**अतर्रा/बांदा।** कस्बे के बांदा रोड पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आठवें और अंतिम दिन कथा व्यास रामनिवास पांडेय ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा का वाचन किया। सुदामा और श्रीकृष्ण की अनोखी मित्रता के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि सुदामा संसार के सबसे अद्भुत भक्त थे, जिन्होंने अपनी गरीबी के बावजूद अपने मन की संपन्नता और भक्ति से भगवान श्रीकृष्ण का हृदय जीत लिया। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रोता भावुक हो गए। व्यासजी ने कहा कि सच्ची मित्रता वही है, जो श्रीकृष्ण और सुदामा के समान हो। उन्होंने श्रोताओं को यह संदेश दिया कि जीवन में अपने कर्मो को कभी नहीं भूलना चाहिए और मित्रता में सच्चाई को बनाए रखना चाहिए। कथा परीक्षित रजनी पाण्डेय,आशीष पांडेय ने व्यासपीठ की आरती उतारकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों मिश्र, रामबरण शोनी,प्रमोद द्विवेदी, चंद्रशेखर गौतम, सुनील गर्ग सत्यम पाण्डेय समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा की सपथ दिलाई गई

**अतर्रा/बांदा।** ब्रह्म विज्ञान इण्टर कालेज अतर्रा बांदा में सड़क सुरक्षा की सपथ दिलाई गई। जिसमें सभी बच्चे एवं शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जागरूक किया, आज सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वी जयन्ती है जिसको पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया, तथा जय हिंद के नारे लगाये गये, एवं उन्हें श्रृद्धांजलि दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा की सपथ दिलाते हुए प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाये, मोबाइल का प्रयोग न करें, तेज गति में वाहन न चलायें, अधिक सवारी न बैठाये, हमेशा सही दिशा में वाहन चलायें। हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि घर में हमारी कोई प्रतीक्षा कर रहा है। जीवन मूल्यवान है जैसे कि कहा गया है- शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्। रोड क्रास करते समय आगे पीछे देखें जिसके लिए शीशे का प्रयोग करें। अरुण कुमार, चेतराम, बीरेन्द्र दीक्षित, सोमनाथ, राममिलन यादव, गिरिजेश, सुशील, राजेश, मधु सविता, प्रेमलता, जेपी कोमल, श्याम निगम, रजत, संतोष कुमार, कमलेश कुमार सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहा है।

## अयोध्या राम मंदिर की वर्षगांठ पर ओंकारेश्वर मंदिर में भक्तों ने भक्ति का उत्सव रचा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्टेट बैंक कॉलोनी, अलीगंज स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में रामभक्तों ने गत वर्ष अयोध्या में बने राम मंदिर की पहली वर्षगांठ बड़े धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई। इस पावन अवसर पर सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और दीपदान जैसे विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।



कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना और सुंदरकांड के सामूहिक पाठ से हुई। श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से भरपूर वातावरण में भाग लिया, जहां हनुमान चालीसा के पाठ और रामचरितमानस के सुंदर भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों और भजन गायकों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे सभी भक्त भावविभोर हो गए।

इस मौके पर दीपदान का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर परिसर को सैकड़ों दीपों से सजाया गया। दीपों की झिलमिलाहट से पूरे वातावरण में दिव्य आलोक छा गया, और श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर भगवान राम को अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप मिठाइयां और फल वितरित किए गए। यह आयोजन न केवल भक्ति का प्रतीक था, बल्कि समाज में एकता, शांति और सहयोग का संदेश भी देता है। रामभक्तों के समर्पण और भक्ति ने इस कार्यक्रम को अत्यंत भव्य और सफल बना दिया। यह उत्सव केवल अयोध्या के राम मंदिर की वर्षगांठ को चिह्नित करने तक सीमित नहीं था, बल्कि भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त प्रयास भी था। इस कार्यक्रम की मुख्य आयोजक दुर्गेश ने आयोजन को यादगार बनाया इस कार्यक्रम में राजेश मेहरोत्रा, उत्कर्ष, आदेश, सभासद राघवराम, वंदना, पूनम, सुनील, नीलम, शोभा, लीना एवं समस्त राम भक्त सम्मिलित हुए।

### शहर में मन्नती कूंडों का त्यौहार बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मना

**लखनऊ।** हजरत इमाम जाफर सादिक (अ.स.) के नाम से होने वाले मन्नती कूंडों का त्यौहार बृहस्पतिवार को बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने घरों में तरह-तरह के पकवान बनाये तथा बाजार से विभिन्न प्रकार की मिठाईयां खरीदकर, विशेषकर मीठी टिकयों पर सुबह की नमाज के बाद नज्र दी गयी। इसके बाद से ही लोगों ने अपने मोहल्ले, रिश्तेदारों और अजीजों के घर जाकर नज्र चखी। इस खुशी के मौके पर पुराने शहर के हसनपुरिया,शाही खैरातखाना, नजफ, तोपदरवाजा, दरगाह रोड,मंसूर नगर, गोलागंज, मुफ्तीगंज,मैदान एलएचखां, कश्मीरी मोहल्ला, सरफराजगंज, मुसाहबगंज, मौला नगरी,शेर दरवाजा, वजीरगंज, काजमैन, रूस्तमनगर, नूरबाड़ी, जनाब वाली गली, हुसैनाबाद, टापे वाली गली, शीशमहल शाहगंज व अंगूरीबाग आदि में विशेष तैयारियां की गयी थीं। त्यौहार के मौके पर बच्चों ने आज नये-नये कपड़े पहने। इसके साथ ही नज्र को लेकर बच्चों में काफी खुशी थी। वह मोहल्ले के घरों में जाकर नज्र चखते नजर आ रहे थे। नज्र के मौके पर पुराने शहर

## महाकुम्भ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार : कांग्रेस

अवधनामा ब्यूरो



■ व्यवस्था के नाम पर सिर्फ गुजराती कम्पनियों को ठेका दिया
■ सरकार ने महाकुम्भ को भी इवेंट बना दिया है: अजय राय

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और प्रयागराज सांसद उवल रमण सिंह ने प्रदेश की योगी सरकार और अधिकारियों पर साधु-संतों व श्रद्धालुओं की अनदेखी कर वीआईपी लोगों की मेहमाननवाजी और फोटो खिंचवाने का आरोप लगाया है। नेताद्वय ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए महाकुम्भ में श्रद्धालुओं और साधु-संतों के लिए इंतजामों में बरती जा रही उदासीनता और आधी-अधूरी तैयारियों के बीच महाकुम्भ के आयोजन पर सवाल खड़े किये। नेताद्वय ने सरकार पर महाकुम्भ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए महाकुम्भ के बाद इसे तथ्यों और आंकड़ों के साथ उजागर करने की बात कही। इस दौरान महाकुम्भ में फैली अव्यवस्थाओं और साधु-संतों व श्रद्धालुओं को हो रही समस्याओं पर एक वीडियो डॉक्यूमेण्ट्री भी दिखाई गयी। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि महाकुम्भ के नाम पर बड़े स्तर की तैयारी का दावा कर सरकार सभी को भ्रमित कर रही है। महासंगम स्थल पर कैबिनेट बैठक को ड्रामा करार देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने महाकुम्भ को भी इवेंट बना दिया है। महाकुम्भ में कैबिनेट बैठक कर धार्मिक और आस्थ के आयोजन में राजनैतिक संदेश दिया जा रहा है। सरकार ने महाकुम्भ की परम्पराओं को बदल दिया। व्यवस्था के नाम पर गुजराती कम्पनियों को ठेका देकर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रयागराज सांसद उवल रमण सिंह ने कहा कि 2019 के कुम्भ में भाजपा सरकार ने कहा था कि महाकुम्भ 2025 तक मेट्रो चलने लगेगी, लेकिन अब तक मेट्रो का अता-पता नहीं है। गंगा नदी पर छह लेन के पुल का निर्माण भी अधूरा है जिसके चलते उस स्थान पर सिर्फ 60 दिन के लिए 60 करोड़ रुपये से स्टील ब्रिज का निर्माण हुआ। इस नुकसान का कौन जिम्मेदार है और किसकी जवाबदेही है। श्री सिंह ने कहा कि महाकुम्भ में सड़क निर्माण भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस बार गली-मोहल्लों की सड़कें तो दूर मुख्य सड़कें और चौराहों तक को नहीं छुआ गया। सरकार की बदइंतजामी के चलते लोग 20-20 किलोमीटर पैदल चल परेशान हो रहे हैं। तीर्थ, पुरोहितों को संगम से दूर पूजा स्थल आवंटित करने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बोस दा राष्ट्रनायक विषय पर संगोष्ठी



राष्ट्र सेवा शपथ समारोह का शानदार आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**अमरोहा।** आजादी के महानायक माँ भारती के वीर सपूत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर वेंकटेश्वरा में 'बोस दा राष्ट्रनायक' विषय पर संगोष्ठी एवं 'राष्ट्र सेवा शपथ' समारोह का शानदार आयोजन। वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर अपने-अपने क्षेत्रों में शानदार काम करते हुए राष्ट्र सेवा की शपथ दिलायी।

-नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसा दूरद्रष्टा राष्ट्रनायक एवं ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को हिलाने वाला उनके समकालीन कोई नही- श्री सुधीर गिरि, संस्थापक अध्यक्ष वेंकटेश्वरा समूह।

-यदि हर भारतवासी नेताजी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा के यज्ञ में अपने प्रभावी योगदान की आहुति दे तो ये देश जल्द ही दुनिया का सिरमौर होगा- डा. राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय।

-आइये हम सब मिलकर अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में रहते हुए राष्ट्र सेवा के शानदार कार्यो द्वारा अपने आजादी के हीरोज को सच्ची श्रद्धांजलि दे-प्रो. (डा.) कृष्णकांत दवे, कुलपति श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान।

-राष्ट्र सेवा से बड़ा कोई धर्म नही एवं मातृभूमि से बढ़कर कोई स्वर्ग नही, जिस दिन हमने ये जान लिया उसी दिन से सारी दुनिया आपको मानने लगेगी- डा. मधु चतुर्वेदी विख्यात कवियित्री, साहित्यकार एवं अध्यक्ष वेंकटेश्वरा कल्चरल प्रकोष्ठ।-आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में माँ भारती के वीर सपूत एवं आजादी के रणबांकुरे आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' पर बोस दा राष्ट्रनायक विषय पर संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान, प्रबंधन, प्रशासन, अतिथियों एवं वक्ताओं ने उपस्थित हजारों छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नेताजी के द्वारा देश की आज़ादी के लिए किये गए संघर्षों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा की शपथ दिलायी गयी। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के परेड ग्राउंड में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' पर आयोजित 'बोस दा राष्ट्रनायक' विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं 'राष्ट्र सेवा शपथ समारोह' कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवियित्री डा. मधु चतुर्वेदी, कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे आदि ने माँ भारती एवं नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। -अपने सम्बोधन में समूह अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि नेताजी जैसा दूरद्रष्टा, राष्ट्रभक्त एवं आजादी के लिए सर्वत्र न्यौछावर करने वाले विरले ही होते है, जिन्होंने बिना किसी सहायता के ब्रिटिश हुकूमत को लोहे के चने चबाने के लिए तीन माह के अल्प समय में स्वयं ट्रेनिंग देकर चालीस हजार (40000) पुरुष एवं महिला लड़ाकों की सेना आजाद हिन्द फौज का गठन कर अंग्रेजों के माथे पर पेशानी में बल डालने का काम किया।

-वेंकटेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति एवं अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डा. राजीव त्यागी ने कहा कि ऐसे महान राष्ट्रभक्त को आज उनकी जयंती पराक्रम दिवस पर यही सच्ची श्रद्धांजली होगी कि हम जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्यक्षेत्र में शानदार कार्य करते हुए राष्ट्र सेवा में अपना शत प्रतिशत योगदान दे। आज उनकी जयंती पर पूरे राष्ट्र के साथ वेंकटेश्वरा परिवार उनको नमन करता है।

-पराक्रम दिवस पर आयोजित बोस दा राष्ट्रनायक संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ समारोह को कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, डीन नर्सिंग डा. एना ब्राउन ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डे, डा. राजेश सिंह, डा. टी.पी.सिंह, डा. दिनेश गौतम, डा. आशुतोष गौतम, डा. ज्योति सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. राजवर्धन सिंह, डा. एस वाल्टर, डा. अनुषा कर्णवाल, प्रतिमा, नीमा, पूजा एरी, डा. स्नेहलता गोस्वामी, सुमंदीप कौर, स्मिता, हरप्रीत, हिमानी चौहान, मेरठ परिसर निदेशक डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन नर्सिंग विभाग के डा. मनीष शर्मा ने किया।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई



**संभल।** समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर बैठक हुई बैठक में आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी के आह्वान पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई।

जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर फूल मलाई पहनकर पुष्प अर्पित किए उन्होंने कहा कि देश की आजादी में सुभाष चंद्र जी का बहुत बड़ा योगदान है देश के युवाओं की अगुवाई करते हुए उन्होंने नारा दिया कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा दूसरा नारा उनका जय हिंद का था आजादी के दौरान उनका योगदान जो उन्होंने किया वह बुलाने योग कभी नहीं है आज भी देश के युवाओं में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवित है बैठक में जिला पंचायत सदस्य सुभाष चन्द्र कौसर अली अंसारी रियासत हुसैन यासीन सैफी नबाब शाह मेहंदी अंसारी देशराज जाटव हाजीफुरकान फारीन खा लताफ जहरा एकरा अंसारी आदि।

## 22 वी रजब को किया गया कुडो की नियाज का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** मुस्लिम समाज के लोगो ने 22 वी रजब का दिन विशेष महत्व रखता है इस दिन कुंडो की नियाज इमाम जाफर सादिक की जाती है बुधवार को शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुंडो की नियाज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नियाज मे शिरकत करने के लिए लोग एक दूसरे के घर जा कर शिरकत करके अल्लाह से दुआ करने है इनाम जाफर सादिक पैगंबर मोहम्मद साहब पुलिस प्रत्यक्ष वंशज थे इनका जन्म 702ईस्वी मे मदीना में हुआ था इमाम ने अपने दौर में इंसानियत हंक और इल्म को प्रथिमिकता दी इमाम जाफर ए सादिक की शिक्षाओ से मुस्लिम ही नहीं बल्कि गैर मुस्लिम को भी प्रेरित किया इमाम जाफर सादिक ने समाज मे एकता और भाई चारे को बढावा देने का संदेश दिया 22 वी रजब को कुंडो की नियाज के लिए मुस्लिम समाज के लोग मिट्टी के कुडो में खीर व पूडी भर कर नियाज के तौर पर अल्लाह की राह मे पेश किया जाता है। शहर के मुहल्ला नूरियो सराय मे सुबह से ही कुंडो की नियाज का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर रात तक जारी रहा। लोगों ने इमाम जाफर ए सादिक अलैहिस्सालाम की नियाज में अकीदत के साथ शिरकत करके देश व कौम की खुशहाली के लिए दुआ की। संभल के नूरियो सराय मिया सराय हुसैन खॉ सराय मंडी किशन दास सराय कोट गर्बी में लोगों ने कुडो की नियाज का आयोजन किया।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर मानव श्रंखला बनाकर दिया सड़क सुरक्षा का सन्देश

- सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन पूरी गंभीरता से करना चाहिए :जिलाधिकारी
- अपने आस-पास के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति करे जागरूक: पुलिस अधीक्षक



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण मे नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती के अवसर पर सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, व अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्वा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर तथा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म सभी को दिखायी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजकीय इण्टर कालेज मे बड़ी संख्या मे विभिन्न स्कूलों से आये हुये बच्चों, अध्यापकगणों अधिकारीगणों को सम्बोधित करते हुये कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर बच्चों द्वारा मानव श्रखंला का आयोजन किया गया, जिसका उददेश्य यह है कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों मे जागरूकता लायी जा सके, जिससे की सड़क दुर्घटनाओं मे कमी आये। सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन पूरी गंभीरता से करना चाहिए। उन्होंने नेता जी सुभाष चन्द्र जी के जीवन के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और यातायात के नियमों के पालन हेतु अपने आस-पडोस तथा घर मे लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन मे कहा कि यातायात नियमों का पालन करते समय नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की अनुशासन प्रियता को अपने ध्यान मे रखना होगा। साथ ही सेप्टी पांइट का भी खयाल रखना होगा, जिससे कि हम सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल त्रिपाठी, उप निदेशक कृषि डॉ0 नन्द किशोर एआटीओं प्रशासन संजीव सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अधिकारी कर्मचारी व स्कूली बच्चें, अध्यापकगण व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहें।

## एडीजे/सचिव ने कारागार में की विजिट, बंदियों से ली समस्याओं की जानकारी

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार यशवन्त कुमार सरोज ने गुरूवार को जिला कारागार में विजिट की। एडीजे/सचिव ने जिला कारागार की विजिट के दौरान पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप करते हुये उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। भोजनशाला में साफ- सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी। जिला कारागार की विजिट के दौरान जेल अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह, चिकित्साधिकारी विजय द्विवेदी, प्रभारी कारापाल जयनारायण भारती, न्यायालय से आलोक, विकास कुशवाहा उपस्थित रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में हुई शासी निकाय की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के शासी निकाय की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी भुगतान में देरी न की जाये। आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। एनसीडी स्क्रीनिंग में शहरी क्षेत्रों में विशेष प्रयास किये जाएं। 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कक्षा 1 से 5 तक के स्कूली बच्चों को दवा खिलाई जाये। फीडिंग का कार्य भी तत्काल कराया जाये। नियमित टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। सभी सीएचसी पर मूलभूत आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जाँच के दौरान भरखनी में ओआरएस उपलब्ध न होने पर भरखनी के अधीक्षक का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। 22 फरवरी तक चलने वाले गहन टीबी उन्मूलन अभियान में स्क्रीनिंग में तेजी लायी जाये। मरीजों का सीएचसी पर एक्स रे कराने में देरी न की जाये। लापरवाही पर सुरसा के टीबी सुपरवाइजर का वेतन रोकने तथा प्रभारी डिप्टी सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को टीबी उन्मूलन से सम्बंधित शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में मिली खामियां

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद में दो दिवसीय दौरे पर आये उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य महीपाल बाल्मीकि ने गुरुवार को तालबेहट स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में स्काउट के छात्रों द्वारा सलामी दी गयी। प्रभारी प्राचार्य द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने अध्यापकों के बारे में जानकारी ली तथा जब मिड-डे मील रसोई का निरीक्षण किया तो पाया गया कि मिड डे मील मेन्यू के समयानुसार नहीं मिल रहा है, तो मिड-डे मील प्रभारी को सख्त हिदायत दी है कि समय पर गुणवत्ता परक मिलना चाहिए। अन्यथा की दशा में कार्यवाही की जायेगी। यहीं नहीं आवासीय परिसर का निरीक्षण किया तो गन्दगी देख आयोग सदस्य का पारा चढ़ गया, आवासीय परिसर में स्थित कमरों में दरवाजे नहीं मिलें वहीं शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं थी। दरवाजे मौजूद नहीं थे अव्यवस्था होनें पर उन्होंने प्रभारी प्राचार्य, समाज कल्याण अधिकारी से सवाल पूछे तो दोनों नहीं कह पाएं सदस्य ने तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए हैं और यही नहीं छात्र छात्राओं से गोपनीय वार्ता कर समस्याएं पूछकर दूर करने के निर्देश दिए हैं।

## एनजीटी के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें : डीएम

- जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डीएफओ गौतम सिंह ने बैठक का शुभारंभ किया। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने एनजीटी से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में बताया कि बेतवा नदी के किनारे रणछोर धाम घाट पर ग्राम गंगा समिति, ग्राम पंचायत देवगढ़ द्वारा नदियों में प्रदुषण रोकने एवं धार्मिक पेशकश को नदियों में नहीं फेंके जाने सम्बन्धी



बैठक में अधिकारियों से वार्ता करते जिलाधिकारी

सूचना एवं चेतावनी बोर्ड लगा दिए गए है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि नदियों को प्रदुषण मुक्त रखना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है और सभी को पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए कचड़े को निर्धारित स्थान अथवा कूड़ेदान में ही निस्तारित करना चाहिए। दैलवारा में स्थापित फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में हो रही लीकेज की समस्या को जल निगम के माध्यम से जल्द निस्तारित कर प्लांट को क्रियाशील बनाने के निर्देश नगर पालिका को दिए गए। जीडीपीएमएस पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली सूचनाओं को प्रभावी बनाने के लिए सम्बंधित विभागों के साथ वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश जारी किये गए। जिला गंगा समिति के नामित सदस्यों के कार्यकाल को बढ़ाने तथा नए सदस्यों को समिति में जोडने पर चर्चा की गई। बैठक में डीएफओ गौतम सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड इमरान अली, उपायुक्त श्रम रोजगार आर.के.यादव, डा.राजेश भारती, ए.ई.राज्य लोक निर्माण विभाग अजय सचान, जे.ई.जल निगम अश्विनी कुमार, जे.ई.लघु सिंचाई विभाग ज्ञानेंद्र कुमार, डी.पी.एम.नपा दीपक कुमार, वासुदेव सिंह, रुचिका बुंदेला, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे।

## हम सबने यह ठाना है, गौरैया को बचाना है

- गौरैया का प्रजनन काल शुरू, गौरैया संरक्षण को करने होंगे विशेष प्रयास

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** हमारी बचपन की सुखद कहानियों में गौरैया का नाम जरूर आता है। क्योंकि कहीं ना कहीं ये ही हमारे बचपन की सबसे पहली सखी होती थी। लेकिन आज खोजने पर भी हमारी वो सखी देखने को नहीं मिलती। इसलिए आज जरूरत है हमें इस प्रजाति को बचाने की। कहते हैं कि माह जनवरी से मई तक हमारी पक्षी गौरैया के प्रजनन का समय होता है। इसमें नर गौरैया मादा गौरैया को अपनी आवाज से शोर करके आकर्षित करते हैं। वे अपना एक घोंसला तैयार करते हैं और मादा गौरैया को अपना घोंसला दिखाने आते हैं। अगर मादा को ये पसंद आ जाता है तो इस घोसले में मादा गौरैया भी तिनके रख कर साथ में अपना घोंसला तैयार करती है। रिश्ते में हामि भरने का ये इनका अनोखा अंदाज होता है। आज के समय में ध्वनि प्रदूषण इतना अधिक हो गया है कि ये भी इनकी विलुप्ति एक बड़ा कारण है। इनके प्रजनन में ये भी बड़ा बाधक बन रहा



है। आज की शोर शराबे की दुनिया में इनकी आवाज को मादा गौरैया तो क्या कोई सुन नहीं पा रहा। जिससे इनकी संख्या कम होती जा रही है। स्पैरो मैन ऑफ बुंदेलखंड के नाम से प्रसिद्ध युवा अधिवक्ता पर्यावरणविद्ध पुष्पेन्द्र सिंह चौहान बताते हैं कि वैसे तो गौरैया की संख्या का ऑडिट नहीं हुआ है लेकिन हमारे गौरैया रक्षकों द्वारा किए गए सर्वे में करीब 2000 गौरैयों को विभिन्न जगहों पर देखा गया था। अक्टूबर माह से ये गौरैया जोड़ा बनाने का काम शुरू कर देते हैं और एक साल में दो से छह अंडे देती है। आज के समय में शहरों में घोसले ना मिल पाना इनके प्रजनन में बाधक बन रहा है। इन्होने अपील की है कि कम से कम हम घर में एक बॉक्स लगाए जिसमें 32 एम.एम. का छेद हो ताकि उसमें ये अंडे दे सकें और साथ ही दाना पानी की भी व्यवस्था करे। गौरैया संरक्षण के साथ पर्यावरण के लिए कार्य कर रहे युवा समाजसेवी विकास झा ने बताया कि गौरैया हमारी बचपन की साथी पक्षी है और अब ये विलुप्ति के कगार पर है। इसलिए हमें अपने हिस्से का काम करना होगा और अपनी गौरैया को बचाना चाहिए। इसे लेकर हम भी काफी प्रयास कर रहे हैं। लेकिन हर एक को अपने स्तर का प्रयास करना होगा तभी ये सफल होगा। मानव ऑर्गेनाइजेशन के सचिन जैन बताते है कि हमारी एक मुहीम है जिसका टैगलाइन है गौरैया संवाद। इसके अंतर्गत हर घर गौरैया कार्यक्रम आता है। आगामी विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। इस बार विभिन्न चैप्टर बनाकर गौरैया संरक्षण पर कार्य होगा जिसकी रणनीति जल्दी ही पर्यावरणविद्धों के साथ मीटिंग करके बनाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने की गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा झांकी निकाली जाये। वाहनों की व्यवस्था कर ली जाये। नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया जाये। सभी अधिकारी व कर्मचारी फॉर्मल पोशाक पहन कर आएं। श्रेष्ठ झंकियों को पूर्व की भांति पुरस्कृत किया जाये। कुछ स्वच्छाग्रहियों को सम्मानित करने की व्यवस्था की जाये। महापुरुषों की सभी प्रमुख मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर पालिका परिषद में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की मनाई गयी जयन्ती



**हरदोई।** नगर पालिका परिषद, हरदोई में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गयी। नगर पालिका अध्यक्ष, सुख सागर मिश्र मधुर द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय सभागार में नेताजी के चित्र पर माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी, सभासद धर्मरूचि सिंह सभासद प्रतिनिधि अहमर हुसैन, एवं पालिका के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अध्यक्ष जी द्वारा अपने उद्बोधन में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उन्होने कहा हम सभी को नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये, नेताजी के द्वारा भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया, उन्होने आजाद हिन्द फौज की स्थापना की जिसके द्वारा भारत की आजादी के लिये अहम भूमिका निभाई। नेताजी के द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा राष्ट्रीय नारा बन गया था। इस अवसर पर कर अधीक्षक डा0 पुष्पराज गौतम, लेखा लिपिक विद्याभूषण सिंह, कमल किशोर मिश्र, अनिल यादव, श्रीमती अशलेखा श्रीवास्तव, संतोष यादव, विमलेश यादव, एवं पालिका के कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

### मुनि विशुभ सागरजी का 6वां मुनि दीक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**मड़ावरा (ललितपुर)।** कस्बा मड़ावरा के महावीर विद्याविहार में विराजमान आचार्यश्री विशद सागरजी ससंघ के सानिध्य में आयोजित किये जा रहे 1008 श्री समवशरण महामण्डल विधान में दिन प्रतिदिन नए अध्याय जुड़ रहे हैं। धर्म का प्रचार प्रसार व संस्कार तो जीवित हो ही रहे हैं। साथ ही आचार्य संघ की कठिन तपस्या से भी श्रद्धालुजन रूबरू हो रहे हैं। गुरुवार को सकल दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा के संयोजन में संघस्थ मुनि विशुभ सागरजी का 6वां मुनि दीक्षा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान प्रीति राजकुमार जैन द्वारा दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में खीर का वितरण किया गया। साथ ही मुनिश्री की पुरानी पिच्छी प्राप्त करने का सौभाग्य भी उक्त गुरुभक्त दंपत्ति को मिला। वर्णी नगर मड़ावरा में आयोजित किये जा रहे 1008 श्री समवशरण महामण्डल विधान से दिन प्रतिदिन धार्मिक बयार बह रही है। नित्य नियम प्रतिदिन आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण धर्म मय हो गया है।

### शिक्षा मित्र शशि देवी पंचत्व में विलीन

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोशिएशन की एक बैठक कार्यालय में शोकसभा के रूप में सम्पन्न हुई। शोक सभा मे प्राथमिक विद्यालय टेंनगा बिरधा मे कार्यरत शिक्षा मित्र शशि देवी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इसके अलावा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पूरन सिंह चौहान भौंरदा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, सुदामा प्रसाद दुवे, बृजेश कुमार टोटे, केहरसिंह बुन्देला, राजेश तिवारी, वीरपाल सिंह, कुलदीप गोस्वामी, शेरसिंह यादव, सुरेन्द्रसिंह चौहान, ज्योति प्रकाश खरे, राजेश कुमार, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, भानसिंह सेंगर, हाकिम पाल, महेंद्र दीक्षित, अशोकसिंह चन्देल, राजीव त्रिपाठी, दिनेश राजपूत, आनंद भोडेले, सुजान सिंह, प्यारे राजा, लालाराम रजक, अशोक अहिरवार, भरतसिंह राजपूत, अनिल खरे, अशोक परिहार, रामस्वरूप निरंजन, रघुवीर सिंह, शिवशंकर चतुर्वेदी, शैलेन्द्र राजा, रेखा लिटौरिया, राघवेंद्र सिंह, हेमलता कुशवाहा, मनु शर्मा, अंशु टोटे, प्रभुदयाल बरार आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक सुभाष पासी गिरफ्तार

- आबकारी मंत्री की बहन से ठगी का आरोप
- कोर्ट में पेश होंगे गुरुवार को

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन समेत दो लोगों से धोखाधड़ी और गैंग्स्टर के आरोपी गाजीपुर के पूर्व विधायक सुभाष पासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। देहात कोतवाली पुलिस ने पूर्व विधायक को गिरफ्तार किया। गुरुवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

शहर कोतवाली क्षेत्र के रेलवेगंज निवासी प्रकाश चंद्र गुप्ता ने 10 अक्तूबर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि गाजीपुर निवासी सुभाष पासी, जो मुंबई के जुहू चर्च बलराज साहनी रोड नंबर तीन पटेलवाड़ी प्लाट नंबर 658 में रहते हैं, से उनकी मुलाकात पड़ोसी अक्षय अग्रवाल के जरिए हुई थी। सुभाष ने बताया था कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है और मुंबई के आरामनगर में फ्लैट होने की बात कहते हुए उसे ढाई करोड़ रुपये में खरीदने का ऑफर दिया था। इस पर प्रकाश चंद्र उन्हें रुचि गोयल के पास ले गया, जो प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन हैं। यहां कई लोगों की मौजूदगी में रुचि गोयल ने 49 लाख रुपये का चेक सुभाष और रीना को दे दिया। रीना ने अपने अकाउंट में चेक जमा कर रुपये निकाल लिए, लेकिन फ्लैट नहीं दिया।

2023 में दर्ज हुआ था केस इस पर प्रकाश मुंबई में उनसे मिलने गया तो फर्जी दस्तावेज बनाकर दे दिए। इसके अलावा रेलवेगंज निवासी अक्षय अग्रवाल ने भी नौ अगस्त 2023 को सुभाष और रीना पासी के खिलाफ 49 लाख रुपये हड़पने और फर्जीवाड़ा करने का मामला दर्ज कराया था। दोनों ही मामलों में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई थी। इसके बाद तत्कालीन शहर कोतवाल संजय पांडेय ने 31 जनवरी 2024 को दंपती के खिलाफ गैंग्स्टर का मामला दर्ज किया था। तब से पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने पूर्व विधायक सुभाष पासी को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने पूर्व विधायक सुभाष पासी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# भारत के नंबर-1 शतरंज खिलाड़ी बने डी गुकेश, वर्ल्ड रैंकिंग में भी हुआ इजाफा

वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश का टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। उन्होंने पांचवें राउंड के मुकाबले में बुधवार को विजक आन जी को मात दी। इस जीत से गुकेश को डबल फायदा हुआ। इस दौरान वह न सिर्फ भारत के नंबर वन खिलाड़ी बने बल्कि उन्होंने वर्ल्ड रैंकिंग में भी चौथा स्थान हासिल किया। गुकेश वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद पहली बार कोई टूर्नामेंट खेल रहे हैं। गुकेश ने पांचवें राउंड के मैच जर्मनी के विंसेंट केमार को मात दी जो कि कुछ महीने पहले तक उनकी ही टीम का हिस्सा थे। सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश का सामना चीन के डिंग लिरेन था। इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए गुकेश ने जो टीम तैयारी की थी उसमें विंसेंट भी शामिल थे। उन्होंने गुकेश को वर्ल्ड चैंपियन बनाने में काफी मदद की। गुकेश ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोशिश की थी कि वह लिरेन के खिलाफ मैचों को लंबा खींचे। वह चाहते थे कि लिरेन थक जाएं। विंसेंट ने भी बुधवार को गुकेश के खिलाफ यही प्रयोग अपनाया। उन्होंने कोशिश की और मैच




को लंबा खींचा। वह शुरू से ही मजबूत पॉजिशन में नहीं ते लेकिन वह मैच को खींचकर 72वें मूव तक ले गाए। दोनों की बीच 6 घंटे लंबा मैच चला। गुकेश को विंसेंट के बाद अपने एक और साथी का सामना करना है। पेंटाला हरिकृष्णा भी गुकेश की वर्ल्ड चैंपियनशिप टीम का हिस्सा थे। गुकेश सातवें राउंड में उनका सामना करने उतरेंगे। गुकेश के लिए हालांकि, ये कोई मुश्किल की स्थिति नहीं है। वह अपने विपक्षी को लेकर एक खिलाड़ी के तौर पर देखते हैं। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले कहा था कि विंसेंट और हरिकृष्णा का सामना करना उनके लिए खास होगा। गुकेश ने कहा कि, एक बार जब मैं बोर्ड पर पहुंच जाता हूं तो आमतौर पर मुझे प्रतिद्वंद्वी की परवाह नहीं होती, चाहे वह एक अच्छा दोस्त हो या कोई और। ये हमेशा की तरह व्यवसाय होगा। पिछले साल के दौरान हमारे बीच एक मजबूत रिश्ता बना। मुझे खुशी है कि वे इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं।

## सिंधू और लक्ष्य करेंगे चीन में बैडमिंटन एशिया मिश्रित चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुआई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता लक्ष्य सेन 11 से 16 फरवरी तक चीन के क्रिंगदाओ में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत ने 2023 में दुबई में प्रतियोगिता के पिछले चरण में कांस्य पदक जीता था। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने टीम का चयन करते समय खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग और मौजूदा फॉर्म को अहमियत दी है। टीम में एचएस प्रणय और मालविका बंसोड़ क्रमशः दूसरे पुरुष और महिला एकल खिलाड़ी होंगे। मजबूत भारतीय टीम में स्टार युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी होंगे। महिला युगल जोड़ी में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली या अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो में से कोई एक हो सकती है।

# आईपीएल 2025 के पहले केकेआर को लगा बड़ा झटका, वेंकटेश अय्यर रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दौरान हुए चोटिल

केकेआर टीम को आईपीएल 2025 से पहले बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रणजी ट्रॉफी 2024-25 का छठा राउंड शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश और केरल के बीच तिरुवनंतपुरम के ग्रीन फील्ड स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में स्टार भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर बुरी तरह से चोटिल हो गए हैं। जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया है। अय्यर की चोट इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी केकेआर के लिए चिंता का विषय हो सकती है।



इस मैच में एमपी की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी और उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। मध्य प्रदेश ने 49 रनों पर 4 विकेट गंवा दिए थे और उसके बाद अय्यर बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे लेकिन वे चोटिल हो गए और मैदान छोड़कर बाहर चले गए।

अय्यर का बल्लेबाजी के दौरान टखना मुड़ गया। जिसके बाद वे मैदान पर लेट गए और दर्द से कराहने लगे। उन्हें मैदान पर तुरंत फिजियो ने ट्रीटमेंट दिया, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। आईपीएल ऑक्शन में अय्यर को केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपये की भारी बोली लगाकार खरीदा है। वहीं फ्रेंचाइजी उन्हें कप्तान बनाने के बारे में भी सोच रही थी। ऐसे में अय्यर की चोट टीम ी सरदर्द न बन जाए।

आईपीएल की शुरुआत 23 मार्च से होनी है। अगर एड़ी की चोट पर नजर डालें तो इसे ठीक होने में आमतौर पर 6-7 सप्ताह का समय लगात है। ऐसे में अब 6 सप्ताह का समय वेंकटेश को मिल सकता है लेकिन कई बार मामला गंभीर होने पर इसे ठीक होने में 5 से 6 महीने का भी समय लग जाता है और मोहम्मद शमी का उदाहरण भी हमारे सामने है। अय्यर के अलावा भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे भी केकेआर के कप्तान बनने की रेस में हैं। रहाणे को केकेआर ने 1.5 कोरड़ की बेस प्राइस में खरीदा था। अगर अय्यर ठीक नहीं होते हैं तो रहाणे का कप्तान बनाना लगभग तय है।

# दिल्ली के खिलाफ रविंद्र जडेजा ने किया कमाल, 35वीं बार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लिया 5 विकेट हॉल

रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में सौराष्ट्र के लिए खेल रहे ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में बेहतरीन गेंदबाजी की। पहली पारी में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली की टीम 188 रन पर आउट हुई। दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने अर्धशतकीय पारी खेली जबकि सौराट्र के लिए रविंद्र जडेजा ने 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया। जडेजा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 35वीं बार 5 विकेट हॉल लेने का कमाल किया।



दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में जडेजा अपनी शानदार गेंदबाजी के दम पर 5 विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 17.4 ओवर में 66 रन बनाकर 5 विकेट लिए और उन्होंने सनत सांगवान, यश ढुल, आयुष बदोनी, हर्ष त्यागी और नवदीप सौनी को आउट किया। रविंद्र जडेजा के अलावा इस मैच में सौराष्ट्र के लिए धमेंद्र सिंहजडेजा ने भी अच्छी गेंदबाजी की और उन्होंने 3 विकेट झटके।

सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और फिर ये टीम 188 रन पर आउट हो गई। इस मैच में टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का बल्ला नहीं चला और वो 10 गेंदों पर एक रन बनाकर आउट हो गए जबकि कप्तान आयुष बदोनी ने बेहतरीन पारी खेली और मुश्किल समय में टीम के लिए 2 छक्के और 5 चौकों की मदद से 78 गेंदों में 60 रन बनाए।

## वीरेंद्र सहवाग की 21 साल की शादी में दरार की खबरें, क्या पत्नी आरती अहलावत से अलग हो रहे पूर्व क्रिकेटर?

कुछ दिन पहले टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं। उसके बाद क्रिकेटर मनीष पांडे की भी शादी टूटने की खबरें आई थीं। अब पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और उनकी पत्नी आरती के बीच बढ़ती दूरियों को लेकर चर्चा हो रही है। दरअसल, खबरें आ रही हैं कि पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग की 21 साल पुरानी शादी में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। जिस कारण वह अपनी पत्नी आरती अहलावत से अलग हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सहवाग और आरती ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया गया है। साथ ही वो पिछले एक साल से अलग भी रह रहे हैं। सहवाग अपने पारिवारिक जीवन को हमेशा से मीडिया की नजरों से दूर रखा है। वह किसी खास मौके पर ही अपने परिवार संग तस्वीरें शेयर करते हैं।

# भारत ने श्रीलंका को 60 रनों से दी मात, तृशा ने की दमदार बल्लेबाजी

भारत की वीमेंस अंडर 19 टीम ने कमाल कर दिया है। टीम इंडिया ने अंडर-19 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2025 के मुकाबले में श्रीलंका को बुरी तरह से हराया है और भारत ने 69 रनों से मुकाबला अपने नाम किया। टीम इंडिया के लिए गोंगाडी तृषा ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने 49 रन बनाए। भारत ने श्रीलंका को जीत के लिए 119 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 58 रन ही बना सकी। वहीं आयुषी शुक्ला ने भारत के लिए एक विकेट अपने नाम किया।



वहीं भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। इस दौरान तृषा और कमलिनी ओपनिंग करने पहुंची। लेकिन कमलिनी कुछ खास नहीं कर सकीं और 5 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठी। जबकि तृषा ने कमाल की पारी खेली। उन्होंने 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 49 रन बनाए। सनिका चाल्के खात तक नहीं खोल पाई। कप्तान निकी प्रसाद 11 रन बनाकर आउट हो गई। उन्होंने 2 चौके लगाए। मिथिला विनोद ने 16 रनों का योगदान दिया। जबकि जोशिथा ने 14 रन बनाए।

श्रीलंका की विमेंस अंडर 19 टीम भारत के लिए दिए लक्ष्य का पीछा करते हुए 58 रन ही बना सकी। ओपनर संजना 5 रन बनाकर आउट हुईं तो निसंसला खाता तक नहीं खोल पाई। कप्तान मनुडी ननयकारा 2 रन बनाकर आउट हुई। हिरुनी हंसिका भी 2 रन बनाकर आउट हुई। इस दौरान भारत के लिए शबनम ने घातक गेंदबाजी की, उन्होंने 4 ओवरों में 9 रन देकर 2 विकेट लिए। परुनिका और जोशिथा ने भी 2-2 विकेट झटके।

# कपिल शर्मा, राजपाल यादव सहित कई सेलेब्स को जान से मारने की धमकी, पाकिस्तान से आया ईमेल

स्टार कॉमेडियन और बॉलीवुड एक्टर कपिल शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। कथित तौर पर एक ईमेल के जरिए उन्हें यह धमकी दी गई है। कपिल शर्मा के अलावा बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव, कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा और कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को भी धमकी भरा ईमेल आया है।



पुलिस का कहना है कि इन धमकी भरे मैसेज में उनके परिवार और करीबियों को भी निशाना बनाया गया है। इस मामले में राज्यपाल यादव ने मुंबई पुलिस से शिकायत दर्ज करा दी है। सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा ने भी इस मामले पर अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करवाई है। जानकारी के मुताबिक अंबोली पुलिस ने राजपाल यादव की पत्नी की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर बीएस की धारा 35 1(3) के तहत दर्ज हुई है।

पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह धमकी भरी ईमेल पाकिस्तान से भेजे गए हैं। पुलिस ने जिस ईमेल से यह धमकी भरे मैसेज भेजे गए हैं उसकी जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईमेल भेजने वाले ने अपनी पहचान विष्णु बताई है। इस ईमेल में लिखा गया है कि वह मशहूर हस्तियों की हालिया गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं।

ईमेल में कहा गया है कि हम आपके वर्तमान कार्यों पर नजदीकी से नजर रख रहे हैं। एक संवेदनशील मामले को आपका ध्यान में लाना जरूरी है। इसे किसी तरह का पब्लिसिटी स्टंट या फिर जबरदस्ती परेशान करने वाला कदम ना समझे। इस मैसेज को बेहद गंभीरता के साथ ले। ईमेल में लिखा गया है कि अगर उनकी चेतावनियों और मांगों को पूरा नहीं किया गया और इसे नजरअंदाज किया गया तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। ईमेल में आठ घंटे में जवाब देने के लिए कहा गया है। यह चेतावनी भी दी गई है कि अगर जवाब नहीं मिला तो यह समझ जाएगा कि इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा और फिर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि पहला मौका नहीं है जब किसी बॉलीवुड स्टार को जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले सलमान खान और शाहरुख खान को भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी है, जिसकी जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गिरोह ने ली है।

# आगे खिसकी पद्मावत की री-रिलीज, अब इस दिन सिनेमाघरों में दोबारा धूम मचाएगी फिल्म

पद्मावत अपनी सातवीं वर्षगांठ के मौके पर सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने की योजना बना रही थी। पहले यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को फिर से रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है।

संजय लीला भंसाली की ब्लॉकबस्टर फिल्म पद्मावत अपनी सातवीं वर्षगांठ के मौके पर सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने की योजना बना रही थी। पहले यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को फिर से रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है। इससे दर्शकों को इस मास्टरपीस की भव्यता को थिएटर में देखने का एक और मौका मिलेगा।

हालांकि, दर्शक 24 जनवरी को फिल्म को फिर सिनेमाघरों में देखने के लिए उत्साहित थे, लेकिन निर्माताओं ने इसकी री-रिलीज को टाल दिया है। हालांकि, फिल्म की मूल रिलीज तारीख 25 जनवरी, 20218 है। अब यह फिल्म 6 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में भी दोबारा रिलीज होगी। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर जैसे बेहतरीन कलाकार हैं।



पद्मावत गौरव, वीरता और जुनून की एक महाकाव्य कहानी है। यह 1303 ई. में मध्यकालीन भारत में घटित होती है। महारावल रतन सिंह की गौरवशाली पत्नी, रानी पद्मावती उत्तर-पश्चिम भारत में चित्तौड़ के समृद्ध साम्राज्य का गौरव हैं। वह अपनी असाधारण सुंदरता और न्याय की अपनी मजबूत भावना के लिए प्रसिद्ध हैं। हिंदुस्तान के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी को उनकी अद्भुत सुंदरता के बारे में अफवाहें सुनने को मिलती हैं।

रानी पद्मावती को पकड़ने के प्रयास में एक तानाशाह सुल्तान और उसकी सेना ने मध्यकालीन भारत के एक धनी राज्य पर हमला किया। रानी पद्मावती के समर्पित पति महारावल रतन सिंह अपनी मातृभूमि और अपनी प्यारी पत्नी की गरिमा की रक्षा के लिए अपने बहादुर सैनिकों को इकट्ठा करते हैं। लोगों ने दीपिका पादुकोण को रानी की भूमिका के लिए, रणवीर सिंह को खिलजी की भूमिका के लिए और शाहिद कपूर को राजा रतन सिंह की भूमिका के लिए सराहा।

# इस ट्रिक को फॉलो कर बुरे वक्त से कैसे निकलीं सामंथा, फैंस को दी सलाह बोलीं बताइएगा कैसा महसूस हुआ

साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी कुछ टिप्स शेयर की हैं, जिन्होंने उन्हें जीवन की परेशानियों से निपटने में मदद की। सामंथा अपने तलाक और फिर बीमारी को लेकर काफी चर्चा में रही हैं। हाल ही में सामंथा को सिटाडेल हनी बनी में देखा गया।



सामंथा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसमें उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से एक छोटा सा रिचुअल या ट्रिक जरूर फॉलो करती हैं, जिसने उन्हें कुछ सबसे मुश्किल पलों से बाहर निकाला है।

सामंथा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि अगर आपको लिखना आता है और आपको लिखना पसंद है, तो हमेशा उन तीन चीजों के बारे में लिखें, जिसने आपको उस दिन खास बने रहने में मदद की। बस आपको ईमानदारी से काम करना चाहिए। अपने मन की बातें अपने दोस्त से कहें जो आपको सुनता है। कभी-कभी, अपने दिल में एक शांत ÷धन्यवाद÷ के साथ बैठना भी पर्याप्त होता है। यह छोटा सा अभ्यास आपको बेहतर महसूस करवाने में मदद करेगे। इसे आजमा के देखें, चीजें जरूर बदलेंगी सामंथा ने अपने फैंस से फीडबैक भी मांगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करके देखें और मुझे बताएं कि आपको कैसा महसूस हुआ। साथ ही आज आप किस बात को सोच कर आभारी महसूस कर सकते हैं।

सामंथा रुथ प्रभु पिछले साल सिटाडेल हनी बनी में नजर आईं। अभिनेत्री ने अपनी फिल्म को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। वहीं, सामंथा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी बहुत चर्चा में रहीं। सामंथा की बीमारी को लेकर भी उनके सह कलाकार वरुण धवन ने बात की।

# माता-पिता को भगवान का दर्जा देते हैं अभिषेक बच्चन, बोले ईश्वर से पहले उनके पास जाता हूं

साहित्य से लेकर सिनेमा तक बच्चन परिवार का अलग रुतबा है। अभिषेक बच्चन के दादा व कवि हरिवंश राय बच्चन ने साहित्य जगत में नई लकीर खींचीं तो पिता अभिताभ बच्चन ने अभिनय की दुनिया में इतिहास रचा है। हाल ही में जूनियर बच्चन ने परिवार से मिली रचनात्मक विरासत पर बात की। इस दौरान उन्होंने जिंदगी में परिवार के महत्व पर बात करते हुए कहा कि वे बहुत ज्यादा पारिवारिक हैं और उनके लिए माता-पिता ईश्वर से पहले आते हैं।



अभिषेक बच्चन ने सीएनएन टीवी-18 को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनके लिए माता-पिता भगवान के बराबर हैं। एक्टर से जब पूछा गया कि क्या वे धार्मिक हैं? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं बहुत धार्मिक हूं या नहीं। भगवान के साथ मेरा रिश्ता है, लेकिन भगवान के पास जाने से पहले मैं अपने माता-पिता के पास जाता हूं। मुझे लगता है कि माता-पिता ही ऐसे पहले होने चाहिए, जिन पर आपको भरोसा करना चाहिए। मेरे लिए, वे भगवान के बराबर हैं। मैं जो कुछ भी हूं, अपने परिवार की वजह से हूं। मैं बहुत ज्यादा पारिवारिक इंसान हूं। मैं जो कुछ भी करता हूं वह अपने परिवार के लिए करता हूं और वे मेरे सबसे करीबी लोग हैं।

अभिषेक बच्चन का कहना है कि परिवार के विचार उनके लिए सबसे पहले मायने रखते हैं। एक्टर ने कहा, जब तक आप एक प्यार करने वाले, हमेशा साथ खड़े रहने वाले, स्वस्थ और खुशहाल परिवार के पास घर लौट सकते हैं, मेरे ख्याल से आप ठीक हैं। मेरे लिए परिवार की राय सबसे ऊपर है। अभिषेक ने अपनी विरासत और अपने सरनेम पर बात करते हुए कहा, मुझे अपने दादाजी से मिले सरनेम पर गर्व है। उन्होंने जो काम किया, उसकी वजह से हमें मिलने वाले प्यार और सम्मान की निरंतरा सुनिश्चित करने के लिए मैं काम करूंगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरी बेटी और आगे आने वाली पीढ़ियां भी इस विरासत का सम्मान करेंगी।

अभिषेक बच्चन ने कहा कि वे भी अपने पीछे कुछ ठोस और साकार छोड़कर जाना चाहते हैं। एक्टर ने कहा, मेरे दादा कवि थे। मेरे माता-पिता कलाकार हैं। मैं भी अभिनेता हूं और मेरी पत्नी भी अदाकारा हैं। हमारी विरासत रचनात्मक है। लेकिन, अगर मैं अपने पीछे कुछ ठोस छोड़ कर जा सकूं तो मुझे लगता है कि यह परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन की पिछली फिल्म आई वांट टू टॉक रही। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह कमाल नहीं दिखा सकी। अब वे हाउसफुल 5 में नजर आएंगे।

# अगले 48 घंटे में बदलेगा मौसम कोहरे संग फिर लौटेगी सर्दी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम ने बृहस्पतिवार को अचानक करवट लिया है। तराई, पूर्वी यूपी और अवध के क्षेत्र में बुधवार देर रात से बृहस्पतिवार देर सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। शुक्रवार को प्रदेश के तराई और पूर्वी इलाकों समेत 42 जिलों में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

बृहस्पतिवार को सुबह राजधानी लखनऊ समेत कई इलाकों में कोहरा इतना घना था कि दृश्यता 100 मीटर से भी नीचे तक सिमट गई जिन इलाकों में दोपहर बाद धूप खिली भी, तो उसमें गर्माहट कम थी। पूर्वानुमानों के मुताबिक बुधवार की देर रात पश्चिमी यूपी के नोएडा व गाजियाबाद में बूंदाबांदी देखने को मिली। मौसम



विभाग के मुताबिक घने कोहरे और बेअसर धूप की वजह से यूपी के ज्यादातर इलाकों में अगले 48 घंटों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में बृहस्पतिवार को भी हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश के तराई में पहले से ही घना कोहरा छाया हुआ है। शुक्रवार को भी यूपी के अधिकांश इलाकों में घने कोहरे के साथ तापमान में गिरावट देखने को मिलेगा। बृहस्पतिवार को पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

### घना कोहरा छाने की संभावना

प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

## स्वेटर पाकर खिले छात्रों के चेहरे

**बलदेव(मथुरा)।** प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में आज स्वर्गीय प्रेम किशोर अग्रवाल की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा परिषदीय विद्यालय के लगभग 72 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए, स्वेटर पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय प्रेम किशोर अग्रवाल के स्मृति में प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में आयोजित निश्शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ एकेडमिक रिसोर्स पर्सन डॉ जगदीश पाठक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय प्रेम किशोर अग्रवाल की पुत्री नूतन अग्रवाल और धर्मपत्नी बीना अग्रवाल द्वारा विद्यालय के लगभग 72 छात्रों को स्वेटर, मोजा, बिस्कुट और स्टेशनरी के रूप में नोटबुक, कलर एवं बॉल पेन का वितरण किया गया। नूतन अग्रवाल द्वारा विद्यालय को 2 पंखे और छात्रों के बैठने के लिए हरी कॉरपेट तथा आवश्यकतानुसार अन्य शिक्षण सहयोगी सामग्री उपलब्ध कराने की सहर्ष घोषणा की गई।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सामने बनाई गई विशाल 'सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला' तथा उपस्थित सभी लोगों को दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम राजेश राजपूत, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य अधिकारीगणों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती पर विशाल मानव श्रृंखला बनाई एवं पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य, पंचायत, नगर निगम, राजस्व, शिक्षा, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, सिविल डिफेंस, होमगार्डस, एनजीओ, स्वयं सेवी संस्थाओं, स्कूल एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं आदि के साथ सड़क सुरक्षा की शपथ ली।



■ समस्त अधिकारियों एवं छात्र छात्राओं को दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ

इस अवसर पर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए जाने हेतु कलेक्ट्रेट गेट से बांयी ओर टैंक चौराहा तथा कलेक्ट्रेट गेट से दांयी ओर तहसील तक ऐतिहासिक वृहद 'सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला' बनाई गई। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर किया गया। मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के ऐतिहासिक जनसैलाब को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जिलाधिकारी ने 'सड़क सुरक्षा शपथ' दिलाई।

श्री सिंह ने मानव श्रृंखला का अवलोकन करते हुए मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। जागरूकता से सडक दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा माह के तहत आज एक विशेष कार्यक्रम 'सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला' का आयोजन किया गया है।



तिरंगा क्राफ्ट प्रतियोगिता

ट्विंकलिंग स्टार्स प्ले स्कूल बाग क़ाज़ी यहियागंज में नन्हे मुन्ने बच्चों ने तिरंगा क्राफ्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के रंग में बच्चों ने अपनी अध्यापिकाओं की मदद से कई प्रकार के क्राफ्ट बनाए। इस मौके पर स्कूल के मैनेजर शिराज उद्दीन ने बच्चों द्वारा बनाए गए तिरंगे क्राफ्ट की प्रशंसा करते हुए कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों में प्रतिभा निखर कर आती हैं। बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप मिठाई एवं बिस्किट दिए गए।

# 'तलफ्फुज़ और हम' में दिखी लखनऊ की तहज़ीब

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उ0प्र0 उर्दू अकादमी और तलहा सोसाइटी की ओर से दिलकुशा कॉलोनी में 'तलफ्फुज़ और हम' नाम से कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ज़ायक़ा-भाषा और लखनवी तहज़ीब पर चर्चा हुई। प्रो0 साबिरा हबीब ने तलफ्फुज़ सिखाने और सीखने पर ज़ोर दिया, वही हिमांशु वाजपेयी ने अपनी दास्तानगोई में लखवनी अंदाज़ की झलक दिखाई।

उद्घाटन अयोजक कुलसुम तलहा, प्रो0 साबिरा हबीब और नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने केक काटकर किया। हिमांशु वाजपेयी के लखनवी किससे रहे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण। अपनी किस्सागोई में बताया कि लखनऊ ज़बान में नफासत-नज़ाकत, तहज़ीब और अदब जो दिखता है, वह कहीं और की ज़बान में वह नज़र नहीं आता, हमारा लखनऊ शेर शायरी और अमनपसन्दी की वजह से पूरी दुनिया में जाना जाता है।



■ उप्र उर्दू अकादमी और तलहा सोसाइटी की ओर से हुआ आयोजन

बैतबाज़ी का कार्यक्रम दर्शकों ने बहुत ही पसन्द किया जिसमें शेरों की अन्ताकक्षणी हुई, जिसमें कई कालेज के उर्दू विषय के छात्र-छात्रों ने हिस्सा लिया और उर्दू साहित्य के प्रसिद्ध शायरों के खुबसूरत शेर सुनायें। प्रो0 साबिरा हबीब ने उर्दू ज़बान को बोलने का सलीक़ा बताया।

आयोजक कुलसुम तलहा ने बताया ये कार्यक्रम मशहूर पत्रकार ओसामा तल्हा की याद में हर साल किया जाता है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव : भाकपा का सपा प्रत्याशी को समर्थन

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के घटक दल सपा के प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति व मुख्यमंत्री योगी के बुल्डोजर न्याय को शिकस्त देने और संविधान की रक्षा के लिए भाकपा (माले) के कार्यकर्ता मिल्कीपुर में सपा उम्मीदवार अजित प्रसाद को जिताने के लिए जुटेंगे। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में प्रदेशवासियों ने भाजपा को खारिज किया और इंडिया गठबंधन के पक्ष में मजबूत जनादेश दिया। इससे सबक लेने और अपनी नीतियों में जनपक्षधर बदलाव करने की जगह भाजपा आक्रामक सांप्रदायिकता का परिचय दे रही है। बहराइच और संभल में प्रशासन की देखरेख में मुस्लिम-विरोधी हिंसा हुई।

# इण्टरनेशनल टीचर्स ओलम्पियाड में सीएमएस शिक्षिका का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की शिक्षिका प्राची अग्रवाल ने इण्टरनेशनल मैथ्स टीचर्स ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि यूपी एजूकेटर्स के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में प्राची ने अपनी शिक्षण प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 500 टीचर्स में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सी.एम.एस. शिक्षिका की यह उपलब्धि शिक्षण के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को



दर्शाती है। ओलम्पियाड का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करने के साथ ही उनके प्रदर्शन में गुणात्मक परिवर्तन लाना था। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस सफलता हेतु दोनों शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 66 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं।

# टीएमयू में पराक्रम दिवस पर भाषण में बीडीएस की प्रेमी पूर्णिमा अव्वल

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद के स्टुडेंट्स ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस युवाओं का रोल मॉडल बताते हुए कहा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। दिल्ली चलो... जैसे नारों से युवाओं के मन क्रांति का बीजारोपण किया। पराक्रम दिवस युवाओं को यह बताता है, देश के संघर्ष में कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता है। युवाओं को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। पराक्रम दिवस हमें याद दिलाता है, देश की एकता के लिए यह दिन अति महत्वपूर्ण है। डेंटल स्टुडेंट्स ने नेताजी का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा, नेताजी ने पहली बार अंडमान में स्वतंत्र भारत का झंडा फहराया था। यह मानना है, पराक्रम दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले डेंटल स्टुडेंट्स का। पराक्रम दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में



बीडीएस इंटर्न डॉ. प्रेमी पूर्णिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, एनएसएस कोर्डिनेटर डॉ. उपेन्द्र मलिक शामिल रहे। संचालन बीडीएस फाइनल ईयर की स्टुडेंट्स वंशिका त्यागी ने किया।

भाषण प्रतियोगिता से पूर्व डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे और वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने डेंटल स्टुडेंट्स की हौसलाफजाई करते हुए कहा, जंग-ए-आजादी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की अविस्मरणीय भूमिका रही है। उन्होंने देश और विलायत में जा-जाकर हिंदुस्तानियों को मोटिवेट किया। नेताजी के सपनों और संघर्षों का ही प्रतिफल है कि हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने छात्रों से आहवान किया, वे नेताजी के बताए रास्तों का अनुसरण करें। भाषण प्रतियोगिता में बीडीएस फाइनल ईयर की स्टुडेंट्स वंशिका त्यागी सेकेंड स्थान पर रहीं, जबकि बीडीएस फाइनल ईयर के हृदेश सुरेका थर्ड स्थान पर रहे।

# जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को अच्छी सुविधा देने और खामियों को दूर करने के दिए निर्देश। उन्होंने जिला अस्पताल की विभिन्न सुविधाओं जैसे आपातकालीन वार्ड, एनआरसी सेंटर, बच्चा वार्ड, दवा वितरण केंद्र, सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड, डायलिसिस, एक्स-रे, पैथोलॉजी और ब्लड बैंक का गहनता से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुरुष और महिला वार्डों में भर्ती मरीजों से उनके उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों की समस्याओं को सुनते हुए चिकित्सकों को बेहतर सुविधायें प्रदान करने के निर्देश दिए। अस्पताल में भर्ती मरीजों को उनकी स्थिति के अनुसार उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों का समय-समय पर बीपी, बुखार, शुगर, अन्य संबंधित समस्याओं की जांच करते रहें। दवा वितरण केंद्र पर उन्होंने एक्सपायरी दवाओं का विशेष ध्यान रखते हुए समय रहते वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिजिटल एक्स-रे और पैथोलॉजी सेवाओं की गुणवत्ता को जांचते हुए, उन्होंने रिपोर्ट की समयबद्धता और दैनिक जांच की संख्या की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था और समय पर जांच रिपोर्ट और दवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढाने के निर्देश दिए। मरीजों को अधिक से अधिक लाभ देने के लिए 50 बेड का अलग से एक हॉल सरकार द्वारा बनाया जा रहा है, उसमें अच्छी क्वालिटी की व्यवस्था होगी।

# टीएमयू मेडिकल कॉलेज में दिए मेडिकेशन एरर से बचाव के टिप्स

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में फर्माक्लोजी की प्रोफेसर डॉ. कौसर सैयदा ने चेताया, मेडिकेशन एरर से पेशेंट की मौत भी हो सकती है। इसीलिए इससे बचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर क्रॉस चेकिंग आवश्यक है। मरीज को दवा और सलाह देने के लिए स्टाफ को उचित प्रशिक्षण की आवश्यकता है। डॉक्टर के दवा के पर्चे की किसी भी स्तर पर किसी भी त्रुटि की जांच की जानी चाहिए। मेडिकेशन एरर पेशेंट को हानि देने वाला सबसे आम और रोकथाम योग्य कारण हैं। इन एरर्स में आम तौर पर गलत दवा या खुराक देना, गलत मार्ग का उपयोग करना या रोगी को गलत दवा देना शामिल है। डॉ. कौसर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च के



फर्माक्लोजी विभाग की ओर से मेडिकेशन एरर पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि को प्लांट भेंट करके स्वागत किया गया। गेस्ट लेक्चर में मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. एसके जैन, प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, एडिशनल एमएस प्रो. वीके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की प्रो. कौसर बोलीं, उपचार प्रक्रिया के दौरान कभी भी दवा संबंधी त्रुटियाँ हो सकती हैं। जब किसी मरीज को दवा दी जाती है, तो विभिन्न मेडिकल पेशेवरों को कई चरणों- ऑर्डर करना और प्रिस्क्राइब करना, दस्तावेज बनाना, प्रतिलिपि बनाना, वितरण, प्रशासन, निगरानी आदि से गुजरना पड़ता है। इन सब में कहीं भी दवा संबंधी त्रुटियाँ हो सकती हैं। दवा संबंधी त्रुटियाँ सबसे अधिक प्रिस्क्राइब करने, ऑर्डर करने और प्रशासन के चरणों के दौरान होती हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यकत्रियों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता

■ आठ परियोजनाओं के 73 अभ्यार्थियों के प्रमाणपत्र समिति ने किए सत्यापित

**मथुरा।** जनपद में आंगनबाडी कार्यकत्री पद पर भर्ती हेतु परियोजना 05 केन्द्रों पर चयन की कार्यवाही पूर्ण करके प्रथम 3 वरीयता वाले अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु मूल अभिलेखों के साथ जनपद स्तरीय समिति के समक्ष बुलाया गया। इस दौरान उनके आवेदन सत्यापित किए गए।

समिति की सचिव/जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि जनपद में माह मार्च 2024 में 315 आंगनबाडी कार्यकत्री के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। जिसके बाद में न्यायालय के आदेश के क्रम में 8 पदों पर प्रतिचयन होने के फलस्वरूप 307 पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही निर्धारित की गयी। माह अप्रैल 2024 में आचार संहित प्रभावी होने के कारण प्राप्त आवेदनों पर चयन की कार्यवाही पर रोक लगा दी गयी थी। गत् माह निदेशालय द्वारा पोर्टल पर प्राप्त हुए आवेदनों पर अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया। जिसके उपरान्त पोर्टल पर प्राप्त हुए समस्त आवेदनों को डाउनलोड कर सत्यापन करने तथा मेरिट बनाने का कार्य चयन समिति द्वारा प्रारम्भ किया गया है। श्रीमति मिश्रा ने बताया कि इस दौरान जिन अभ्यार्थियों का चयन बीपीएल श्रेणी में वरीयता के आधार पर हो रहा है, वह 15 दिवस के भीतर स्वंय के नाम का आय प्रमाण पत्र निर्गत कराते हुए प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिन्होंने अपना ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया है, वह भी 15 दिवस के भीतर अपना प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे। यदि किसी अभ्यर्थी ने आनलाइन आवेदन पत्र में शैक्षणिक प्राप्तांक अलग लिखा है तथा अभिलेखों में अलग हैं, तो गलत सूचना के आधार पर उनका चयन निरस्त माना जायेगा।

# नेताजी का जीवन युवा भारत के लिए प्ररेणास्त्रोत : किशन

## केएमयू ने पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सुभाषचंद्र बोस का हिंदुस्तान को आजाद कराने में अहम योगदान रहा है, उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा देकर पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में बांधने का महत्वपूर्ण कार्य किया, उनके संघर्ष व जुनून का ही प्रतिफल है आजादी। नेताजी का सम्पूर्ण जीवन भारत के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह बात नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर केएम विवि में आयोजित कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कही।

केएम विश्वविद्यालय में आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, एडविशन डायरेक्टर प्रमोद कुंतल ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान विवि के छात्रों ने जय हिन्द के नारे लगाए। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा 23




■ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर केएमयू में गूंजें जय हिन्द के नारे

जनवरी 1897 को उड़ीसा (अब ओडिशा) के कटक में एक संपन्न बांग्ला परिवार में जन्मे नेताजी बोस अपने देश के लिए हर हाल में आजादी चाहते थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम कर दिया और अंतिम सांस तक देश की आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। 'जय हिंद' नारा हिन्दुत्व समाज को एकजुट होने के लिए दिया तथा कलेक्टर की नौकरी को भारत माता का संकल्प के लिए छोड़ दिया था, यही कारण है कि आजादी के संघर्ष के दौरान उन्होंने अनेक याताएं झेलीं। रजिस्ट्रार डॉ पूरन सिंह ने कहा कि शिक्षकों को चाहिए कि आने वाली पीढ़ियों को बोस के संघर्ष की कहानी बताएं ताकि उनके अंदर मातृभूमि के प्रति चेतना व जागृति आए।

इस अवसर पर विवि के सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे सहित विवि के समस्त संकायों के डीन, विवि के शिक्षकगण, एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवि के डीन डॉ धर्मराज सिंह ने किया।

### बाबा कढेरा विद्या मंदिर में मनाई गई शुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती

**मथुरा।** बाबा कढेरा विद्या मंदिर में शुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गई जिसमे विद्यालय के प्रबंधक कमेटी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह ने बोस के जीवनी पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि इन्होने देश की सर्वोपरी परीक्षा, भारतीय प्रशासनिक सेवा पास करने के बाद भी अंग्रेंजों की नौकरी करना स्वीकार नहीं किया अपितु भारत माता की सेवा के लिए देश के स्वतन्त्रता के संग्राम में कूद गये और अपने पराक्रम से देश की आजादी की लड़ाई में अंग्रेंजों के दांत खट्टे कर दिए। विद्यालय प्रबंध निदेशक गौरव सिंह ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में ओडिशा के कटक में हुआ था। बचपन से ही वह पढ़ाई के काफी तेज थे। स्कूल के दिनों से उनका राष्ट्रवादी स्वभाव सबको नजर आता था। स्कूलिंग के बाद उन्होंने कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया लेकिन उग्र राष्ट्रवादी गतिविधियों के कारण उन्हें निकाल दिया गया। प्राचार्य एस. के. सिंह ने कहा कि सही माने में देश की आजादी सुभाष चंद बोस जैसे स्वतन्त्रता सेनानियों के कारण ही मिली ।

## अभासफा : सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया रक्तदान

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा नरेश कुमार के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी फारवर्ड ब्लाक के अध्यक्ष तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा उद्घोष के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 128 वें जन्मदिवस पर महर्षि दयानंद सरस्वती जिला अस्पताल मथुरा पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी महानगर मथुरा के अध्यक्ष रमेश सैनी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए रक्तदाता, समाजसेवी कुंवर सिंह निषाद प्रवक्ता राष्ट्रीय कांग्रेस उत्तर प्रदेश रक्तदान करके समस्त रक्तदाताओं के द्वारा किए जा रहे रक्तदान को मानवीय मूल्यों के संरक्षण का कदम बताकर प्रशंसा की। अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने एवं संयोजक नरेश कुमार ने संयुक्त रूप से समस्त रक्तदाताओं की उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना करते की।

# अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने मोदी-योगी से दक्षिणा में की सनातन बोर्ड की मांग

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग तेज कर दी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि वह महाकुंभ में दक्षिणा के रूप में पीएम मोदी और सीएम योगी से सनातन बोर्ड लेंगे। पुरी ने प्रयागराज धर्म संसद को लेकर भी अपनी बात रखी। इसके आयोजन की पूरी रूपरेखा उन्होने पत्रकार वार्ता में साझा की। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म की आस्था का केंद्र है, जिससे सभी की आस्था जुड़ी है, इसलिए इस महाकुंभ मे एक और सनातन का महाकुंभ होगा जो निर्णायक भूमिका में जाने का, धर्म की स्वतंत्रता का दिन होगा उस दिन



सनातन बोर्ड का गठन किया जायेगा और सनातन का परचम लहराएगा। आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि ने कहा कि सनातन का अस्तित्व सृष्टि के प्रारंभ से है। बाकि सब इसके बाद की उपज है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से हमारे मंदिर, मठ और धार्मिक स्थलों पर कब्जा किया हुआ है उन सब को मुक्त कराने का काम सनातन बोर्ड करेगा।उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड मैं हर उस बात का ध्यान रखा जाएगा जो सनातन की रक्षा और सनातन के हित में हो। उन्होंने कहा कि पहले हर मठ के अपने आचार्य कुलम होते थे जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ शास्त्र का भी ज्ञान और बौद्ध कराया जाता था, लेकिन धीरे-धीरे सभी पर कब्जा हो गया। उन्होंने कहा कि अब उन सभी जगह को सनातन बोर्ड की मदद से कब्जा मुक्त कराकर दोबारा शुरू करने मे मदत करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास स्वामी देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि हमारी बहन-बेटियों को स्कूलों में नचाया जा रहा है। हमारी संस्कृति अभी भी आजाद नहीं है। इस बात को आगे बढ़ाने के लिए हमें सनातन बोर्ड चाहिए। योगीजी और मोदीजी इस कुंभ के यजमान हैं और हमारे साथ मौजूद अखाड़ों के पीठाधीश्वर आचार्य हैं। उन्होंने कहा की यजमान बढ़िया है तो दक्षिणा भी अच्छी मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिना दक्षिणा के यज्ञ पूरा नहीं होता है।हम दक्षिणा के रूप में यजमान पीएम मोदी और सीएम योगी से सनातन बोर्ड का गठन करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा की 27 जनवरी को सेक्टर-17 में सनातन धर्म संसद में सभी लोग पहुंचें। अगर बैठने की जगह न मिले तो खड़े रहो। खड़े रहने की जगह न मिले तो जाम लगाओ। इतनी ईमानदारी और मजबूती से मांग रखो कि वक्फ बोर्ड है तो सनातन बोर्ड हमें हर हाल में चाहिए। बिना सनातन बोर्ड लिए हम सनातनी कुंभ से वापस नहीं जाएंगे।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कर्नलगंज मे सर्वदलीय पार्षद पूर्व पार्षद जन कल्याण संस्था प्रयागराज के तत्वाधान मे शहीद सुभाष चंद्र बोस नेता जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि किया गया। पार्षदों एवं नागरिकों ने सुभाष चंद्र बोस के स्मृति में उनके ब्यक्तित्व, कृतित्व पर चर्चा किया और कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने देश की सबसे बडी नौकरी आई सी एस की नौकरी अंग्रेजी हुकूमत से देश को आजाद कराने के लिए छोड दिया। उनके द्वारा देश को आजाद कराने के लिए आम नागरिकों को जोडने हेतु कुशल नेतृत्व के रुप नारा दिया कि तुम मुझे खून दो, मै तुम्हे आजादी दूंगा। सुभाष चंद्र बोस जी बलिदानी, साहसी देशभक्त थे। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रुप से वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह, वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्डियाल, कुसुम लता गुप्ता, पूर्व पार्षद कमलेश सिंह, अशोक सिंह, चंद्र प्रकाश गंगा, डी के साहू, राम जी केशरवानी, बच्चा यादव, उदय शंकर त्रिपाठी, विवेक सिंह, नागेंद्र अस्थाना,नागेंद्र मिश्रा, बच्चा पाल, पुलकेश बनर्जी आदि उपस्थित हुए।

## सुभाष चन्द्र बोस को भारत रत्न प्रदान हो: किशोर

**प्रयागराज।** जिला तथा शहर के प्रमुख कांग्रेसजनों ने महान क्रांतिकारी सुभाष चन्द्र बोस को 128 वीं जयंती पर भावपूर्ण नमन किया। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सुभाष चौक, सिविल लाइन्स में प्रातः अपने प्रिय राष्ट्रनेता की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। वार्ष्णेय ने इस मौके पर कहा कि देश की आजादी के लिए उनमें एक जुनून था जिसके लिये वे जीवन की आखिरी सांस तक लड़ते रहे। वे आईएएस के सर्वोच्च पद से इस्तीफा देकर महात्मा गाँधी द्वारा राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल हो गए। 1938 में कांग्रेस अध्यक्ष बने और आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे। उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र भेज कर देश के लिए दी गई बहुमूल्य सेवाओं हेतु भारत-रत्न प्रदान किये जाने की मांग की है। इस अवसर पर यूपीसीसी सदस्य द्वय फुज़ैल हाशमी एवं हरिकेश त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राजेश राकेश, गोपाल कृष्ण द्विवेदी उर्फ राजा बाबू , परवेज़ सिद्दीकी, अजय मिश्रा, विजय यादव, केशव पासी, राजेंद्र जायसवाल, अरूण चौरसिया, सरताज़ मोहम्मद, कामेश्वर सोनकर, मो.जावेद, सुरेश भारतीय आदि मौजूद थे।

## जयंती पर याद किये गये नेता जी

**आजमगढ़।** आजादी के जननायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती प्रयास सामाजिक संगठन के बैनर तले नगर के नरौली स्थित मंडल कार्यालय पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नेता जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया गया। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह व संचालन आदित्य आजमी ने किया।

आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष राणा बलवीर सिंह ने कहाकि भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोग इन्हें प्यार से नेताजी भी कहकर पुकारते थे। 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस को साहस, देश भक्ति और त्याग के मिसाल के तौर पर भी जाना जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिविल सेवा की परीक्षा पास कर ली थी लेकिन फ़िर भी इन्होंने अंग्रेजी सरकार के लिए काम करने से मना कर दिया था। उन्होंने अपने जीवन को आजादी की लड़ाई में न्यौछावर कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रनिंग स्टाफ के उत्पीड़न के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



**बांदा।** स्टेशन पर स्थित लोको पायलट लॉबी में आज आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन और आल इंडिया गार्ड्स काउंसिल के बैनर तले भारतीय रेलवे मंडल की समस्त लाबी में कर्मचारियों ने रनिंग अलाउंस में 25ः की वृद्धि के अनुरोध को खारिज किए जाने और टीए अनुपात में असमानता को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।यह प्रदर्शन कर्मचारियों के साथ कथित सौतेले व्यवहार और रनिंग स्टाफ के उत्पीड़न के खिलाफ आयोजित किया गया। प्रदर्शन में वेद प्रकाश कुशवाहा, बाबूराम पाल, रवि गुप्ता, शिवनारायण, नीरज त्रिपाठी, अखिलेश गुप्ता, प्रिंस श्रीवास्तव, विकास कुमार और अशफाक अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर उपस्थित रहे। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है, जिससे उनमें गहरी नाराजगी है। उन्होंने रेलवे प्रबंधन से अपील की है कि उनकी जायज मांगों पर तत्काल ध्यान दिया जाए।

### स्वतंत्रता संग्राम के लिए बोस का संघर्ष हमारे लिए एक प्रेरणा है: आयुक्त



**बाँदा।** चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार और जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा ने महाराणा प्रताप चौराहे पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की।

### पुलिस उपमहानिरीक्षक ने जहानागंज थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण



**आजमगढ़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र, आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना जहानागंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मेस आदि का निरीक्षण किया गया । कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ थाने पर मौजूद पुलिस कर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा थाने पर आने वाले प्रार्थना पत्रों,शिकायतो का शत-प्रतिशत निस्तारण एवं विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने एवं वाहनों की नीलामी, मालों का निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# जन अधिकार पार्टी ने निकाली भाईचारा यात्रा

- संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करने का किया आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** गुरूवार को जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में बुंदेलखंड में भाईचारा बनाओ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गई है। यात्रा में सुकन्या कुशवाहा, बाबू सिंह कुशवाहा, भाई शिवशरण कुशवाहा एडवोकेट सहित कई लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल लोगों ने मांग की है कि संविधान को बने 75 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी यह पूरी तरह से लागू नहीं हो पाया है। जातिगत जनगणना अभी तक नहीं हुई है और दिक्कत यह है कि जनगणना के हिसाब से लोगों को उनकी भागीदारी नहीं मिल रही है। आरक्षण को ठीक से लागू नहीं किया गया है, नौकरियों में समान हिस्सेदारी और ठेकेदारी में समान भागीदारी नहीं मिल रही है। यात्रा में शामिल लोगों ने मांग की है कि आरक्षण को लागू किया जाए, जातिगत जनगणना कराई जाए, निशुल्क शिक्षा और इलाज की व्यवस्था की जाए। साथ ही, सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ प्राइवेट नौकरियों में भी आरक्षण मिले। किसानों को खाद, बीज और दवा का उचित प्रबंध किया जाए, बिजली के बिल में सब्सिडी मिले, युवाओं को रोजगार मिले और महिलाओं को सभी क्षेत्रों में उचित भागीदारी मिले। छोटे किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के कर्ज माफ किए जाएं और किसानों की उपज का उचित मूल्य निर्धारित किया जाए। यह यात्रा बुंदेलखंड के झांसी जिले से शुरू हुई थी और महोबा, हमीरपुर होते हुए बांदा पहुंची है। यह यात्रा जिले की विभिन्न विधानसभाओं में जाएगी और कल इसका समापन चित्रकूट के भरतकूप में होगा। यात्रा के स्वागत में विकल्प शर्मा,हनुमान दास राजपूत, इरफान रेनु, सन्ने, दीपक त्रिपाठी, महेश शुक्ला, नीरज राजपूत के अलावा राष्ट्रीय महासचिव संतोष देवी लोधी,प्रदेश महासचिव किरण कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव लखन राज पासी,आदि मौजूद रहें।

# सड़क सुरक्षा व यातायात जागरुकता से संबंधित दिलाई गई शपथ

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उ.प्र. शासन के निर्देशन के क्रम में सड़क सुरक्षा माह-2025 के अन्तर्गत नेता सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृखला को जिलाधिकारी जौनपुर, डॉ. दिनेश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डॉ. कौस्तूभ द्वारा हरी झण्डी दिखा कर शुभारम्भ किया गया । शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह-2025 के अन्तर्गत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृखला को जिलाधिकारी जौनपुर, डॉ. दिनेश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डॉ. कौस्तूभ, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात (IPS) आयूष श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सतेन्द्र कुमार, आर.आई.आर.टी.ओ. अशोक श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह, बी.एस.ए. जौनपुर गोरखनाथ पटेल, आर.आई. जौनपुर अनुपम सिंह,प्रभारी डायल 112 जौनपुर सैयद हुसैन मुन्तजर,व प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्रा व समस्त उप निरीक्षक यातायात, पुलिस बल,यातायात, होमगार्डस व पी.आर.डी. के जवानों की उपस्थिति में पूर्वान्ह 11.00 बजे से बी.आ.पी. इण्टर कालेज, नगर पालिका इण्टर कालेज, जनक कुमारी इण्टर कालेज, मुक्तेशवर महाविद्यालय, रजा सिया डी.एम. इण्टर कालेज, प्राइमरी स्कूल पुलिस लाइन, हरिहर पब्लिक इण्टर कालेज, राममनोहर लोहिया इण्टर कालेज,विर बहादुर सिंह पुर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों, एन.जी.ओ., स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं स्काउट गाईड के द्वारा मानव श्रृखला का निर्माण किया गया, श्रृखला में जनता के लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया, पूरी श्रृंखला में करीब 1000 छात्रों ने भाग लिया साथ ही करीब 500 जनता के लोगों ने भाग लिया।

# नेता जी स्वयं में प्रकाश पुन्ज थे : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अम्बष्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह सहित व अन्य अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों के द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके सिद्धान्तो विचारो और देश की आजादी दिलाने में उनके योगदान को याद करते हुए नमन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा सुभाष चंद्र जी के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। नेता जी स्वयं में प्रकाश पुन्ज थे। सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास करने के बाद भी इसे छोड़कर उन्होंने भारत माता की सेवा करने का रास्ता चुना, उनके अन्दर नेतृव करने की जो क्षमता थी तथा जो जीजिविषा थी, उसी के दम पर संघर्ष करते हुए देश को आजादी दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देशवासियों में एकजुटता और नई ऊर्जा की भावना विकसित की। आजाद हिन्द फौज का गठन किया। उन्होंने अपने पूरी क्षमता के साथ कार्य करते हुए अपने जीवन में कई गतिरोध का सामना किया। वे स्वतन्त्रता सेनानी होने के साथ-साथ स्वाधीन भारत की नींव को स्थापित करने वाले नेताजी गरम दल के नेता थे, स्पष्ट वक्ता थे, अखंड आत्मविश्वास और कभी न भयभीत होने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। ऐसे पराक्रमी भारत के लाल के जीवन दर्शन से सीख लेते हुए संकल्प ले कि कभी जीवन में निराश न होकर अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित अन्य ने नेताजी सुबाष चन्द्र के महान व्यक्तित्व के सम्बन्ध में अपने-अपने विचारों को साझा किया। इस अवसर पर विशेष शासकीय अधिवक्ता रविन्द्र नरायण सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्वयम कोर्सेज विद्यार्थी के लिए उपयोगी: प्रो. वंदना

- ऑनलाइन शिक्षण के लिए उपयोगी है स्वयम: डॉ. अंगना सेनगुप्ता

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा स्वयम पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन कोर्सेज के संबंध में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता स्वयम एनपीटीईएल, लोकल चैप्टर समन्वयक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की डॉ. अंगना सेनगुप्ता ने कहा कि स्वयम पोर्टल, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन कोर्सेस के लिए विकसित की गई वेबसाइट है । इसके माध्यम से स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थी ऑनलाइन कोर्सेज कर सकते है। इस ऑनलाइन पोर्टल पर दस नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए गए हैं जो विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रबंध संस्थान, इग्नू, यूजीसी के अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम को उपलब्ध कराते हैं। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वयम पोर्टल पर ऑनलाइन कोर्सेज को उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के लिए स्वीकार कर लिया गया है। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में ऑनलाइन शिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयम पोर्टल ऑनलाइन शिक्षण के लिए विकसित किया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि सभी महाविद्यालय स्वयम कोर्सेस में विद्यार्थियों को पंजीकरण के लिए जागरूक करें। परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद सिंह ने कहा कि स्वयम कोर्सेस की परीक्षा विश्वविद्यालय स्तर पर करने के लिए तैयार है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि वर्तमान समय में ऑफलाइन शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा भी आवश्यक है। कार्यशाला के संयोजक विश्वविद्यालय के स्वयम नोडल अधिकारी प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रतिभागियों को बताया कि विद्यार्थी स्वयम पोर्टल द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम के लिए अधिकतम 40त्न क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं। विद्यार्थी द्वारा चयनित कोर्सेज की परीक्षा ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से देने एवं उत्तीर्ण करने के पश्चात अर्जित अंक व क्रेडिट उसके मार्कशीट पर अंकित किए जाएंगे। कार्यशाला का संचालन सह-नोडल अधिकारी डॉ. नितेश जायसवाल किया । धन्यवाद ज्ञापन सह-नोडल अधिकारी डॉ नीरज अवस्थी ने किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अध्ययन परिषद के संयोजक, महाविद्यालयों के प्राचार्य, स्वयम नोडल अधिकारियों ने स्वयम से संबंधित विभिन्न प्रश्नों को रखा। उनकी सभी जिज्ञासा का समुचित समाधान किया गया।

## अधिकारियों के समय से नहीं आने पर मायूस लौटे उपभोक्ता

**जौनपुर (जफराबाद)** स्मार्ट मीटर के विरोध कर रहे कस्बे के लोगों को समझाने का समय देकर बिजली विभाग के अधिकारी गुरुवार को समय पर नही आये।जिसके कारण अधिकारियों के इन्तजार में एकत्रित नागरिक उन्हें कोसते हुए घर वापस लौट आये। ज्ञात हो बुधवार को नगर पंचायत कस्बे में बाजार में स्मार्ट मीटर लगया जा रहा था। जब इसकी जानकारी नागरिकों को हुई तो सभी एक स्वर से स्मार्ट मीटर का विरोध करना शुरू कर दिया।लोगों ने कहा कि यहां स्मार्ट मीटर की कोई आवश्यकता नही है। हम पुराने मीटर से ही संतुष्ट हैं। नगरवासी जब विरोध करने लगे तब नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात करके लोगों के विरोध की बात बताया।जिस पर अधिकारियों ने गुरूवार को दोपहर में 1.00 बजे नगर पंचायत कार्यालय पर पहुँचकर बिजली उपभोक्ताओं की बात सुनने का आश्वासन दिया था।काफी लोग नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंच गए।दो घण्टे के इंतजार के बाद जब अधिकारी नही आये तो लोग मायूस होकर घर वापस लौट गए। हालांकि लोगो के जाने के बाद अधिकारी आये। उनसे किसी से मुलाकात नही हो सकी।

# सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गई

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस जी की 128 में जयंती कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके छायाचित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए सुभाष चंद्र बोस एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक, ओडिशा में हुआ था।उनके पिता जानकीनाथ बोस एक प्रसिद्ध वकील थे, और उनकी माँ प्रभावती देवी एक धार्मिक महिला थी। बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आजाद हिंद फौज की स्थापना की।उनकी मृत्यु 18 अगस्त 1945 को ताइवान में एक विमान दुर्घटना में हुई। भारत में उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।सुभाष चंद्र बोस ने अपनी शिक्षा कोलकाता और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्राप्त की। उन्होंने आईसीएस की परीक्षा भी पास की, लेकिन उन्होंने इसे छोड़ दिया और स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए।सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और जापान के सहयोग से अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनके नेतृत्व में आजाद हिंद फौज ने कई महत्वपूर्ण लड़ाइयाँ जीतीं। नजम शमीम ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस जी की विरासत आज भी भारत में जीवित है।वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे उन्हें भारत के एक महान नेता और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में याद किया जाता है। उनकी वीरता, नेतृत्व और देशभक्ति ने हमें प्रेरित किया है उनके जीवन और कार्यों से हमें यह सीखने को मिलता है कि सच्ची स्वतंत्रता और स्वाधीनता केवल तभी प्राप्त हो सकती है जब हम अपने देश और समाज के लिए एकजुट होकर काम करें। हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद रखना चाहिए और उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# हर तरह का बलिदान देकर हल कराएंगे आरक्षण का मुद्दा: डॉ. निषाद

अवधनामा संवाददाता

- संवैधानिक अधिकार यात्रा का निषाद समाज के युवाओं ने किया स्वागत
- आरक्षण के मुद्दे पर निषाद पार्टी के साथ है निषाद समाज का हर व्यक्ति

**बहराइच।** जनपद में आज निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का जनपद पहुँचने पर निषाद मछुआ समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा आज निरीक्षण भवन से गुरु नानक चौक से टिकोरा मोड़ से मरौचा बाजरा से फखरपुर से पारले मिल चौराहा से बाबूराम पालेसर चौराहा से निषाद राज मंदिर में जनसभा से कैसरगंज तहसील मुख्यालय से जरवल से बाबा कुटिया से धनराजपुर से सोनारी चौराहा से गंडारा से गौड़ मझला से कटक मरौठा से संन्यासी चौराहा से भगड़वा बाज़ार से यादवपुर मंगलपुर पूरवा से सिरौला चौराहा से हुज़ूरपुर चौराहा से भंगहा मोड़ से भंगहा जनसभा के पश्चात समापन किया गया।

इस दौरान संजय निषाद ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि बहराइच में प्रेम और स्नेह निषाद पार्टी को हमेशा से मिलता आया है। आज जनपद के निषाद युवाओं द्वारा संवैधानिक अधिकार यात्रा का जिस प्रकार स्वागत हुआ है उसको देखकर लग रहा है कि निषाद समाज का युवा आरक्षण के मुद्दे पर अडिग है और निषाद पार्टी और डॉ संजय निषाद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। श्री निषाद ने कहा कि मछुआ एससी आरक्षण आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक सुरक्षा की अलख जो निषाद पार्टी द्वारा जलाई गई है उसको लेकर निषाद समाज का युवा आज जागरूक है और अपने हक़-हक़ूक़ की लड़ाई को लेकर सभी राजनीति पार्टियों से अपना हिसाब भी माँगने को तैयार है।

श्री निषाद ने युवाओं को प्रेरित कविता की पंक्ति के साथ युवाओं का



जोश बढ़ाते हुए कहा कि तुम रोक ना सकोगे वो तूफान बनकर आएगा, आज का युवा हर समस्या का हल लाएगा को आधार मानते हुए आज मछुआ निषाद समाज का युवा अपने आरक्षण के मुद्दे के हाल को लेकर सभी समस्याओं से लड़ने के लिए निषाद पार्टी के बैनर तले लामबंद है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज जानता है कि मछुआ आरक्षण का मुद्दा अगर कोई हल करवा सकता है तो वो निषाद पार्टी और डॉ संजय निषाद हैं क्योंकि आज तक समाज के विभीषणों ने मछुआ समाज के आरक्षण को सभी सरकारों में बेचने का काम किया था। श्री निषाद ने कहा कि मछुआ समाज के युवाओं को आज आरक्षण की ज़रूरत है, आरक्षण से मिलने वाले सभी लाभों की ज़रूरत है ताकि वो भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। श्री निषाद ने कहा आज मछुआ समाज उनपर विश्वास कर रहा है तो डॉ संजय और निषाद पार्टी आरक्षण के मुद्दे को प्रत्येक दशा में हल करवाकर ही रहेगी, इसके लिए जो भी महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे और जो भी बलिदान देना होगा वो निषाद पार्टी और डॉ संजय निषाद देने को तैयार है।श्री निषाद ने आज प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के विभिन्न लाभार्थियों को 1 करोड़ 55 लाख रुपये की अनुदान राशि, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना रुपये 20 लाख की सब्सिडी, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना में रुपये 14 लाख सब्सिडी, मत्स्य पालक कल्याण कोष के तहत 144 सोलर स्ट्रीट लाइट 28 हाई मास्क लाइट, किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु 64, मत्स्य पालन कल्याण कोष के अन्तर्गत दैवीय आपदा अत्यधिक बारिश के चलते तालाब में आई बाढ़ से हुई क्षतिपूर्ति के लिए आसाराम निषाद को 16 हज़ार की आर्थिक सहायता का चेक दिया गया। प्रधामनत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत स्वर्गीय रामआधार निषाद के सड़क हादसे में निधन उपरांत रुपये 05 लाख एवं स्वर्गीय विद्यानन्द निषाद की तालाब में डूबने के चलते मृत्योपरांत उनके परिजनों को रुपये 05 लाख की सहायता राशि उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के उपनिदेशक देवीपाटन मंडल राजेंद्र सिंह बिष्ट सहायक निदेशक मत्स्य जनपद बहराइच जितेंद्र शुक्ला डॉ अमित निषाद, बाबूराम निषाद, मिठाई लाल निषाद, महेंद्र निषाद, मनोज कुमार निषाद, अमरनाथ निषाद, राजेश निषाद, पंकज निषाद, राजेंद्र निषाद, अनिल निषाद, बृजेश निषाद, गुड्डू निषाद, ओम प्रकाश निषाद, शिवराज निषाद, रमेश निषाद, बालकेश निषाद, सुरवी निषाद, जगराना निषाद, कांति निषाद, कृष्णावतीनिषाद, सोनी निषाद, प्रीति निषाद अनुराधा निषाद आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो के तीसरे संस्करण का हुआ भव्य उद्घाटन

## यूपीआईटीईएक्स 2025: विश्व के औद्योगिक मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की स्थापना का सशक्त प्रयास

**यूपीआईटीईएक्स 2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश के व्यापार और निवेश क्षमताओं में निरंतर वृद्धि के लक्ष्य पर ध्यान**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) 2025 का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन यूपी स्टेट चैप्टर पीएचडीसीसीआई द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, इन्वेस्ट यूपी और ओडीओपी उत्तर प्रदेश के सहयोग से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। 23 जनवरी को एक्सपो का भव्य उद्घाटन हुआ। यह एक्सपो 27 जनवरी तक चलेगा, जिसमें लगभग 300 स्टॉल लगे हैं। इस एक्सपो का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को व्यापार और निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

एक्सपो का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश श्री राकेश सचान जी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रंजीत मेहता (सीईओ और महासचिव, पीएचडीसीसीआई), राजेश निगम (सह-अध्यक्ष, स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई), विवेक अग्रवाल (सह-अध्यक्ष, यूपी राज्य चैप्टर, पीएचडीसीसीआई), सुदीप गोयनका (प्रबंध निदेशक, शुभम गोल्डी मसाले प्रा. लि.), पंकज कुमार (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ), अवनीश कुमार अवस्थी (सेवानिवृत्त आईएएस और माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार), प्रांजल यादव (आईएएस, सचिव, एमएसएमई और निर्यात संवर्धन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार), रीजनल डायरेक्टर यूपी स्टेट चैप्टर पीएचडीसीसीआई अतुल श्रीवास्तव शामिल रहे। एक्सपो में सभी गणमान्य लोगों को पीएचडीसीसीआई द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सचान ने पीएचडीसीसीआई को 120 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरे एक्सपो का अवलोकन करने के बाद महसूस हुआ कि उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। प्रदेश में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार बेहतर किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे हैं। पूरे प्रदेश के एमएसएमई उत्पादों को शोकेस करने के लिए ऐसा मंच होना प्रशंसा योग्य है। इस तरह के कार्यक्रम से सरकार द्वारा लोगों को रोजगार देने के प्रयास को बल मिलता है।

सेवानिवृत्त आईएएस और माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि मैं बीते 25 से 30 साल से पीएचडीसीसीआई से जुड़ा हूं। ऐसे में यूपीआईटेक्स के मंच से पीएचडीसीसीआई की 120वीं वर्षगांठ पर बधाई देता हूं। वर्तमान में सरकार प्रदेश के उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। इस मंच से हम आपको बताना चाहते हैं कि प्रदेश सरकार एमएसएमई प्रोजेक्ट्स को लगाने और उसे आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करेगी। यह एक्सपो स्थानीय उद्योगों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है।

एमएसएमई और निर्यात संवर्धन विभाग के सचिव श्री प्रांजल यादव ने कहा कि किसी भी एमएसएमई के विकास में जगह से लेकर फाइनेंस और मार्केट की उपलब्धता सबसे बड़ी भूमिका निभाती है। इस तरह के एक्सपो से उद्यमियों को मार्केट मिलता है। प्रदेश सरकार द्वारा इस इंडस्ट्री के लिए लोन से लेकर सब्सिडी जैसी विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे पहले पीएचडीसीसीआई के सीईओ और महासचिव, डॉ. रंजीत मेहता ने उद्घाटन भाषण में कहा कि पीएचडीसीसीआई अपनी 120वीं वर्षगांठ मना रहा है। ऐसे में देशभर से आए उद्यमियों का स्वागत करता हूं। यूपीआईटीईएक्स 2025 राज्य की औद्योगिक क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर ले जाने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। हम सभी एक साझा प्रयास के साथ उत्तर प्रदेश को विश्व के औद्योगिक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करेंगे।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अपनी 8वीं वर्षगांठ मनाई, 15 नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन किया

**कानपुर।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ अपनी 8वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो इसके विकास और वित्तीय समावेशन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 2017 में अपनी शुरुआत से लेकर, बैंक ने भारत भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क के रूप में अपना विस्तार किया है। इस अद्वितीय यात्रा की सराहना करते हुए, बैंक अपनी वर्षगांठ के अवसर पर कई नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन कर रहा है, जो इसके परिवर्तनकारी बैंकिंग सेवाओं को और अधिक समुदायों तक पहुंचाएगा। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, हमारी 8वीं वर्षगांठ हमारे निरंतर विकास और सेवा उत्कृष्टता की खोज में एक गौरवपूर्ण क्षण है। 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के साथ देश भर में एक अमिट छाप छोड़ने की हमारी यात्रा में, हमें अपने ग्राहकों का अटूट विश्वास और समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, जिसने हमें देश के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक में से एक बनने में सक्षम बनाया है। हमारी 8वीं वर्षगांठ के इस दिन 15 नए आउटलेट्स का शुभारंभ, जिसमें सिक्किम राज्य में हमारा पहला आउटलेट भी शामिल है, जो अब हमें 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए, भारत भर में समुदायों की सेवा करने के हमारे समर्पण को और मजबूत करता है। सुलभ और अभिनव बैंकिंग समाधान प्रदान करके, हम वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हम सेवा प्रदान कर रहे हैं।

बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा, और आवर्ती जमा शामिल हैं। अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के खिलाफ ऋण जैसे विभिन्न ऋण उत्पाद प्रदान करता है।

अपने बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक एकीकृत ग्राहक सेवा प्रदान करता है। इसके अलावा, बैंक इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस और कॉल सेंटर जैसे कई चैनल प्रदान करता है।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा करते हुए, कम सेवा प्राप्त और असेवित ग्राहक वर्गों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है, जिनमें माइक्रो-बैंकिंग ऋण (छ्रुस्त ऋण), स्वस्थ्य ऋण, आवास ऋण, और संपत्ति के खिलाफ ऋण आदि शामिल हैं। बैंक ग्राहकों को टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन-सहायता प्राप्त मॉडल, डिजी ऑन-बोर्डिंग के माध्यम से शाखा में जाए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा भी प्रदान करता है।

# क्रोमा की रिपब्लिक डे 2025 सेल में कीमतों में भारी गिरावट, इस बचत को आप कभी नहीं भूल पाएंगे

**नई दिल्ली।** इस गणतंत्र दिवस पर, क्रोमा दे रहा है इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों पर भारी छूट के साथ यादगार बचत करने का मौका। नया साल शुरू होते ही उपभोक्ता क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल का बेसब्री से इंतज़ार करते रहते हैं, इस साल 16 से 26 जनवरी, 2025 तक चलने वाली इस सेल में, www.croma.com और Tata Neu पर इन-स्टोर और ऑनलाइन दोनों जगह पर आकर्षक, अविश्वसनीय डील दी जा रही है।

क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल में उपभोक्ताओं को मिलता है इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की विशाल श्रेणी पर बेहद आकर्षक छूट के साथ अपनी जीवनशैली को उन्नत करने का सही अवसर। 23 जनवरी से, गर्मी को मात दें क्रोमा 1.5ञ्ज 3 स्टार एसी के साथ, कीमतें 25,690* से आगे, अपनी रसोई में लाएं नयी ताज़गी, क्रोमा 303रुफ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर के साथ, कीमतें 24,590* से आगे। अब लॉन्ड्री करना होगा और भी आसान, क्योंकि क्रोमा 8य्द्द टॉप लोड वॉशिंग मशीन मिलने वाली 14,390* से शुरू होने वाली कीमतों में, या चुनें 21,690* से शुरू होने वाली कीमतों में क्रोमा 7Kg फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन। होम एंटरटेनमेंट के शौकीनों के लिए क्रोमा दे रहा है 30,990* से शुरू होने वाली कीमतों में 55-इंच HD TV या सिर्फ़ 42,990* में प्रीमियम 65-इंच UHD Google TV भी आप खरीद सकते हैं। टेक-सैवी खरीदारों के लिए इंटेल i3 लैपटॉप के साथ बेहतरीन डील 26,530* से शुरू होने वाली कीमतों में मिल रही हैं। लेटेस्ट गैजेट की तलाश कर रहे हैं तो आपके लिए सैमसंग गैलेक्सी फोल्ड 5 की शुरूआती कीमत सिर्फ़ 98,990* है, जबकि Apple iPhone 16 की कीमत 39,490* है।

आपको ज़्यादा से ज़्यादा फायदेमंद खरीदारी की खुशियां देने के लिए चुनिंदा बैंक कार्डों पर 26,000 तक के इंस्टेंट कैशबैक दिए जा रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एमेक्स, बॉब कार्ड्स, फेडरल बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, साउथ इंडियन बैंक और एचएसबीसी के साथ विशेष ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, बजाज फ़िनसर्व, एचडीबी फ़ाइनेंशियल सर्विसेस, एचडीएफसी बैंक और आईडीएफसी फ़र्स्ट बैंक जैसे कंज़्यूमर फाइनेंस प्रोवाइडर्स के ज़रिए ?26,000 तक के कैशबैक का लाभ भी उठा सकते हैं।

क्रोमा - इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिबाशीष रॉय ने कहा, क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल ज़रिया है उपभोक्ताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का, हम हमारे उपभोक्ताओं को ऐसी बचत करने का मौका दे रहे हैं जिसे वे हमेशा के लिए याद रखेंगे। अग्रणी बैंकों और कंज़्यूमर फाइनेंस प्रोवाइडर्स के साथ विशेष ऑफ़र और साझेदारी के साथ, हम सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरणों को सुलभ बनाना चाहते हैं। चाहे आप इन-स्टोर या ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हों, हमारे विकल्पों की विशाल रेंज में सभी के लिए कुछ न कुछ ज़रूर है।

# रियल एस्टेट क्षेत्र को बजट में आवश्यक सुधारों की उम्मीद, रेपो दर और स्टांप ड्यूटी कम करने की मांग

**नई दिल्ली।** बजट आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और विभिन्न उद्योग अपनी मांग को पेश कर रहे हैं। इस कड़ी में रियल एस्टेट क्षेत्र ने अपनी किफायती आवास क्षेत्र में आ रही चुनौतियां को कम करने और ऐसी नीतियों की घोषणाओं पर विचार करने की मांग है। साथ ही, बुनियादी ढांचागत विकास को आगे बढ़ाने, किफायती आवास को आसानी से ऋण उपलब्ध करवाने की भी मांग हो रही है। आइए इस बारे में जानें।

बजट आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और विभिन्न उद्योग अपनी मांग को पेश कर रहे हैं। इस कड़ी में रियल एस्टेट क्षेत्र ने अपनी किफायती आवास क्षेत्र में आ रही चुनौतियां को कम करने और ऐसी नीतियों की घोषणाओं पर विचार करने की मांग है, साथ ही बुनियादी ढांचागत विकास को आगे बढ़ाने, किफायती आवास को आसानी से ऋण उपलब्ध करवाने की मांग की है। 2024 में रियल एस्टेट क्षेत्र में एक मजबूत सुधार देखा गया,



जिसमें आवासीय मांग 11 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और ऑफिस पट्टा रिकॉर्ड 53.3 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गया।

शापुरजी पाल्लोनजी रियल एस्टेट के निदेशक समूह प्रमोटर वेंकटेश गोपालकृष्णन कहते हैं, बजट में मध्यम आय वर्ग के लिए टैक्स स्लैब में संशोधन करने और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों को स्थिर करने की जरूरत है। इससे निर्माण लागत में कम होगी और किफायती आवास की मांग को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय जरुरतों को देखते हुए ग्रीन हाउस को प्रोत्साहित करना और आवास नीति को और अधिक समावेशी बनाया जाए, वहीं कारोबार को आसान करने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस को प्रोत्साहित करने से इस ओर निवेश आकर्षित होगा। साथ ही रेपो दर और स्टांप ड्यूटी को यदि कम किया जाता है तो आवास की मांग में और वृद्धि होने की संभावना है।

पार्टनर पल्लाडियन पार्टनर्स लिमिटेड पीयूष रामभिया कहते हैं पिछले कुछ समय से किफायती आवास कैटेगरी को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 2019 में 38 प्रतिशत से गिरकर 18 प्रतिशत पर पहुंच गई है। 2025 के लिए हमें उम्मीद है केंद्रीय बजट आवास के लिए बुनियादी ढांचे की स्थिति, किफायती और आसानी से लोन मिलने और क्रेडिंग लिंक्ड सब्सिडी योजना को फिर से शुरू किया जाना चाहिए और बाजार की वास्तविकताओं को देखते हुए सुधारों के जरिए किफायती आवास कैटेगरी को पुनर्जीवित करने जैसे उपायो पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

एनएआर इंडिया इंडिया के अध्यक्ष अमिल चोपड़ा कहते हैं, रियल एस्टेट क्षेत्र बजट में आवश्यक सुधारों की उम्मीद कर रहा है, एक बड़ी उम्मीद ब्रोकरेज सेवाओं पर जीएसटी को इनपुट क्रेडिट के साथ 18 प्रतिशत से घटाकर इनपुट क्रेडिट के बिना 5 प्रतिशत किया जाए, इससे खरीदारों और ब्रोकरर्स दोनों वित्तीय बोझ कम होगा।

## सोना 82900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 170 रुपये मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को चांदी की कीमत 500 रुपए घटकर 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 170 रुपये मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को यह बहुमूल्य धातु 82,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 23 फरवरी, 2024 के बाद लगभग एक साल सोने की कीमतें 62,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से 20,180 रुपये या 32.17 प्रतिशत मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

## डिज़्नी+ हॉटस्टार अपनी नई पेशकश 'स्वीट ड्रीम्स' के साथ लेकर आया है सपनों और संयोग की एक दिलकश कहानी

**मुंबई।** प्यार के मौसम के पास आते ही डिज़्नी+ हॉटस्टार ने एक




खूबसूरत और यादगार प्रेम कहानी स्वीट ड्रीम्स रिलीज की है। इस फिल्म में लीड रोल्स में हैं खूबसूरत मिथिला पालकर और वर्सेटाइल एक्टर अमोल पाराशर, और इसका ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। निर्देशक विक्टर मुखर्जी ने एक ऐसी कहानी पेश की है जो आज के मिलेनियल्स के प्यार की असली भावना को पूरी तरह से दर्शाती है। हालांकि, ट्रेलर में ज्यादा नहीं बताया गया है, लेकिन यह हमें हमारे मुख्य पात्रों-केनी और दिया के सफर पर ले जाता है, जो आज के समय में संयोग को नए तरीके से परिभाषित करते हैं।

स्वीट ड्रीम्स की कहानी 29 साल के एक रीसायकलिंग आर्टिस्ट-केनी और एक उभरती गीतकार- दिया, के इर्द-गिर्द घूमती है। केनी एक टूटे हुए रिश्ते से उबरने की कोशिश कर रहा है, जबकि दिया अपने कॅरियर और रिश्ते के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। उनकी ज़िंदगी उस वक्त बदल जाती है जब एक वायरल मीम उनके सपनों को जोड़ता है, और वे यह सोचने लगते हैं कि क्या असलियत और कल्पना के बीच कोई फर्क है। विक्टर मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, मिलेनियल्स की उम्मीदों और एक अहम सवाल को उठाती है - क्या आप अपने सपनों को हासिल करने के लिए सब कुछ करेंगे, या फिर असलियत को अपनाएंगे, जो इतनी बुरी नहीं होती!

निर्देशक विक्टर मुखर्जी ने कहा, स्वीट ड्रीम्स सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है। यह एक यात्रा है जो हमारे अवचेतन मन में जाकर मिलेनियल पीढ़ी की उस चाहत को तलाशती है, जो असाधारण को पाने के लिए दौड़ती है, लेकिन अक्सर वर्तमान की सुंदरता को नजरअंदाज कर देती है। इस फिल्म के जरिए, मैं दर्शकों को फिल्म की भव्य लेकिन वास्तविकता से जुड़ी भावना का एक अनुभव देना चाहता था। मुझे बहुत खुशी है कि मिथिला और अमोल ने केनी और दिया को इतनी प्रामाणिकता और दिल से जिया, और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को इसे देखकर आनंद मिलेगा।

## केप्री लोन्स ने महाकुंभ मेला 2025 में अनोखे वॉल आर्ट लैंडमार्क का उद्घाटन किया

**मुंबई।** केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है जिसे केप्री लोन्स के ब्रांड नाम से जाना जाता है। केप्री लोन्स ने प्रयागराज संगम में चल रहे महाकुंभ मेले में एक शानदार और वाइब्रेंट वॉल म्युरल पेंटिंग को लॉन्च किया है। इस वॉल म्युरल पेंटिंग को गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के पवित्र संगम के नजदीक लगाया गया है, जो सांस्कृतिक प्रतीक के साथ- साथ महत्वपूर्ण लैंडमार्क की भूमिका निभाता है। केप्री ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजेश शर्मा ने कहा, ÷महाकुंभ मेला एक आयोजन से कहीं बढ़कर है– यह लोगों की आस्था, एकजुटता और परम सत्य की खोज के सनातन मूल्यों की जीती-जागती मिसाल है। केप्री ग्लोबल में, हम लोगों के इस समागम के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का तहे दिल से सम्मान करते हैं, जहाँ लाखों लोग अपनी जड़ों से जुड़ने और अपने जीवन में नई ऊर्जा जगाने के लिए एक साथ आते हैं। हम इस वॉल म्युरल के ज़रिये उन सभी लोगों के सपनों और कभी हार न मानने के जज़्बे को सलाम करते




हैं, जो हमारे माननीय ग्राहक हैं। यह दर्शाता है कि, हम एक उज्जवल भविष्य के उनके इस सफर में एक भागीदार की भूमिका निभाते हैं। परंपरा को रचनात्मकता के साथ जोड़कर, हमारा उद्देश्य लोगों के अरमानों का सम्मान करना, स्थानीय प्रतिभा को सहयोग देना, और एक ऐसा लैंडमार्क बनाना है जो लोगों का हौसला बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें एकजुट करे। हम इस पहल के ज़रिये अपनी साझा विरासत की सुंदरता और गहराई का उत्सव मनाते हैं, इस ऐतिहासिक संगम में आने वाले लोगों के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ना चाहते हैं।÷

सपनों का संगम शीर्षक वाला यह म्युरल प्रगति, कभी हार न मानने के जज़्बे और बदलाव की बड़ी मनमोहक कहानी बयां करता है। यह कई अलग-अलग किस्सों को बड़ी खूबसूरती से जोड़ता है, जिसमें मिट्टी को आकार देने वाले कुम्हार, अपने बच्चे का हौसला बढ़ाने वाली माँ, अपना भविष्य संवारने वाली महिलाओं और अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करने वाले लोगों को दिखाया गया है। एक अटूट धागे से जुड़ी ये कहानियाँ अलग-अलग इंसानों के सफर के साथ-साथ गोल्ड लोन, होम लोन और एम एस एम ई लोन जैसी सेवाओं के ज़रिये अपने ग्राहकों के सपनों और उन्हें साकार करने के लिए साथ देने के केप्री लोन्स के अटल इरादे को भी दर्शाती हैं।जिस तरह प्रयागराज में नदियों का संगम होता है, जो एक साथ लाखों लोगों के सपने और उन्हें हकीकत में बदलने की क्षमता का प्रतीक है, ठीक उसी तरह इस म्युरल का डिज़ाइन भी लोगों के अलग-अलग अरमानों के संगम को दर्शाता है। बेहद आकर्षक रंग और कला की बारीकियों से सजे इस म्युरल में इस क्षेत्र की समृद्ध स्थानीय कलाकारी की झलक दिखाई देती है, जो इसकी सांस्कृतिक विरासत का सार प्रस्तुत करते हैं। यह कलाकृति इस क्षेत्र की सामुदायिक भावना के साथ-साथ असीमित संभावनाओं को भी प्रस्तुत करती है।केप्री लोन्स के सहयोग से तैयार किया गया यह म्युरल इस विचार को दर्शाता है कि, सपना चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, उसे फलने-फूलने का मौका मिलना चाहिए। केप्री लोन्स सपनों और उन्हें हासिल करने के बीच की खाई को मिटाकर, उन सभी लोगों के सच्चे साथी के रूप में खड़ा है जो अपने भविष्य को बेहतर बनाने की कोशिश में जुटे हैं– हम लोगों के अरमानों को हकीकत में बदलने में मदद कर रहे हैं।हर 12 साल में आयोजित होने वाला महाकुंभ मेला पूरी दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है।

## अदाणी समूह ने मुंद्रा स्थित एसईजेड की अधिसूचना बदलने की मांग की

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने गुजरात के मुंद्रा में अपने बहु-उत्पाद एसईजेड की अधिसूचना आंशिक




रूप से रद्द करने के लिए केंद्र से संपर्क किया है। खबर है कि वाणिज्य मंत्रालय शुक्रवार को इस प्रस्ताव पर विचार करेगा। इस प्रस्ताव पर विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के लिए सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अनुमोदन बोर्ड की बैठक में चर्चा की जाएगी। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक कल यहां होगी।

बैठक के एजेंडे के अनुसार, ÷अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) लिमिटेड ने 8282.7670 हेक्टेयर में से 333.7396 हेक्टेयर की आंशिक अधिसूचना रद्द करने का अनुरोध किया है। कारण बताते हुए डेवलपर ने कहा है कि सौर बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा और भारत में सौर उपकरणों की भारी डंपिंग के कारण, ईएमसी (इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर) की इकाइयां एसईजेड के भीतर आर्थिक रूप से अव्यवहारिक हो रही हैं।÷ समूह की ओर से कहा गया है कि इस कठिन बाजार में खुद को बचाए रखने के लिए रहने के लिए इन इकाइयों के लिए एसईजेड से बाहर निकलना जरूरी हो गया है।

प्रस्ताव में कहा गया है, ईएमसी क्षेत्र में घटक इकाइयों ने एसईजेड प्रारूप में अपना परिचालन जारी नहीं रखने की इच्छा जताई है। इसलिए सह-डेवलपर मुंद्रा सोलर टेक्नोपार्क ने डेवलपर से अनुरोध किया है कि वह ईएमसी क्षेत्र को जहां है, वहीं के आधार पर एसईजेड से अलग कर दे।÷ गुजरात सरकार ने प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं जताई है और आंशिक अधिसूचना रद्द करने के आवेदन पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। एपीएसईजेड के विकास आयुक्त ने भी बोर्ड से इस प्रस्ताव पर विचार करने का अनुरोध किया है। एसईजेड नियम, 2006 के अनुसार, यदि केंद्र सरकार संतुष्ट हो तो वह डेवलपर की ओर से किए गए आवेदन पर बोर्ड की सिफारिश के बाद एसईजेड की अधिसूचना को संशोधित कर सकती है, या इसे वापस ले सकती है या उसे निरस्त कर सकती है। इसके अलावा, अंतर-मंत्रालयी बोर्ड मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड, एपीएसईजेड, मुंद्रा के एक वर्ष के लिए एलओए (अनुमोदन पत्र) विस्तार के प्रस्ताव पर भी विचार करेगा।

## कामधेनु पेंट्स ने गोवा में आयोजित किया भव्य बॉलीवुड मेगा इवेंट 'रंगों का जश्न'



**गुरुग्राम।** उच्च गुणवत्ता वाले पेंट और कोटिंग्स की अग्रणी विनिर्माता कामधेनु पेंट्स ने 15 से 17 जनवरी, 2025 तक गोवा में भव्य बॉलीवुड मेगा इवेंट 'रंगों का जश्न' सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक प्रतिभागियों (डीलरों और उनके परिवारों) ने भाग लिया। इस मौके पर कामधेनु पेंट्स के चेयरमैन श्री सुनील अग्रवाल, एमडी श्री सौरभ अग्रवाल और निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने डीलरों के प्रयासों की सराहना की।'रंगों का जश्न' एक शानदार मनोरंजक आयोजन था जिसमें कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जैसे नियॉन पार्टी, गोवा बीच पार्टी, बाइक रैली और स्थानीय संस्कृति एवं उत्सवों को प्रदर्शित करने वाला जीवंत गोवा कार्निवल। इस मेगा इवेंट में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर भी शामिल हुए और प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने मंत्रमुग्ध कर देने वाला लाइव परफॉरमेंस दिया।कामधेनु पेंट्स के प्रबंध निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ''कामधेनु पेंट्स अपने चैनल भागीदारों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए समर्पित है। 'रंगों का जश्न' उनके अटूट समर्थन के लिए हमारी गहन कृतज्ञता का प्रमाण है। ये कार्यक्रम न केवल हमारी सम्मिलित उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, बल्कि भावी उन्नति और इनोवेशन का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।''

## सेंटरफ्रूट अपनी नई कैंपेन कैसी जीभ लपलपाई के साथ स्वाद पर दे रहा पूरा ध्यान

**नई दिल्ली।** परफेटी वैन मेल के ब्रांड सेंटरफ्रूट ने अपने प्रतिष्ठित कैंपेन के साथ धूम मचा दी है जो मनोरंजक अंदाज और यादगार टैगलाइन कैसी जीभ लपलपाई? के माध्यम से स्वाद को महिमा प्रदान करता है। संचार के नए आयाम स्थापित करते हुए, यह कैंपेन ब्रांड के मूल वादे अनूठे फ्रूटी फ्लेवर के अटूट स्वाद, जो उपभोक्ताओं को बार-बार चाहने पर मजबूर कर देता है पर पूरी तरह केंद्रित है। यह कैंपेन एक रोमांचक नया टीवीसी पेश करता है, जिसे मशहूर निर्देशक प्रसून पांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। इसमें सेंटरफ्रूट की अनूठी क्षमता को दर्शाया गया है, जो अपने विशेष स्वाद से उपभोक्ताओं को आनंदित करता है। टैगलाइन कैसी जीभ लपलपाई? सेंटरफ्रूट द्वारा हर बाइट में प्रदान किए जाने वाले अटूट और मजेदार अनुभव को भी बखूबी दर्शाती है।




इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, गुंजन खेतेन, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, परफेटी वैन मेल इंडिया ने कहा कैसी जीभ लपलपाई? सिर्फ एक टैगलाइन नहीं है यह एक अभिव्यक्ति है जो सेंटरफ्रूट के अटूट स्वाद के वादे का सार व्यक्त करती है। इस कैंपेन के माध्यम से, हम अपने सिग्नेचर प्रोडक्ट की कार्यक्षमता और स्वाद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे एक मजेदार और अटूट अनुभव मिलता है जो उपभोक्ताओं को बार-बार वापस लाता है। यह हमारे इस समर्पण का सच्चा प्रतिबिंब है कि हर बाइट को खुशी के धमाके में बदलने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

कैंपेन की संकल्पना पर टिप्पणी करते हुए, अनुराग अग्निहोत्री, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, ओगिल्वी वेस्ट ने कहा सेंटरफ्रूट भारत के सबसे प्रिय ब्रांड्स में से एक है और इसका टैगलाइन कैसी जीभ लपलपाई? आईकॉनिक रहा है। सालों से हमने स्वादिष्ट स्वाद के सरल विचार पर बेहद मजेदार कहानियां बनाई हैं इस बार हम एक और क्रेझी और यादगार कहानी के साथ लौटे हैं। इसके साथ, हमें उम्मीद है कि हम फिर से जीभें लपलपाने और दोनों शाब्दिक और अलंकारिक रूप से चर्चा में आ जाएंगे।

सेंटरफ्रूट अपने विशिष्ट स्वाद और प्रभावशाली संचार के लिए लंबे समय से पहचाना जाता है यह नया कैंपेन ब्रांड की मूल ताकतों को और मजबूत करता है, उन्हें आधुनिक और ताजगी भरे अंदाज में प्रस्तुत करता है, जो आज के उपभोक्ताओं की पसंद के अनुरूप है। कैसी जीभ लपलपाई? के इस नए कैंपेन में पूरा फोकस सेंटरफ्रूट के अटूट स्वाद पर है।

# प्रधान, शिक्षक व कोटेदार टीबी के मरीजों को लेंगे गोद : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट सभागार में टीबी उन्मूलन से संबंधित बैठक करते डीएम

- छह गांव टीबी मुक्त, आठवें नंबर पर जनपद का रैंकिंग
- कम स्क्रीनिंग पर डीएम ने व्यक्त की नाराजगी
- तेजी लाने का दिया निर्देश

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक दौरान टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद 8 वें नंबर पर होने की जानकारी देने सहित 06 ग्राम सभाओं को टीबी मुक्त कर दिए जाने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। पूरे प्रदेश में 01 जनवरी से चलाए जा रहे कार्यक्रम अंतर्गत जनपद में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा विधिवत रूप से की गई।

जिलाधिकारी ने टीबी उन्मूलन संबंधी विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्क्रीनिंग बहुत कम हो रही है तथा एक्सरे हेतु अलग से कार्ययोजना बना कर कार्यवाही करें। उन्होंने ब्लॉकवार स्क्रीनिंग की प्रगति का अवलोकन करते हुए खराब प्रगति वाले ब्लॉकों को कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने इस कार्य हेतु डीपीएम/डीसीपीएम स्तर से सतत निगरानी करने सहित प्रत्येक दिन की प्रगति की भी मॉनिटरिंग की जाय। जिलाधिकारी द्वारा सीएचओ लेबल पर कार्यवाही के संबंध में पुछताछ की गई, संबंधित द्वारा जनपद में 211 सीएचओ की तैनाती की जानकारी देते हुए बताया गया कि सभी को 50 का टारगेट दिया गया है परंतु संसाधनों के अभाव में टारगेट पूर्ण नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी को इस कार्य की महत्ता के दृष्टिगत लग कर लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। बैठक दौरान टीबी मरीजों को गोद लिए जाने के क्रम में बताया गया कि अब तक 38 अधिकारियों द्वारा गोद लिए जाने की जानकारी दी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो, शिक्षकों, कोटेदारों, ग्राम प्रधानों को प्रेरित कर मरीजों को गोद लिए जाने हेतु प्रेरित किए जाने का निर्देश सभी संबंधित को दिए।

## रामकोला चीनी मिल 8 जनवरी से 14 तक का भुगतान किसानों के खाते में भेजा

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** नगर स्थित त्रिवेणी चीनी मिल जनपद में सबसे पहले पेराई शुरू करने के साथ साथ गन्ना भुगतान मूल्य कर अपने पिछले रिकॉर्ड को कायम रखा है। चीनी मिल वर्तमान पेराई सत्र का 08 जनवरी से 14 जनवरी तक खरीदे गए गन्ना मूल्य का भुगतान 14 करोड़ 31 लाख रुपया किसानों के बैंक खाते में भेजा दिया है। इस आशय की जानकारी प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने देते हुए कहा कि किसान हित सर्वोपरि है। किसान भाई ताजा साफ सुथरा ही गन्ना चीनी मिल को सप्लाई करे। उन्होंने अपील किया कि किसान भाई अपने गन्ने की आपूर्ति चीनी मिल को ही करें। जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़ने से आगामी वर्षो में लाभ मिल सके। इस मौके कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय भी मौजूद रहे।

# शिद्दत से याद किए गए आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस

अवधनामा ब्यूरो


सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते चेयरमैन विनय जायसवाल

**कुशीनगर।** आजादी के महानायक, महान देशभक्त व स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिंद फौज के अगुवा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस गुरुवार को उत्साह के साथ मनाया गया। नगर पालिका परिषद पडरौना के चेयरमैन विनय जायसवाल के अगुवाई में नगर के सुभाष चौक स्थित आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की साफ-सफाई के बाद माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

श्रद्धा सुमन अर्पण के पश्चात नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस सच्चे देशभक्त थे और उनके द्वारा जो सेना का गठन किया गया था वह केवल भारत नहीं बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप में उनका प्रभाव था। उन्होंने कहा कि नेता जी भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक होने के साथ आजाद हिन्द फौज के नेतृत्वकर्ता व तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे अमर स्वाधीनता मंत्र के उद्घोषक थे। पराक्रम दिवस के नाम पर मनाए जाने वाले इस दिवस पर उन्होंने सभी से राष्ट्र के प्रति समर्पित होने का आवाहन भी किया। साथ ही बताया कि नगरपालिका परिषद पडरौना द्वारा विगत 7 वर्षो से लगातार नगर क्षेत्र में मौजूद सभी महापुरुषों और राष्ट्रनायकों की प्रतिमाओं की प्रतिदिन साफसफाई और माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया जाता है। इस मौके पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज, सभासद प्रमोद श्रीवास्तव, विपिन सिंह, श्याम साहा पीयूष सिंह, राहुल सिंह, अरुण कुशवाहा, मोनु सिंह, बलवंत सिंह रामाश्रय गौतम मैनुद्दीन, विपिन जायसवाल सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

## लग्जरी वाहन से बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब की खेप बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में अवैध शराब तस्कर

अवधनामा संवाददाता

- हाटा कोतवाली पुलिस को मिली कामयाबी

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल की है। तस्करों के पास से पुलिस ने दो लग्जरी वाहन में रखे कुल 720 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए तस्करों को जेल भेज दिया। वाहन सहित बरामद शराब की कीमत 33 लाख बताई जा रही है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर अवैध शराब निष्कर्षण/ परिवहन/ बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना कोतवाली हाटा पुलिस द्वारा दो लग्जरी जिसमें एक आई-20 कार व एक क्रेटा वाहन से तस्करी कर हरियाणा प्रान्त से बिहार प्रान्त ले जाई जा रही कुल 720 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब, चार कूटरचित नम्बर प्लेट बरामद कर मौके से दो अभियुक्तों को थाना कोतवाली हाटा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग अपने गाड़ी में शराब रखकर गाड़ी का वास्तविक नंबर प्लेट को बदलकर जिस प्रदेश में जाते हैं उसी प्रदेश का कूट रचित नंबर प्लेट पहले से ही बनवा कर रखे रहते हैं उस प्रदेश में पहुंचने के बाद उसको लगा लेते हैं जिससे गाड़ी का पहचान ना हो सके। इस प्रकार शराब की तस्करी कर हरियाणा प्रान्त से बिहार प्रान्त में लेकर जाकर बेच देते हैं। पकड़े गए तस्करों में सुनील पुत्र बलबीर निवासी धिकाडा थाना दादरी सदर जिला चरखी दादरी हरियाणा व संजय सोलंकी पुत्र ओमप्रकाश सोलंकी निवासी निमली थाना सदर दादरी जिला चरखी दादरी हरियाणा शामिल है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्र.नि. सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली हाटा, उ.नि. विवेक कुमार पाण्डेय सहित पुलिस टीम शामिल रही।

# निर्माण कार्य जो भी पूर्ण हो गए उसे तत्काल हैंडओवर करें : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


पचास लाख से अधिक निर्माण कार्यों की समीक्षा करते डीएम

- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर दें ध्यान, अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत से महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मासिक प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पीडब्ल्यूडी, यूपी पीसीएल, सी एंड डीएस, यूपी सी एलडीएफ़, यूपी आरएनएसएस, द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई।

बैठक दौरान जिलाधिकारी ने सभी निर्माण कार्यों में लागत धनराशि के सापेक्ष परियोजना हेतु अवमुक्त अभी तक धनराशि की समीक्षा की तथा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कराए गए कार्यों, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी कार्यदाई संस्था के सहायक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से ली गई। सर्व प्रथम पीडब्ल्यूडी के निगरानी में कार्यदाई संस्था द्वारा कराए जा रहे मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई, तत्पश्चात महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा नक्शा पूर्ण होने सहित एक सप्ताह में कार्य शुरू करने की जानकारी दी गई, समीक्षा दौरान नक्शे का अवलोकन भी किया गया। जिला कारागार के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान बताया गया कि 34 बिल्डिंग पर कार्य शुरू कर दिया गया है, तथा डिजाइनिंग का कार्य हो गया है। कार्यदाई संस्था यूपी पीसीएल द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुशीनगर, फाजिलनगर, सेवरही की समीक्षा दौरान बताया गया कि दिसंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाना था परंतु अभी कुछ कार्य अवशेष हैं जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार थाना तरया सुजान व सेवरही के कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। पर्यटन विकास योजना अंतर्गत दिग्जम्बर जैन मंदिर फाजिलनगर, खिरकिया एवं शिव मंदिर में पर्यटन विकास कार्य, रामपुर सोहरौना स्थित ताल के ईको पर्यटन विकास कार्य, रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य, बुद्धा थीम पार्क का निर्माण सौंदर्यीकरण का समस्त कार्य, बौद्ध विहार पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यो अंतर्गत कार्य में प्रगति की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। इसके अतिरिक्त रामपुर सोहरौना स्थित पर्यटन विकास कार्य, बनकटा बाजार स्थित काली मंदिर का कार्य साइनेज का कार्य, हाटा बस स्टैंड के निर्माण कार्य के अंतर्गत 50 बेड क्रिटिकल केयर सेंटर भवन के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी दी गई। पुलिस आवास में निर्माण कार्य, पुलिस लाइन हॉस्टल निर्माण/बैरक निर्माण कार्य, में देरी होने पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यों में तेजी लाने सहित टाइमलाइन का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। समीक्षा दौरान जनपद न्यायालय स्थित कोर्ट के निर्माण कार्यों, ट्रांजिट हॉस्टल, पडरौना बस स्टेशन का जीर्णोद्वार/ आधुनिकरण का कार्य, पॉलिटेक्निक मुजहना हाटा का निर्माण कार्य, बुद्धा पार्क रविंद्रनगर के निर्माण कार्य, जल निगम नगरीय अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य, इसके अलावे नई सड़कों/ चौड़ीकरण के समस्त कार्यो की समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति जानी व कार्य प्रगति को बढ़ाए जाने तथा जिन निर्माण कार्य में सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं उसे तत्काल हैंड ओवर करने हेतु संबंधित कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# त्याग की प्रतिमूर्ति थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के जयंती पराक्रम दिवस पर मालवीय रोड स्थित सुभाष चौक पर कार्यकर्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस जी के प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उनको नमन किया। उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजो के खिलाफ आजाद हिंद फौज की स्थापना किया, वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। देश को आजादी दिलाने के लिए भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कई तरह के नारे दिए थे। इन नारों में इतनी ताकत थी कि इन्हें सुनने के बाद देश के युवाओं के अंदर एक अलग ही तरह का जोश भर जाता था।नेताजी के ये नारे देश के कोने-कोने में आग की तरह फैलने लगे थे। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा की भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोग इन्हें प्यार से नेताजी कहकर पुकारते थे। आज ही के दिन यानी कि 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। सुभाष चंद्र बोस को साहस, देशभक्ति और त्याग के मिसाल के तौर पर भी जाना जाता है। नेताजी के जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ विनोद पाण्डेय, पुनीत सिंह अमेठीया, सूरज पटेल, राहुल कुमार, वीरेंद्र पाठ्क, नित्यानंद पाण्डेय, शशांक चौबे, मुकेश कुमार, विशाल आदि उपस्थित रहे।

## चौकी इंचार्ज धुलेंडी ने यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत के नेहरू युवा केंद्र रायबरेली के तत्वाधान मे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन थाना बछरावां की चौकी थुलेंडी में किया गया। केंद्र के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में स्थानीय पुलिस ने सक्रिय भागीदारी की। आपको बता दें कि, नेहरू युवा केन्द्र रायबरेली की टीम ने चौकी धुलेंडी उपनिरीक्षक सचिन शर्मा, प्रभारी उपनिरीक्षक जीवन जोशी, एचसी राजेन्द्र वर्मा ने पुलिस जवानों के साथ मिलकर यातायात प्रबंधन किया। टीम में युवा भी शामिल रहे। धुलेंडी चौकी उपनिरीक्षक सचिन शर्मा ने टीम के साथ सड़क पर चलने वाले लोगों को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने अभियान के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने और तीन सवारी न बैठने जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर विशेष जोर दिया गया। चौकी उपनिरीक्षक सचिन शर्मा ने लोगों को समझाया कि, यातायात नियमों का पालन न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए, बल्कि पूरे समाज की भलाई के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, यह अभियान युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करने का भी एक प्रयास है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे अभियान न केवल दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता का माहौल भी बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता पर्चे और पैंफलेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक ओंकार यादव, एस. आई.अंकुर दुबे,एस.आई.जीवन जोशी, पीआरडी बाबूलाल, विकास सैनी एवं युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर मानव श्रृंखला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर स्वर्गीय रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है और यह जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बच्चों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करना मानवता का कर्तव्य है और इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 18 वर्ष की आयु से पहले वाहन चलाना प्रतिबंधित है और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना कानूनी अपराध है। जिलाधिकारी ने यातायात नियमों के पालन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मोटरसाइकिल या स्कूटर चलाते समय हेलमेट पहनना, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग, तेज गति से बचना, नशे की हालत में वाहन न चलाना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क पर स्टंट करना न केवल खतरनाक है, बल्कि यह कानून का उल्लंघन भी है।

## राजस्व टीम ने सुरक्षित जमीन को कराया कब्जामुक्त

**महाराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के अटरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब तहसील प्रशासन ट्रैक्टर लेकर के गांव सभा की सुरक्षित भूमि पर खड़ी फसल को जुतवाने के लिए पहुंच गया। आपको बताते चलें कि गांव सभा की भूमि गाटा संख्या 12 व 15 राजस्व भू अभिलेख में बंजर व खलिहान दर्ज है। जिस पर शंकर दयाल यादव ने गेहूं बोकर के कब्जा कर रखा था जिसकी शिकायत सुखनंदन गौतम ग्राम प्रधान अटरा ने तहसीलदार मंजुला मिश्रा से किया तेज तर्रार तहसीलदार ने मामले को त्वरित संज्ञान लेते हुए राजस्व व पुलिस की टीम भेज कर गांव सभा की सुरक्षित भूमि को खाली कराया। जिससे अवैध कब्जीदारों में हड़कंप मच गया है इस मौके पर राजस्व निरीक्षक आबिद अली हल्का लेखपाल ओमप्रकाश वर्मा व बछरावां पुलिस मौजूद रही।

## देवरिया राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करें न्यायिक अधिकारी




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, देवरिया देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी ने उपस्थित न्यायाधीशगण को निर्देशित करते हुये कहा कि न्यायालय में लम्बित मामलों को चिन्हित कर लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण करे। उन्होनें कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को आयोजित किया जाना हैं जिसमें अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ठ विषय-अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि के लम्बित मामलें एवं प्री-लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया श्री संजय कुमार सिंह द्वारा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित मामलों में पक्षकारों को नोटिस भेजा जायें तथा संबंधित थानों से नोटिसों को ससमय तामिला कराने हेतु निर्देशित किया जायें। सचिव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में लगने वालें मामलों का चिन्हांकन एवं निस्तारण व्यापक पैमाने पर करने हेतु अपेक्षा किया गया।

## सलेमपुर नगर के हीरो एजेंसी के सामने टंबल ड्राय लॉन्ड्री ड्राईक्लीन का उद्घाटन

**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर के पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने दुकान संचालक को बधाई दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। हमारी सरकार भी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाए चला रही है। उन्होंने बताया कि अब सलेमपुरके लोगो को कही बाहर जाने कि जरूरत नहीं अब नगर मे ही आधुनिक तकनीक से लॉन्ड्री के लिए ड्राई क्लीनिंग मशीन से लोग अपने कपड़े धुला सकते है। प्रॉपराईटर आशीष जायसवाल ने बताया कि ड्राई क्लीनिंग आटोमेटीक नई तकनीक का है जिससे कपड़ों को साफ करने के लिए यह मशीन उसमे मौजूद गंदगी, तेल-मैल और दाग-धब्बों को आसानी से हटा देता है। उक्त अवसर पर जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, वीरेन्द्र कुशवाहा (एडवोकेट) अमित सिंह, आतिश जायसवाल, राजेश कुशवाहा, अशोक कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



# डॉ. अंबेडकर के बनाएं संविधान से समाज के अंतिम व्यक्ति का हो रहा उत्थान

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खामपार के बंगारबारी में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन भाजपा भाटपार रानी के मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता अश्वनी कुमार सिंह के द्वारा माल्यार्पण अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि भारत रत्न संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बनाएं संविधान की ही देन है कि आज समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने डॉक्टर अंबेडकर को जितना सम्मान देने का काम की है उतना किसी भी सरकार ने नहीं किया। डॉक्टर अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर रुपए 125 और रुपए 10 के स्मारक सिक्के जारी किए गए जो राष्ट्र के निर्माण में उनके योगदान को चिन्हित करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया। इस कदम से महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, अंकुश शाही, राजीव रंजन सिंह, मनोज कुमार यादव, रामानंद यादव, दूधनाथ प्रसाद, उदय नारायण गौतम, निर्भय सिंह, अजीत सिंह, राजदेव प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, देवनारायण प्रसाद, स्वामीनाथ प्रसाद, हरिहर प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, अवनीश प्रसाद, मनीष सिंह, रामदेव यादव, अखिलेश प्रताप सिंह, आनंद प्रकाश गौतम, आलोक कुमार उपस्थित थे। वहीं क्षेत्र के लाखोंपार में मंडल उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद के नेतृत्व में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां प्रमुख रूप से मैनेजर प्रसाद, संतोष पाल, सतीश प्रजापति, बुद्धराम पाल, जाकिर अंसारी, मुमताज अंसारी, सुभाष यादव, छोटू प्रजापति, संदीप गोंड, शौकत अली, विकास श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा अभियान का किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च (आईडीटीआर) हरचन्दपुर, रायबरेली में आयोजित मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और दूसरों को भी यातायात नियमों को पालन करने हेतु जागरूक करें। इसी अवसर पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धित प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र दिया तथा पीआरडी के जवानों को हेलमेट वितरण किया। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार सिंह द्वारा अतिथियों का स्वगत करते हुए कहा गया कि सड़क सुरक्षा की इस जागरूकता मुहिम को जन-जन तक पहुचाते हुए शासन द्वारा निर्धारित किये गये दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या को 50 प्रतिशत तक कम करना है। जिलाधिकारी ने लगभग 700 स्कूली छात्र/छात्राओं, पुलिस, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं अन्य उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धित शपथ दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम में एसजेएस स्कूल के लगभग 200 छात्र छात्राओ द्वारा हेलमेट व ट्रैफिक सिग्नल की प्रतिकृति भी बनाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित सफर करने की सलाह दी गयी। उन्होने कहा सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि की कभी भी भरपाई नही की जा सकती इसलिए संयमित चले व सुरक्षित पहुचें। इस कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शीवेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली स्वर्ण सिंह, सुधा सिंह प्रधानाचार्या एसजेएस स्कूल बछरावां रायबरेली उपस्थित रहें।

# प्रभात फेरी निकाल कर समस्त शहीद प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

**अवधनामा संवाददाता**



आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**सुल्तानपुर।** आजाद समाज सेवा समिति द्वारा अदम्य साहस के प्रतीक आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती पर संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई।नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित नगर में स्थित समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में 26 पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान महादान कर नेता जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी रक्त कोष डॉ आरके मिश्रा, विभाग अध्यक्ष पैथोलॉजी प्रोफेसर डॉक्टर सुपर्णा दुबे ने किया। वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर सुपर्णा दुबे ने समिति के रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि जहां लोग रक्तदान करने से कतराते हैं वहीं आज के युवा रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं, यह बड़े गौरव की बात है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी रक्त कोष डॉ आरके मिश्रा ने कहा कि जिले की सबसे पुरानी इकलौती संस्था आजाद समाज सेवा समिति है जो आज तक समाज की सेवा में संपूर्ण निष्ठा के साथ काम कर रही है। जिनके सहयोग से आज तक खून के अभाव कोई भी मरीज दम नहीं तोड़ा है। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान ने बताया कि रक्तदान शिविर में में प्रमुख रूप से संस्था पदाधिकारी सुनील तिवारी, रजा अब्बास जैदी, मकसूद अंसारी, प्रवीण दीक्षित, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, मयंक पांडे, सर्वेश कुमार सिंह, प्रिंस यादव, दिनेश यादव, मोहम्मद वसीम खान, गिरीश कुमार तिवारी, अशोक कुमार सिंह, विभव सिंह, अमित शर्मा, अभिषेक सिंह, ऋषभ सिंह, अजय कुमार सिंह, अदनान खान, रूजदान खान, वीरेंद्र विक्रम सिंह, हर्ष प्रताप सिंह, आदर्श सिंह, नवदीप सिंह, प्रणव श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, शादाबखान, सहित कल 26 पदाधिकारी ने रक्तदान महादान कर नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारी ओमप्रकाश गौड, गिरीश तिवारी बब्लू, विजय यादव, बब्लू सिंह प्रधान, दिलीप सिंह,सर्वेश सिंह, ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि नेताजी आज भी देश वाशियो के दिलों में धड़कते हैं हमें उनके जीवन व विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख दुबेपुर प्रतिनिधि शेखर प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी रवि दुबे,मोहम्मद अहमद, मोईद खान, बीडीसी मसूद अहमद, वैभव श्रीवास्तव, मनोज, मनीष सिंह, बब्बन गाजी, राजेंद्र पटवा, शैलेंद्र रावत किशन चौरसिया, विनोदरावत, संतोष गुप्ता, राज बहादुर, अनिल सिंह, डवोकेट, अशोक तिवारी, प्रदीप, अनुजप्रताप सिंह, सरदार जेपीसिंह, सुरेशसोनी, अब्दुल मन्नान, डीबी सिंह, अजय सिंह डब्लू, शोहरत अली, जैनुल आब्दीन, आदि लोग शामिल रहे।

# चोरी के माल सहित वांछित अभियुक्त गिरफ्त में

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं. 19/2025 में वांछित चोर को 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस एवं चोरी किये गये 04 पशु (बकरी) बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं. 19/2025 धारा 305(ए) बी.एन.एस. थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद में वांछित अभियुक्त आजाद यादव पुत्र स्व. मिजाजीलाल यादव निवासी नई बस्ती जेबड़ा रोड़ कस्बा व थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद को मय 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं चोरी किये गये 04 पशु (बकरी) के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर अभियुक्त आजाद यादव को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. अनिल कुमार सिंह, उ.नि. महेन्द्र सिंह, उ.नि. रोहित तोमर, उ.नि. अरविन्द कुमार, का. 32 दीपक कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# हज़रत इमामी शाह के उर्स पर हुई क्विज़ प्रतियोगिता, 80 बच्चों ने लिया हिस्सा

मजार शरीफ के गुस्ल के बाद लंगर का भी हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के मोहल्ला गुलामअली पुरा में हज़रत इमामी शाह रहमतुल्लाह अलैह के मुबारक उर्स के मौके पर मिशन क़ादरी वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से एक शानदार क्विज़ मुकाबले का आयोजन किया गया। ये मुक़ाबला हज़रत सय्यद सालार मसऊद ग़ाज़ी रहमतुल्लाह अलैह की सीरतो किरदार पर आधारित था। इसमें 8 से 16 वर्ष की उम्र के 80 बच्चों और बच्चियों ने जोशो ख़रोश के साथ हिस्सा लिया। इस क्विज़ मुकाबले की चयनित परीक्षा 19 जनवरी को हुआ था बच्चों को 80 सवालों की तैयारी कराई गई थी, जिनमें से 40 सवाल इम्तिहान में पूछे गए। सवालात हज़रत सय्यद सालार मसऊद ग़ाज़ी रहमतुल्लाह अलैह की जिंदगी, उनकी बहादुरी, दीन के लिए उनकी ख़िदमात और सीरत पर था।

आज हज़रत इमामी शाह रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के दौरान नतीजों का एलान किया गया। बच्चों ने अपनी क़ाबिलियत और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। मुक़ाबले में अदीबा अंसारी ने पहला स्थान हासिल किया, अज़रा जावेद दूसरे स्थान पर रहीं और अतिया राशिद ने तीसरा स्थान हासिल किया। इनके अलावा तक़रीबन 80 बच्चों को अलग अलग इनामात और तोहफों से सम्मानित किया गया। आयोजक फ़ैयाज़ अहमद मुतवल्ली मस्जिद इमामी शाह सदर मिशन क़ादरी वेलफेयर सोसाइटी ने कहा कि इस मुक़ाबले का मक़सद बच्चों में इल्मी शौक़ और दीनी मालूमात को बढ़ावा देना था। इसके साथ ही बच्चों को लिखने और सोचने की सलाहियत को बेहतर बनाने पर ज़ोर दिया गया। उन्होंने इस आयोजन को बच्चों के लिए एक यादगार तअ़लीमी तजुर्बा बताया। वालिदैन और बच्चों ने इस आयोजन की खूब तारीफ की और इसे बच्चों की सलाहियतों को निखारने का बेहतरीन ज़रिया क़रार दिया। कार्यक्रम के अन्त में देश में खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआ की गई इसके बाद आयोजित लंगर में लोगों को रोटी और दाल का वितरण किया गया।

## सुल्तानपुर में घने कोहरे ने ओढ़ी चादर

**सुल्तानपुर।** जिले में मंगलवार रात से घने कोहरे ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आउटर से लेकर शहर के अंदर तक विजिबिलिटी शून्य हो गई है। रात 11 बजे से झमाझम गिरते कोहरे ने ठंडक को और बढ़ा दिया, जिससे शीतलहर ने ठिठुरन में इजाफा कर दिया है। कोहरे और सर्द हवाओं के चलते आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। खासतौर पर स्कूली बच्चों को ठंड के बीच स्कूल जाना दूभर हो गया है। सड़कों पर कोहरे की वजह से वाहन रेंगते नजर आए, वहीं दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। लोगों से अपील है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और गर्म कपड़ों का उपयोग करें। इसके साथ ही वाहन चालकों को धीमी गति से गाड़ी चलाने और फॉग लाइट का उपयोग करने की सलाह है।

## बस ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर, रेफर

**कूरेभार,सुलतानपुर।** प्रयागराज से अयोध्या राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर स्थित ग्राम सभा सेऊर मोड के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। बीती रात भीषण कोहरे के बाद भी सुलतानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार अज्ञात बस ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मारी। सूचना पर कूरेभार पुलिस ने मौके पर पहुंचार स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।दुर्घटना में घायल कूरेभार बाजार निवासी दो युवकों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। बाइक सवार दोनों घायल कूरेभार के लक्ष्मी मार्केट निवासी अजय कुमार अग्रहरि (32) वर्ष और कूरेभार कस्बा निवासी पिंटू सुदर्शन (24) वर्ष की हालत नाजुक बताई जा रही है। लखनऊ के ट्रामा सेंटर में घायल युवकों का इलाज चल रहा है।

# महिला कैदियों को किए शॉल वितरण

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** मिल्लत इमदाद सोसाइटी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में फिरोजाबाद की जेल में महिला कैदियों के शॉल वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें महिला कैदियों को कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान मिल्लत इमदाद सोसाइटी ने सोसायटी के अध्यक्ष सरवर हुसैन की अध्यक्षता में नगर की जेल की महिला कैदियों को कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उन सभी महिला कैदियों को कम्बल वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम के दौरान मिल्लत इमदाद सोसायटी की इस अनूठी पहल की प्रशंसा करते हुए जेलर राजेश कुमार पाण्डे ने कहा कि यह पहल न केवल जरूरतमंदों की पहल करती है बल्कि यह भी दिखाती है कि हमारे समाज में ऐसे भी लोग हैं जो दूसरों की मदद करने के लिए तैयार हैं। सोसाइटी हमेशा से ही जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए आगे रहती है, और यह कार्यक्रम इसका एक उदाहरण है। एक्सपोर्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौरव सजदेवा ने मिल्लत इमदाद सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और जेल अधीक्षक एके सिंह को आश्वस्त किया कि वे जेल में कैदियों की समस्याओं का समाधान करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने मिल्लत इमदाद सोसाइटी की प्रशंसा की और सरवर हुसैन की सराहना की। मिल्लत इमदाद सोसाइटी के अध्यक्ष सरवर हुसैन ने कहा कि हमारी सोसाइटी हमेशा लोगों की मदद और सामाजिक कार्यों के लिए आगे रहती है। हम शिक्षा और गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने गौरव सजदेवा जैसे लोगों का आभार व्यक्त किया जो हमेशा सोसाइटी के लिए सहयोग करते हैं। कार्यक्रम के इस अवसर पर जेल अधीक्षक ए.के. सिंह, जेलर राजेश कुमार पांडे, गौरव सजदेवा, सैयद हैदर अली, विकार हुसैन, नसीम अली रहे।

# सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर एसआरके में मानव श्रृंखला



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थान एसआरके (पी.जी.) कॉलेज में गुरुवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर एक विशाल मानव श्रंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक, कर्मचारी, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स तथा छात्र-छात्राओं से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सीरौठिया ने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुये कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए तथा चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें। तेज रफ्तार तथा गलत दिशा में वाहन नहीं चलाना चाहिए। वाहन चालते समय मोबाईल का प्रयोग भी नहीं करना चाहिए। सबसे अधिक सड़क दुर्घटनायें नशे व नींद के कारण होती है अतः शराब या नशे में कभी भी वाहन नहीं चलाना चाहिए। एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स ने नगर के विभिन्न चौराहों पर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया।

इस अवसर पर प्रो. रवि महेश्वरी, प्रो. रश्मि जैन, प्रो. संजीव मोहन शर्मा, प्रो. प्रशान्त अग्रवाल, पंकज भारद्वाज, प्रो. अमर प्रकाश, डॉ. एन. के. लवानियाँ, डॉ. उदारता, डॉ. अमित कुमार शर्मा, व्योमेश यादव, कृष्णदेव, डॉ. एच.पी. मालौनियाँ, रितु शर्मा, नित्य प्रकाश, डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. शहरयार अली, डॉ. लीना बंसल, डॉ. यशपाल सिंह, बृजेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र चौहान, डॉ. अखिलेश कुमार, सुखवीर सिंह, पवन तैनगुरिया, ब्रजमोहन सिंह, संतोष कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, भगवानदास आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं० | टीआरडी–01–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रैक्शन इंस्टालेशन स्ट्रक्चर पर बंदर को चढ़ने से रोकने के लिए मंकी प्रोन एरिया में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिबाइस को लगाने का कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹88,99,512/- ; बयाना राशि ₹1,78,000/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 24.02.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी–01–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 दिनांक 22.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 253/2025



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग, रायबरेली**

No. 56 / 2Lekha/2024 Date : 13 -01-2025

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, रायबरेली द्वारा विशेष परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी, डी, अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने सम्बन्धित नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रायबरेली | सेमरी सरेनी मार्ग (अ0जि0मा0) किमी0-11.900 से 12.900 | 7.00 | 0.70 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | रायबरेली | बरऊवा टिकरा सड़वा मार्ग(अ0जि0मा0) किमी0- 1, 2, 3, 7 व 9 | 18.10 | 1.81 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | रायबरेली | 1. गेंगासों मुख्य मार्ग से ग्राम बाजपेई सम्पर्क मार्ग 2. जनता बाजार से ग्राम गोगूमऊ शहीद स्थल सम्पर्क मार्ग 3. सराय बहेरियाखेड़ा भोजपुर मार्ग से पर्व तखेड़ा सम्पर्क मार्ग | 15.20 | 1.52 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | रायबरेली | 1. पूरे अमिलिहा से खानपुर सम्पर्क मार्ग 2. बैसवारा पी0जी0 कालेज से निराला नगर सम्पर्क मार्ग 3. शिवपुरी सम्पर्क मार्ग 4. निहस्था बरहा एवं ग्राम बेहटा के मध्य लोन नदी पर 7x6.00 मी0 आर0सी0सी0 लघु सेतु पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग का कार्य 5. खोटे का पुरवा से बैरुवा सम्पर्क मार्ग | 24.00 | 2.40 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 5 | रायबरेली | 1. खरगापुर सम्पर्क मार्ग 2. सेमरी सरेनी मार्ग किमी0-2 से सेमरी सम्पर्क मार्ग 3. लालगंज बेहटा सरेनी मार्ग से मदई खेड़ा सम्पर्क मार्ग पर 7x6.00मी0 स्पान आर0सी0सी0 लघु सेतु पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग का कार्य 4. मदईखेड़ा सम्पर्क मार्ग 5. महावीरखेड़ा सम्पर्क मार्ग 6. पूरे विश्राम सम्पर्क मार्ग | 21.50 | 2.15 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 6 | रायबरेली | 1. धूरेमऊ कहिंजर से खौंद सम्पर्क मार्ग 2. धूरेमऊ सपहनखेड़ा रामगांव विक्रमगंज सम्पर्क मार्ग | 28.00 | 2.80 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 7 | रायबरेली | 1. धूरेमऊ कहिंजर सम्पर्क मार्ग 2. रायबरेली लालगंज से हसनापुर सम्पर्कमार्ग | 21.50 | 2.15 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 8 | रायबरेली | 1. जगतपुर भिचकौरा से लटियारे बाबा मन्दिर स्थल के पास लोन नदी पर 7x6.00 मी0 स्पान आर0सी0सी0 लघु सेतु पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग 2. ग्राम ग्वालामऊ व नोखेराय का पुरवा मजरे बेहटा लोन नदी पर 3x 7.00 मी0 आर0सी0सी0 लघु सेतु पहुच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग | 15.50 | 1.55 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 9 | रायबरेली | 1. जगतपुर भिचकौरा किमी0-4 से झाबरहरदो पट्टी सम्पर्क मार्ग 2. बरदर से धनपालपुर रमईपुर कला सम्पर्क मार्ग 3. गुलाबसिंह का पुरवा सम्पर्क मार्ग 4. जगतपुर भिचकौरा सम्पर्क मार्ग | 17.70 | 1.77 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 10 | रायबरेली | एस0बी0बी0डी0 मार्ग से छिवलहा मथूरपुर वाया हमीरपुर सम्पर्क मार्ग | 22.70 | 2.27 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 11 | रायबरेली | 1. विसायकपुर से निसगर सम्पर्क मार्ग 2. मोहनपुर सम्पर्क मार्ग से जयगोपालगंज सम्पर्क मार्ग | 21.50 | 2.15 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 12 | रायबरेली | 1. सरेनी भोजपुर मार्ग से कटिकहा सम्पर्क मार्ग 2. सराय बहेरियाखेड़ा भोजपुर मार्ग से दुधवन होते हुए सराय खाण्डे सम्पर्क मार्ग | 21.50 | 2.15 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 13 | रायबरेली | 1. भूपगंज सैदापुर सम्पर्क मार्ग किमी0-2 से गौरा सम्पर्क मार्ग 2. रानीखेड़ा पूरनपुर मार्ग किमी0-3 से अलीपुर सम्पर्क मार्ग 3. भोजपुर ऊचगांव मार्ग किमी0-3 से हैबतपुर खुर्द सम्पर्क मार्ग | 20.70 | 2.07 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 14 | रायबरेली | 1. रानीखेड़ा मार्ग किमी0-2 से पूरनपुर सम्पर्क मार्ग 2. दुर्गा खेड़ा सम्पर्क मार्ग 3. एस0बी0बी0डी0 मार्ग किमी0-18 से चित्ताखेड़ा सम्पर्क मार्ग 4. बहादुरखेड़ा सम्पर्क मार्ग 5. निसगर से जगननाथपुर सम्पर्क मार्ग 6. मोहनपुर सम्पर्क मार्ग | 27.50 | 2.75 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 15 | रायबरेली | 1. पूरे बक्सन से भवानी सम्पर्क मार्ग 2. लालगंज डलमऊ से मुस्तफाबाद कान्हमऊ सम्पर्क मार्ग | 26.00 | 2.60 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 16 | रायबरेली | 1. बहाई पुलिस चौकी के बगल से मजहरपुर पहाड़ीपुर सम्पर्क मार्ग 2. मुशीगंज डलमऊ मार्ग से पूरे जबर (ममीरनपुर) सम्पर्क मार्ग | 23.50 | 2.35 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 17 | रायबरेली | 1. टी0-08 से (बेलहटा) से रौसी सम्पर्क मार्ग 2. जोहवा नटकी सम्पर्क मार्ग किमी0-2 से देवली सम्पर्क मार्ग 3. आम्बा सम्पर्क मार्ग | 25.00 | 2.50 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 18 | रायबरेली | 1. बी0बी0 रोड से रणगॉव सम्पर्क मार्ग 2. बी0बी0 रोड से बन्नाामऊ सम्पर्क मार्ग 3. रायबरेली लालगंज मार्ग से किमी0- 27.800 से लालगंज तहसील वाया तौधकपुर सम्पर्क मार्ग 4. पूरे जीत सम्पर्क मार्ग | 17.00 | 1.70 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 19 | रायबरेली | 1. पूरे राना सम्पर्क मार्ग 2. बी0यू0ए0 मार्ग से सोण्डासी सपर्क मार्ग 3. चांदा टीकर से रजौली सम्पर्क मार्ग 4. पूरे तिवारी सम्पर्क मार्ग 5. चन्देलनगर सम्पर्क मार्ग 6. पूरे दिरगत सम्पर्क मार्ग | 17.80 | 1.78 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 20 | रायबरेली | 1. लोन नदी के मध्य चकमलिक भीटी से खजूरगॉव सम्पर्क मार्ग 2. तेरुखा से देवन्ना सम्पर्क मार्ग 3. जोहवा नटकी से पूरे बख्तावरपुर आम्बा सम्पर्क मार्ग | 16.50 | 1.65 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 21 | रायबरेली | बहाई अम्बारा पश्चिम सम्पर्क मार्ग | 24.50 | 2.45 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 22 | रायबरेली | 1. कान्हा से बेलहनी सम्पर्क मार्ग 2. हींगामऊ से भवानीपुर सम्पर्क मार्ग 3. सुल्तानपुर जाला सम्पर्क मार्ग 4. गोलहाबाद सम्पर्क मार्ग 5. पूरे लाल साहब सम्पर्क मार्ग 6. पूरे अचाका सम्पर्क मार्ग | 27.00 | 2.70 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 23 | रायबरेली | बी0यू0पी0 मार्ग से बी 0एच0यू0 सम्पर्क मार्ग | 28.00 | 2.80 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 24 | रायबरेली | 1. ऐहार से बालेहश्वर मन्दिर सम्पर्क मार्ग 2. गौतमन सम्पर्क मार्ग 3. छज्जूपुर सम्पर्क मार्ग 4. चकपंचम सिंह सम्पर्क मार्ग 5. नरसिंहपुर सम्पर्क मार्ग 6. बकुलिहा सम्पर्क मार्ग | 27.00 | 2.70 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 25 | रायबरेली | 1. बिलग्राम-उन्नाव- इलाहाबाद मार्ग किमी0-149 से मटेहना सम्पर्क मार्ग 2. बी0यू0ए0 मार्ग से बक्ताखेड़ा सम्पर्क मार्ग 3. देवपुर रायबरेली से उन्नाव बार्डर सम्पर्क मार्ग 4. पूरे तुलसी सम्पर्क मार्ग | 20.50 | 2.05 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 26 | रायबरेली | 1. खीरों गुरुबक्शगंज तिवारिन का पुरवा मार्ग से कमालपुर सम्पर्क मार्ग 2. बी0बी0 रोड किमी0-203 से पूरे कुमेदान सम्पर्क मार्ग | 19.00 | 1.90 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 27 | रायबरेली | 1. सेवन से अजीतपुर सम्पर्क मार्ग 2. पुरवा ब्रान्च से नहर पटरी से सेहरामऊ नुनैरा सम्पर्क मार्ग | 17.60 | 1.76 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 28 | रायबरेली | 1. बछरांवा लालगंज मार्ग से ग्राम बहादुरगंज उगाभाद दीना का पुरवा से गणेशबक्शगंज का पुरवा से उगाभाद सम्पर्क मार्ग 2. सिंघई खेड़ा सम्पर्क मार्ग | 26.20 | 2.62 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 29 | रायबरेली | 1. चपरवनखेड़ा सम्पर्क मार्ग 2. शंकरपुर से पठई सम्पर्क मार्ग 3. गौनामऊ कैनाल पटरी सम्पर्क मार्ग | 21.90 | 2.19 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 30 | रायबरेली | 1. तरवा भरवा सम्पर्क मार्ग 2. हरदी सम्पर्क मार्ग 3. आर0जी0के0एस0 मार्ग किमी0-31 से रामपुर सम्पर्क मार्ग | 15.40 | 1.54 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 31 | रायबरेली | 1. परमल का पुरवा सम्पर्क मार्ग 2. बथुआखास सम्पर्क मार्ग 3. भीतरगा व सम्पर्क मार्ग 4. आर0जी0के0एस0 मार्ग से पूरे भीटी छोटी सरैया सम्पर्क मार्ग 5. पोरई चन्दवल सम्पर्क मार्ग | 27.80 | 2.78 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 32 | रायबरेली | 1. राजघाट कटघर मार्ग के किमी0-9 से पुरवा पिण्डौर सम्पर्क मार्ग 2. आर0जी0के0एस0 मार्ग किमी0-17 से मलिकमऊ चाैबारा से दुर्गा का पुरवा वाया पूरे अजराइल सम्पर्क मार्ग 3. मलिकमऊ चौबारा सम्पर्क मार्ग | 24.30 | 2.43 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 33 | रायबरेली | 1. उम्मीद का पुरवा होते हुए भीखी का पुरवा सम्पर्क मार्ग 2. बांदा-बहराइच मार्ग से बिल्हेमऊ सम्पर्क मार्ग 3. बी0बी0 रोड किमी0-193 से पिपरी सम्पर्क मार्ग 4. रजवापुर सम्पर्क मार्ग | 20.00 | 2.00 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 34 | रायबरेली | बी0बी0 रोड़ किमी0-193 से सुमेरपुर सम्पर्क मार्ग | 20.30 | 2.03 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 35 | रायबरेली | 1. बी0बी0 रोड़ किमी0-191 से स्वामीखेड़ा सम्पर्क मार्ग 2. आर0जी0के0एस0 मार्ग किमी0-10 से पूरे भीखी सम्पर्क मार्ग 3. आर0जी0के0एस0 मार्ग किमी0-14 से पोरई से शिवबक्श का पुरवा स0 मार्ग | 22.60 | 2.60 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 36 | रायबरेली | 1. आर0जी0के0एस0 मार्ग किमी0-23 से हुल्लापुर सम्पर्क मार्ग 2. आर0जी0के0एस0 मार्ग किमी0-16 से पूरे कोईलिया सम्पर्क मार्ग 3. पूरे भोलई का पुरवा सम्पर्क मार्ग 4. कुटी गोपालदास सम्पर्क मार्ग | 22.10 | 2.21 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |
| 37 | रायबरेली | 1. गौनामऊ किमी0-3 से ठकुराइ नखेड़ा सम्पर्क मार्ग 2. ऐंधी सम्पर्क मार्ग चैनेज 4.400 से पृथ्वीखेड़ा सम्पर्क मार्ग 3. बी0बी0 रोड से बखरी टेकहा सं0 मार्ग | 10.40 | 1.04 | 944.00 | 02 माह | निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. रायबरेली | लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि. लखनऊ |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में अंकित दरों में जी0एस0टी0 छोड़कर लगायी गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 25.01.2025 की पूर्वान्ह् 9:00 बजे से दिनांक 05.02.2025 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 05.02.2025 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 05.02.2025 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। तकनीकी निविदा खोलने की 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी। त्रुटिपूर्ण/नॉनक्वालिटेटिव अनावश्यक शिकायत पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा मे शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(प्रमोद कुमार सिंह राणा)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–2, लो.नि.वि.,
रायबरेली

UPID-226973 Dated-22-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुरुवार को सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया, तत्पश्चात विचार गोष्टी आयोजन हुआ। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक ओ डिसा संभाग, बंगाल प्रांत ब्रितानी भारत(वर्तमान के भारतीय राज) ओडिसा के कटक जिले में हुआ था। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी वह सबसे बड़े नेता थे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था, उनके द्वारा नारा दिया गयाक्कजय हिंदक्क्का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है, उन्होंने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जो उसे समय अत्यधिक प्रचलन में आया, भारतवासी उन्हें नेताजी के नाम से संबोधित करते थे। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने आगे कहा कि नेताजी ने 5 जुलाई 1947 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने सुप्रीम कमांडर (सर्वोच्च सेनापति) के रूप में सेना को संबोधित करते हुए दिल्ली चलो का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश और कॉमनवेल्थ सेना से बर्मा सहित एम्फाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया 21 अक्टूबर 1947 को सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थाई सरकार बनाई, जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली सहित 11 देशों की सरकारों ने सामान्य दी थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं व युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पद चिन्हो पर चलने के लिए प्रेरित किया। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनवार हुसैन, नरेंद्र कुशवाह, उत्तम सिंह प्रजापति, जिलाध्यक्ष महिला सभा सीमा यादव, वरिष्ठ नेता के के यादव, वृजवीर सिंह यादव लाला, प्रवक्ता /मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, जिलाध्यक्ष यूथ बिग्रेड नरेंद्र पाल, जिला सचिव प्रदीप सोनी, राजकुमार यादव, प्रवीन कुशवाह, श्रीमती शशि यादव, संत प्रकाश आर्य, वी के यादव, अमित कठेरिया, जिलाध्यक्ष सा.प्रकोष्ठ राजेंद्र निराला, जय चंद्र यादव, अंकुर यादव, अनुज यादव, महाशक्ति, शीलू यादव प्रधान, पप्पु पार्पट्टी, रेशु चौधरी, पुष्पेंद्र गोयल, ऋतिक दोहरे, हेमंत धनघर, आंनद गोयल, गिरेंद्र यादव, सोनू राठौर, राज तिवारी, मु.जहीर, प्रमेश कुशवाह आदि पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।

## आठ मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**हमीरपुर।** नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार व गीतांजली गर्ग सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि दिनांक 08.03.2025 दिन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, पुलिस चालानी वाद, लघु आपराधिक वाद, अन्तिम रिपोर्ट, 138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, भरण-पोषण वाद, श्रम वाद, विक्रय कर एवं आयकर सम्बन्धी वाद, सिविल वाद, किरायेदारी से सम्बन्धित वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, उत्तराधिकार वाद, विद्युत अधिनियम वाद, आरटीओ चालानी वाद, नगर पालिका से सम्बन्धित वाद, बांटमाप संबंधी वाद, रेलवे से सम्बन्धी वाद, वन विभाग से सम्बन्धित वाद, नहर विभाग से संबधित वाद, सेवा एवं पेंशन सम्बन्धी मामलें, प्राकृतिक आपदा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी मामले, मनोरंजन विभाग संबंधी मामले तथा आरबीट्रेशन के मामले अगामी लोक अदालत में निस्तारित कराये जा सकते है।

# सड़क सुरक्षा के लिए यातायाता नियमों के पालन को दिलायी गयी शपथ

**नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा बृहस्पतिवार को सोनभद्र नगर के हाईडिल मैदान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कि जयन्ती के अवसर पर सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का दीप प्रज्जवलित कर व सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर मार्ल्यापण कर किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं एवं जन सामान्य को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए कहा कि ''प्रतिज्ञा करते हैं कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षित यात्रा हेतु दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को बी0आई0एस0 मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगे व पहनायेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगायेगें, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे, तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेंगे, गलत दिशा में वाहन नहीं चलायेंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे, शराब पीकर या नशें की हालत में वाहन नहीं चलाएंगे, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे, घर पर बच्चे इंतजार कर रहे है, अतः मै सदैव सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाऊॅगा।' जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि इस वर्ष नवम्बर माह के बाद मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिए यातायात नियमों के पालन के लिए सभी को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में यातायात विभाग, एआरटीओ विभाग ने आज प्रयास करके यहां पर स्थानीय लोगों को के साथ मिलकर मानव श्रृंखला बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे स्वयं के साथ ही दूसरें में जागरूकता फैलाना है, जिससे खुद ही सुरक्षित चलें और दूसरे को भी सुरक्षा प्रदान करें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी छोटी से असावधानी से बड़ी-बड़ी दुर्घटनाऐं हो सकती है, इसलिए हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सड़क पर चलते समय हमेशा अपने साईड में ही चलना चाहिए।

# वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम कुटुम्ब- 2025 आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम कुटुम्ब 2025 का आयोजन बुधवार को विद्यालय प्रांगण में हुआ। आदित्य वन्दना के साथ आरम्भ हुए इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हिण्डाल्को संस्थान के प्रमुख समीर नायक, विशिष्ट अतिथि हिण्डाल्को मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह तथा हिण्डालको के अन्य गणमान्य अतिथि अजय कुमार सिन्हा, यशवन्त कुमार, भगवती प्रसाद शर्मा, सुनील पाण्डेय, शारदा प्रसाद सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल एवं उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसी क्रम में उप-प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की प्रस्तुति का आगाज बनारस की प्रसिद्ध गंगा आरती से हुआ तथा अंग्रेजी नाटक वन फैमिली, वन वर्ल्ड, वन सोल के साथ आगे बढा। सेमी क्लासिकल नृत्य ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। माइम द्वारा नारी सशक्तिकरण का चित्रण बेहद शानदार रहा साथ ही कवि दरबार ने इतनी धूम मचाई कि सभी दर्शक खड़े होकर ताली बजाने को विवश हो गए। भगवान गणेश को समर्पित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया तथा एकांकी चीफ की दावत ने वर्तमान सामाजिक परिदृष्य में माता-पिता की अहमियत का व्यंगात्मक चित्र प्रस्तुत किया।

## टूरिस्ट परमिट वाली स्लीपर बसें मौदहा से दिल्ली ढोती हैं सवारियां

**मौदहा।** कस्बे के बड़ा चौराहा से दिल्ली की ओर चलने वाली बसें अवैध रूप से टूरिस्ट परमिट पर धड़ल्ले से सवारियां ढो हो रही हैं। प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित विभाग की मेहरबानी से इन बसों की न तो कभी चेकिंग होती है और न ही इन पर कोई शिकंजा कसा जाता है। अवैध रूप से फर्राटा भरने वाली इन स्लीपर बसों में अधिक मुनाफा कमाने के चलते क्षमता से अधिक सवारियां भी ठूस ठूस कर भरी जाती हैं। सूत्रों के अनुसार मौदहा के बड़े चौराहा व समूरेपुर में अपने -अपने एजेंट बैठाकर टिकिट की बुकिंग की जाती हैं। लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से धड़ल्ले से बस अवैध रूप से मौदहा से दिल्ली सवारियां ढो रही है। सूत्रों का कहना है कि बस में सबसे अधिक अनियमितताएं रहतीं हैं। दिल्ली से आने वाला दो नंबर का सामान टैक्स चोरी कर इन्ही बसों में अवैध परिवहन होता है। बताया जाता है कि ट्रेवल्स की बसों में प्रतिबंध सामग्री की भी सप्लाई भी चालक की जानकारी में धड़ल्ले से होती है। मामले में एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने बताया कि प्रकरण को संज्ञान में लेकर स्लीपर बसों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# चिकित्सकों ने सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक



**सड़क सुरक्षा सामूहिक ज़िम्मेदारी : कुलपति**

अवधनामा ब्यूरो

**सैफई, इटावा।** उ. प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के इमर्जेसी एवं ट्रामा सेन्टर के सामने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर गुरुवार को मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फैकेल्टी, मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा पैरामेडिकल स्टूडेन्ट्स (इमर्जेसी एवं ट्रामा) ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पी. के. जैन ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा0 एस. पी. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के इमर्जेसी एवं ट्रामा सेन्टर में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस (आईआरएडी) की शुरूआत की जा चुकी है। इसमें किसी दुर्घटना से जुडे महत्वपूर्ण चार विभाग जिसमें पुलिस, परिवहन, राजमार्ग तथा स्वास्थ्य जुडे हुए हैं। दुर्घटना में घायल मरीज के आने पर अब विश्वविद्यालय के इमर्जेसी में आईआरएडी के माध्यम से पंजीकरण किया जायेगा। इससे इमर्जेसी में भर्ती दुर्घटना के घायल मरीजों को भविष्य में व्यापक सहूलियत होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पी. के. जैन ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करें। नशे में वाहन न चलायें, ओवर स्पीड से बचें। इसके साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीट बेल्ट जरूर लगायें। प्रतिकुलपति प्रो. (डा.) रमाकान्त यादव ने कहा कि चालक वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग कतई ना करें। निर्धारित गति सीमा का प्रयोग करें तथा तेज गति में वाहन न चलायें। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में आईआरएडी पंजीकरण के शुरू होने से दुर्घटना के सटीक कारणों की पहचान के साथ सही समय पर दुर्घटनाओं के घायलों को मदद पहॅुच सकेगी।

इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. (डा0) रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. एस. पी. सिंह, कार्यक्रम एवं आईआरएडी संयोजक डा. समीर गुप्ता, विभागाध्यक्ष आपातकालीन डा. प्रशान्त मिश्रा, डिप्टी एमएस इमर्जेसी डा. विश्वदीपक, इमर्जेसी मीडिया सेल डा. राजमंगल यादव, डा. अजय गुप्ता, डा. गोविन्द सिंह, ओपीडी प्रभारी डा. गणेश कुमार वर्मा, डा. नज्मुल इस्लाम, मुख्य नर्सिंग अधीक्षिका लवली जेम्स, कार्यक्रम संचालक डा. तनु शर्मा, मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा इमर्जेसी एवं ट्रामा स्टूडेन्ट्स पैरामेडिकल उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## 16 सूत्रीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने दिया सदर विधायक को ज्ञापन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आवाहन पर जिला अध्यक्ष प्रसाद अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापारियों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक सरिता भदौररिया को उनके निवास पर दिया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मांग की गई शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र की तरह प्रदेश के लगभग 40 लाख पंजीकृत व्यापारियों से चुनकर सभी 6 क्षेत्रों (अवध, काशी, ब्रज, गोरक्ष, कानपुर-बुंदेलखंड, पश्चिमी उ0 प्र0) से 6 विधान परिषद सदस्य चुने जाए आदि मांगे शामिल है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाहा जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा डॉक्टर हरिशंकर पटेल युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा लल्लू वारसी विकास शाक्य मोहम्मद उवैस बिजनेस शुक्ला अवधेश सिंह राठौड़ प्रवीण द्विवेदी सत्येंद्र कुशवाहा यामीन चौधरी अशोक कुशवाहा आकाश वर्मा राजा वारसी सत्यशील सोनी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## याद किये गये सुभाष चन्द्र बोस

**मौदहा।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती जो पूरे देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती इस अवसर पर नगर के स्टेशन रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर नेता जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया इसके बाद सभी लोगों को फल वितरित किए गए इस मौके पर समाज सेवी सैय्यद शहबाज अली ने नेता जी के विचारों से लोगों को अवगत कराया। आज के प्रोग्राम मे आसिफ शकील, विवेक चंद, रिजवान, शिवकली, सुनीता देवी, घनश्याम, रमाकांति आदि लोग उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गयी



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में दिनांक 23.01.2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर टाउनशिप परिसर में स्थित लेक पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी तथा आजाद हिंद फौज के सेनाध्यक्ष रहे नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधकगण, यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति रहें।

## सुपर स्पेशलिटी कैम्प और जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सुपर स्पेशलिटी कैम्प और जागरूकता सत्र का आयोजन किया।

इस कैम्प में दिल्ली अपोलो के विशेषज्ञों ने तीन प्रमुख विशेषज्ञता क्षेत्रों–ईएनटी, न्यूरोसर्जरी और गायनेकोलॉजी में परामर्श प्रदान किया। इस पहल से 60 से अधिक मरीजों को लाभ हुआ, जिनमें कर्मचारी और उनके परिवार के लोग शामिल थे। कार्यक्रम का उद्घाटन संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने किया, जिन्होंने एर्गोनॉमिक्स और आज के डिजिटल युग में अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अपोलो दिल्ली के वरिष्ठ डॉक्टरों ने एर्गोनॉमिक्स, पीठ और गर्दन के दर्द पर जानकारी दी। डॉ. गौरव त्यागी (न्यूरोसर्जन) ने इन मुद्दों पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. सुरेश (ईएनटी विशेषज्ञ) ने स्लीप एपनिया और मोबाइल व ईयरफोन के अधिक इस्तेमाल से होने वाली समस्याओं पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का आयोजन विंध्य चिकित्सालय, मानव संसाधन और क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान विभागों की संयुक्त कोशिशों से हुआ। डॉ. प्रतिमा महेन्द, वरिष्ठ विशेषज्ञ (विंध्या अस्पताल) ने समग्र दृष्टिकोण को उजागर करते हुए यह बताया कि इलाज के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और निवारक उपायों का महत्व है। कार्यक्रम में विंध्या अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों जैसे डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. दीपक डे, डॉ. प्रीतिश राज और डॉ. अंतोष कुमार के साथ-साथ अन्य अधिकारियों और महिला क्लब की सदस्याओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का समापन एक दिलचस्प प्रश्नोत्तरी सत्र से हुआ, जहां विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए।

## पानी की समस्या को लेकर दिया गया ज्ञापन



**मौदहा।** मौदहा नगर के वार्ड नंबर 5 व 22 के वार्ड वासियों ने पानी की समस्या को लेकर नगर के जलकल ऑफिस में दर्ज़नो लोगों ने पानी की पाइप लाइन के लिए जमकर नारेबाजी करते हुए अवर अभियंता एक ज्ञापन सौंपा जिसमें पाइप लाइन बिछवाने के साथ सबमर्सिबल लगवाने के लिए गुहार लगाई इस दौरान महिलाएं, बच्चे, खासे परेशान दिखे, इस मौके पर नगर के समाज सेवी सैय्यद शहबाज अली ने समस्या से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया ज्ञापन देने वालों में आसिफ, विवेकानंद शकील, रिजवान, रमाकांति, वंदना, अनुसूया, भवानीदेवी, शकुंतला, माया देवी, सुमन आदि लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस मनाये जाने हेतु रूप-रेखा की गयी निर्धारित

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ गत वर्ष की भाँति 26 जनवरी,2025 को प्रातःकाल 8.30 बजे सरकारी भवनों पर राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रगान के गायन के साथ ही संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे पुलिस परेड, पुलिस लाइन में सम्पन्न होगा। पुलिस लाइन में परेड का सम्पूर्ण कार्यकम भव्य रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल संयोजन में प्रारम्भ होगा। प्रातः 10.00 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान सामूहिक रूप से किया जायेगा। समस्त शिक्षण संस्थानों में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन अवश्य हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास बताया जाय और सशक्त सैन्य बलों के बलिदान का नमन करते हुए देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराए जाय, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। अपरान्ह 1: 00 बजे शहीद स्मारक ग्राम परासी दूबे एवं लोक निर्माण वि अतिथि गृह के सामने नेहरू पार्क में शहीदों की श्रद्धाजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर पालिका द्वारा कम से कम 04 मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेंगा। मलिन बस्तियों की भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, गणतंत्र दिवस के पूर्व नगर एवं ग्रामीण अंचलों के समस्त मलिन बस्तियों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। दिन में शिक्षण संस्थाओं में खेद-कूद साइकिल रेस दंगल आदि का आयोजन किया जाये। इस संबंध में खेल विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाये। क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया कि 26 जनवरी,2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर प्रात 09:15 बजे से तियरा स्टेडियम में कास कन्ट्री रेस आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जो भी प्रतियोगिता आयोजित की जाये उसमें सारगर्भित उद्बोधन किया जाये। इस मौके पर समस्त ग्राम प्रधानों को पत्र भेजकर सुनिश्चित कराएं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायतों में बैठक आहूत करते हुए ग्रामवासियों को आमंत्रित कर अपना सारगर्भित उद्बोधन दें। इसी प्रकार से समस्त शिक्षण संस्थानों में प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों के मध्य सारगर्भित उद्बोधन देते हुए संवैधानिक इतिहास तथा उसके विकास के बारें में अवगत कराया जाये। उन्होंने बताया कि जनपद में निवास करने वाले व्यक्ति अपने निजी भवनों व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर 25 व 26 जनवरी,2025 की रात्रि तक लाइटिंग कराएं। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा झण्डा लगाएं जिससे गणतंत्र दिवस के उल्लास का माहौल बन सके। राजकीय भवनों पर प्रत्येक दशा में दो दिन अर्थात 25 एवं 26 जनवरी 2025 को प्रकाश की व्यवस्था अवश्य करायी जाये।

# 207 जोड़ों नें एक दूसरे को बनाया जीवन साथी

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्तगत आज बीएनवी इंटर कालेज राठ के ग्राउंड पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिस मे 207 जोड़ों का सामूहिक विवाह सौहार्दपूर्ण माहौल में विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत व विशिष्ट अतिथि विधायक राठ मनीषा अनुरागी रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने नवविवाहित वर-वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य पंडाल में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारम्भ हुआ। विवाह कार्यक्रम में आए हुए जोड़ों को प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किया गया इस मौके पर नवविवाहित जोड़ो को अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की पुत्रियों का विवाह कराया जाता है, यह योजना बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो रही है। प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभपरक/ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है तथा उनको रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से समाज के अन्तिम छोर पर खड़े गरीब व्यक्ति तक लाभ पहॅुच रहा है। इसके अलावा इस विवाह समारोह में सभी लोगो का आपसी सामंजस्य एक-दूसरे के प्रति लगाव को दर्शाता है। जिसके तहत जनपद के विभिन्न धर्म तथा समुदाय के लोगों ने समारोह में हिस्सा लिया। उन्होनें योजना की तारीफ करते हुए कहा कि सामजिक समरसता की दिशा में यह योजना वरदान साबित होगी। अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीब एवं असहाय परिवारों की पुत्रियों का विवाह कराया जा रहा है। सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सभी समुदाय एवं धर्मो के रीति रिवाजों के अनुसार व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पहले के समय में लड़कियों की शादी करना माता पिता के लिये एक बड़ी जिम्मेदारी का कार्य होता था। जिसके लिये गरीब परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था। जिससे उनकी आर्थिक स्थति कमजोर हो जाती थी। समाज के हर पहलू को देखते हुए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवविवाहित वर-वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो, निराश्रित/निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के अंदर निवास करने वाले सभी समुदायों व वर्गो के व्यक्तियों के लिए संचालित है। गरीबी रेखा के नीचे निवास करने वाले परिवार जिनकी वार्षिक आय दो लाख (2,00000) रूपये से कम है वे सभी लाभ लेने के लिए अनुमन्य हैं। उन्होंने बताया कि योजनार्न्तगत प्रत्येक जोड़े पर रू0 51,000 का प्रावधान है। जिसमें संबंधित वधू पक्ष अर्थात कन्या को रू0 35,000 हजार की अनुदान राशि उनके स्वयं के बैंक खाते में अन्तरित की जाती है तथा रू0 10,000 में वधू पक्ष को विवाह हेतु सामग्री जैसे चांदी की पायल, बीछिया, डिनर सेट, कपड़े, कम्बल इत्यादि दिये जाते हैं।

# सड़क सुरक्षा हेतु जाकरूक करने के उद्देश्य से बनाई गयी लम्बी मानव श्रृंखला

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को मुख्य सचिव के आदेश दि 20.1.25 के अनुपालन में सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी करने के उद्देश्य से जनपद हमीरपुर में प्रातः 11:00 बजे रानी लक्ष्मीबाई तिराहे से महिला थाना तक 2.7 किलोमीटर लंबी सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनाई गई तथा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जनपद के सभी तहसीलों,ब्लॉक, सभी प्राथमिक, उच्चप्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों में हेलमेट, ट्रैफिक लाइट आदि की प्रतिकृति बनाते हुए सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनाई गई एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। मुख्य सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला में रानी लक्ष्मीबाई तिराहे से जेल तक सरदार पटेल विद्यालय के छात्र-छात्राएं,जेल से हरी गेस्ट हाउस तक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र, हरी गेस्ट हाउस से अवतार मैहर बाबा तक लॉर्ड बुद्ध स्कूल के छात्र छात्राएं, अवतार मेहर बाबा से वी मार्ट तक अवतार मेहर बाबा विद्यालय के छात्र, वी-मार्ट से स्टेडियम बाउंड्री तक महर्षि विद्या मंदिर के छात्र, स्टेडियम बाउंड्री से एसपी ऑफिस तक श्री विद्या मंदिर के छात्र छात्राएं, एसपी ऑफिस तिराहा से कलेक्ट्रेट गेट तक पुलिस लाइन स्टाफ, कलेक्ट्रेट गेट पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी गण, सीओ सदर, एआरटीओ प्रवर्तन, एआरटीओ प्रशासन, पीटीओ, डीआईओएस, बी एस ए, खनन अधिकारी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, एस एच ओ कोतवाली,सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यएवं समस्त कलेक्ट्रेट स्टाफ, पत्रकार बंधु नागरिक गण, पुनः रोडवेज तक पुलिस स्टाफ एवं रोडवेज स्टाफ एवं कलेक्ट्रेट स्टाफ पत्रकार बंधु व्यापार मंडल,रोडवेज गेट से पी डब्लू तक जीजीआईसी, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, आपूर्ति कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, व्यापारकर, विद्युत विभाग, नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी गण, PWD गेट से अमन शहीद तक जीआईसी स्कूल के छात्र, अमन शहीद से महिला थाना तक इस्लामी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएम योगी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

- नेता जी का व्यक्तित्व देता है राष्ट्र समर्पण की भावना
- हर भारतवासी के लिए प्रेरणादायी है नेता जी का व्यक्तित्व: मुख्यमंत्री योगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। उन्होंने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व ने आजादी के आंदोलन को एक नई दिशा दी थी। आज उनकी पावन जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर मनाई जा रही है। नेताजी को कोटि-कोटि नमन!।

इस मौके पर संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत माता के इस वीर सपूत ने अपने व्यक्तितव और कृतित्व से आंदोलन को एक नई दिशा दी थी। वर्ष 2021 में पीएम मोदी ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस मनाना शुरू किया। कहा कि नेता जी व्यक्तित्व से पूरे भारत को साहस प्राप्त होता है। सीएम ने आगे कहा कि भारत की आजादी के लिए नेता जी ने जो आह्वान किया था तुम मुझे खून दो... मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह युवाओं सहित हर देशवासी के लिए एक मंत्र बन गया था। इसका ऐसा असर हुआ कि ब्रिटिश हुकूमत



को नेता जी को नजरबंद और फिर कैद करना पड़ा।

सीएम योगी ने कहा उस समय सिविल सेवा में चयनित होने के बाद भी नेता जी ने राष्ट्र के लिए अपनी नौकरी की तिलांजलि दे दी। उस समय देश को प्लेग और सूखा सहित कई चुनौतियों से जूझना पड़ रहा था। उस विपत्ति के समय में कैसे राष्ट्रभावना जागृत की जाए, वह नेताजी ने करके दिखाया। उस अभियान से जुड़कर नेता जी ने युवाओं के अंदर देशभक्ति का भाव जागृत किया। सीएम ने कहा कि जनवरी महीने में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से लेकर नेता जी की जयंती तक का समय युवाओं के लिए बेहद प्रेरणास्पद है। हर जाति, मजहब, भाषा की विविधता से उपर उठकर राष्ट्र के प्रति समपर्ति होने की प्रेरणा नेता जी का व्यक्तित्व देता है। बताते चलें कि 23 जनवरी का दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# बाघ को सुरक्षित पकड़ने हेतु डॉक्टर्स की टीम निरन्तर निगरानी में रहेगी : डॉ. अरूण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परितवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरूण कुमार सक्सेना द्वारा आज प्रातः 10:00 बजे बाघ, वन्य जीव रेस्क्यू आपरेशन रहमानखेड़ा संस्थान, लखनऊ का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बाघ, वन्य जीव रेस्क्यू आपरेशन में स्थापित मचान, ट्रैपिंग केज, कैमरा ट्रैप, लाइव सीसीटी.वी कैमरा आदि का निरीक्षण किया एवं वन विभाग द्वारा सीआईएसएच कैम्पस में बने कमाण्ड सेण्टर और कन्ट्रोल रूम का भी अवलोकन किया गया। वन मंत्री जी ने बाघ रेस्क्यू आपरेशन की टीम को निर्देश दिये गये कि मानव-वन्य जीव संघर्ष की स्थिति न उत्पन्न होने पाये। इस हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम को और अधिक मजबूती प्रदान की जाए। बाघ को सुरक्षित पकड़ने हेतु मचान व डॉक्टर्स की टीम द्वारा निरन्तर निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा बनाये गये पोर्टेबल मचान एवं ओपन बेट की प्रक्रिया की सराहना करते हुए बाघ वन्य जीव को सुरक्षित रेस्क्यू करने हेतु निर्देशित किया। वन मंत्री ने प्रभावित गॉवो में समस्त जन-मानस से आग्रह किया गया कि सभी लोग बाघ मित्र बनकर वन विभाग की टीम को सहयोग प्रदान करें और वन विभाग द्वारा लगाये गये बैनर, होर्डिंग्स, पम्पलेट में दिये गये निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा बाघ के संबंध यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो बैनर, होर्डिंग्स, पम्पलेट में दिये गये नम्बरों पर तत्काल सूचित करें। वन मंत्री जी के निरीक्षण दौरान अनुराधा वेमुरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उ.प्र. एवं डॉ. रेणु सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, आकाशदीप बधावन, डी.एफ.ओ., बाराबंकी तथा सितान्शु पाण्डेय, डी.एफ.ओ., लखनऊ सहित बाघ रेस्क्यू आपरेशन के नोडल अधिकारी, चन्दन चौधरी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, मोहनलालगंज सहित उप प्रभागीय वनाधिकारी, लखनऊ हरी लाल व बाघ रेस्क्यू आपरेशन में लगे सभी टीम लीडर उपस्थित रहे।

## कंबल का किया वितरण



**लखनऊ।** बीबी फातिमा फाउंडेशन की टीम मोहम्मद अमान खान रफत खान और गुंचा खान ने कंबल वितरित किया। वर्धा आश्रम लखनऊ कैंट में वृद्धाश्रम है, वहां के लोग 65 के ऊपर रहते हैं। गुंचा खान बताती है कुरान और हदीस बुजुर्गों के साथ सम्मान और दयालुता से पेश आने के महत्व पर जोर देते हैं। यहां कुछ कुरान की आयतें और हदीसें दी गई हैं जो बुढ़ापे से संबंधित हैं-

**सूरह अल-इसरा:** 23 यह आयत लोगों को अपने बुढ़ापे के ज़ीफ़ का सम्मान करने और उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का निर्देश देती है, खासकर अगर वे बुजुर्ग हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि उन पर चिल्लाएं नहीं या उह न कहें।

## तलफ्फुज़ और हम में दिखी लखनऊ की तहज़ीब



**लखनऊ।** उ0प्र0 उर्दू अकादमी और तलहा सोसाइटी की ओर से दिलकुशा कॉलोनी में 'तलफ्फुज़ और हम' नाम से कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ज़ायक़ा-भाषा और लखनवी तहज़ीब पर चर्चा हुई। प्रो0 साबिरा हबीब ने तलफ्फुज़ सिखाने और सीखने पर ज़ोर दिया, वही हिमांशु वाजपेयी ने अपनी दास्तानगोई में लखवनी अंदाज़ की झलक दिखाई। उद्घाटन अयोजक कुलसुम तलहा, प्रो0 साबिरा हबीब और नवाब मसूद अब्दुल्ल्लाह ने केक काटकर किया। हिमांशु वाजपेयी के लखनवी किससे रहे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण। अपनी किस्सागोई में बताया कि लखनऊ ज़बान में नफासत-नज़ाकत, तहज़ीब और अदब जो दिखता है, वह कहीं और की ज़बान में वह नज़र नहीं आता, हमारा लखनऊ शेर शायरी और अमनपसन्दी की वजह से पूरी दुनिया में जाना जाता है। बैतबाज़ी का कार्यक्रम दर्शकों ने बहुत ही पसन्द किया जिसमें शेरों की अन्ताकक्षणी हुई, जिसमें कई कालेज के उर्दू विषय के छात्र-छात्रों ने हिस्सा लिया और उर्दू साहित्य के प्रसिद्ध शायरों के खुबसूरत शेर सुनायें। प्रो0 साबिरा हबीब ने उर्दू ज़बान को बोलने का सलीक़ा बताया। आयोजक कुलसुम तलहा ने बताया ये कार्यक्रम मशहूर पत्रकार ओसामा तल्हा की याद में हर साल किया जाता है।

**महिला क्रिकेट प्रदर्शनी मैच**

## उर्मिला सुमन और आर.पी.एस. ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से हुआ आयोजन



- विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया गया
- छाया यादव बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन और आर. पी. एस. चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व सांसद स्वर्गीय श्री राम पियारे सुमन की 10वीं पुण्यस्मृति के अवसर पर आलमबाग स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में महिला क्रिकेट प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने खेल भावना और महिला सशक्तिकरण का अनूठा संदेश दिया। 20-20 ओवर के इस रोमांचक मैच में टॉस जीतकर उर्मिला सुमन की टीम ने गेंदबाजी का फैसला किया। आर. पी. एस. चैरिटेबल ट्रस्ट ने 82 रन बनाए, जिसके जवाब में उर्मिला सुमन की टीम ने भी 82 रन बनाकर मैच को टाई कर दिया। सुपर ओवर के दौरान आर. पी. एस. ट्रस्ट ने 6 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मैच में छाया यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी और क्रिकेट किट से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को भी किट भेंट की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. राम पियारे सुमन जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार यादव (उप निदेशक, नगरीय परीक्षण एवं शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश) और गोल्फ टीम के कप्तान प्रेम प्रकाश ने महिलाओं के योगदान की सराहना की। डॉ. सुनील कुमार यादव ने कहा, महिलाओं की स्थिति में सुधार के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। संस्था प्रमुख रीता प्रकाश मणिकर्णिका ने कहा, महिला क्रिकेट ने समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलने का काम किया है। इस तरह के आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं। आयोजन में अतिथियों को गुलदस्तों के स्थान पर पौधे भेंट किए गए, जो पर्यावरण संरक्षण का एक सराहनीय संदेश था। संस्था सचिव राजन सुमन ने सभी सहयोगियों, अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह आयोजन स्व. राम पियारे सुमन जी के आदर्शों और सामाजिक योगदान को सम्मानित करने का एक प्रयास है। इस आयोजन में मुख्य रूप से विजय शंकर, नमिता पूजा, अजय, डॉ. विजय लक्ष्मी, ममता, श्रद्धा, हिमांशु, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह महिला क्रिकेट प्रदर्शनी मैच न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देने वाला आयोजन था, बल्कि स्व. राम पियारे सुमन जी के आदर्शों को भी सम्मानित करने का एक माध्यम बना।